सच, सिर्फ सच ** 
# वॉयस ऑफ लखनऊ
बुधवार, 17 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 252, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 595 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स करीब 595 अंक की बढ़त के साथ 82,380 .69 अंक पर बंद हुआ। } 14

## भारत को नशामुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश से सभी प्रकार के नशीले पदार्थों का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध है। } 16





## गोरखपुर में युवक की हत्या पर बवाल

- मौके पर पहुंचे एडीजी लॉ एण्ड ऑर्डर अमिताभ यश
- सम्बन्धित चौकी के सभी पुलिसकर्मी सस्पेंड

जिला संवाददाता

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में पिपराइच थानाक्षेत्र के मऊआचापी गांव में देर रात ग्रामीणों के साथ झड़प के दौरान पशु तस्करों ने कथित तौर पर एक युवक की हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान दीपक कुमार गुप्ता (20) के रूप में हुई है, जिसका रक्तरंजित शव गांव से करीब चार किलोमीटर दूर बरामद किया गया। परिजनों ने बताया कि दीपक मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहा था।

घटना में गंभीर लापरवाही सामने आने पर एसएसपी गोरखपुर राज करण नैय्यर ने कड़ी कार्रवाई करते हुए पिपराइच थाना क्षेत्र की जंगल दूषण चौकी में तैनात सभी पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एडीजी लॉ एण्ड आर्डर अमिताभ यश मौके पर पहुंच गये हैं। इसके अलावा एचटीएफ की कई टीमें जांच में लग गयी हैं। अमिताभ यश का कहना है कि स्थिति पर नियंत्रण कर लिया गया है, और जांच में जो भी दोषी पाया जायेगा उसके विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। ग्रामीणों के उग्र प्रदर्शन के चलते पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, और निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। गोरखपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ...शेष पृष्ठ 14 पर

## त्यौहारों से पहले दुरुस्त की जायें सभी सड़कें : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मानसून में बारिश के कारण खराब हुईं सड़कों की मरम्मत और आवश्यकतानुसार पुनर्निर्माण के लिए जारी कार्यवाही को तेज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि हाई-वे हों या एक्सप्रेस-वे, ग्रामीण सड़कें हों या नगरीय क्षेत्र की सड़कें, दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली और छठ जैसे आगामी प्रमुख पर्वों से पहले सभी महत्वपूर्ण मार्ग पूरी तरह अच्छी स्थिति में होनी चाहिए, ताकि आमजन को असुविधा न झेलनी पड़े। मुख्यमंत्री, मंगलवार को विभिन्न विभागों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में सड़कों की मररमत, गड्ढामुक्ति अभियान आदि की समीक्षा कर रहे थे।

बैठक में अधिकारियों ने गड्ढा मुक्ति अभियान की कार्ययोजना के संबंध में अवगत कराया कि प्रदेश की कुल 6,78,301 सड़कों (लंबाई 4,32,989 किमी) में से 44,196 किमी को



गड्ढामुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दिशा में औसतन 21.67 प्रतिशत प्रगति दर्ज हुई है। मुख्यमंत्री ने एनएचएआई, मंडी परिषद, पीडब्ल्यूडी, ग्राम विकास, ...शेष पृष्ठ 14 पर

### टीईटी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर समीक्षा याचिका दाखिल करेगी सरकार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग को सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य करने वाले उच्चतम न्यायालय के आदेश पर पुनर्विचार याचिका दायर करने का निर्देश दिया।

एक्स पर एक पोस्ट में, मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी ने लिखा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग के सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता पर माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश पर पुनर्विचार याचिका दाखिल करने का विभाग को निर्देश दिया है। इसमें कहा गया है, मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के शिक्षक अनुभवी हैं और समय-समय पर सरकार ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### आईसीसी ने ठुकरायी पीसीबी की मांग

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने यहां चल रहे एशिया कप के अधिकारियों के पैनल से मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की मांग मंगलवार को खारिज कर दी। पीसीबी ने आईसीसी को शिकायत दर्ज कराई थी कि पाइक्रॉफ्ट ने रविवार को एशिया कप मैच में टॉस के समय पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से हाथ नहीं मिलाने के लिए कहा था। आईसीसी के एक सूत्र ने बताया कल देर रात आईसीसी ने पीसीबी को जवाब भेजा था कि पाइक्रॉफ्ट को नहीं हटाया जाएगा और उनकी याचिका खारिज कर दी गई है। जिंबाब्वे के 69 वर्षीय पाइक्रॉफ्ट बुधवार को यूएई के खिलाफ पाकिस्तान के ग्रुप चरण के अंतिम मैच में रैफरी होंगे।

### घाटी में हथियारों का जखीरा बरामद

जम्मू। सुरक्षा बलों ने मंगलवार को यहां आर एस पुरा सेक्टर में अंतराष्ट्रीय सीमा पर हथियारों की तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया और एक मैगजीन तथा एक एके असॉल्ट राइफल बरामद की। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पुलिस द्वारा अरनिया में चलाए गए संयुक्त तलाशी अभियान में यह बरामदगी की गई।

# देहरादून में फटा बादल, 13 की मौत

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जेसीबी पर बैठकर घटनास्थल पर पहुंचे, राहत व बचाव कार्य का लिया जायजा

एजेंसी

देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून और उसके आसपास के इलाकों में मंगलवार को बादल फटने और रात भर हुई भारी बारिश से भीषण तबाही मची जिसमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गयी और 15 से अधिक लोग बह गए और 200 से अधिक लोग घायल हो गये हैं और 500 से अधिक लोग वभिन्न स्थानों पर फंस गए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज अपने जन्मदिन को भूलकर जेवीसी मशीन पर बैठकर आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और हालात का जायजा लिया। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री से फोन पर स्थिति की जानकारी ली और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया





सबसे दर्दनाक हादसा नन्दा की चौकी के पास आसन नदी में हुआ। यहां खनन कार्य में लगे करीब दस मजदूर तेज बहाव में फंस गए। मजदूरों ने खुद को बचाने के लिए ट्राली का सहारा लिया, लेकिन नदी की प्रचंड लहरें ट्राली समेत उन्हें बहा ले गईं। इस हादसे में आठ मजदूरों की मौत की पुष्टि हुई है। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय के अनुसार सहस्त्रधारा, मालदेवता, संतला देवी और डालनवाला आपदा से सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। सहस्त्रधारा में 192 मिमी, मालदेवता में 141.5 मिमी, हाथी बरकला और जॉली ग्रांट में 92.5 मिमी और कालसी में 83.5 मिमी बारिश हुई। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय ने बताया कि कई सड़कें, मकान और दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं तथा मंगलवार तड़के एक पुल बह गया। शहर के विभिन्न हिस्सों में मूसलाधार पानी में पांच लोग बह गए और 584 लोग फंसे हुए हैं। बारिश के बाद जूयादातर नदियां उफान पर हैं। तमसा नदी जिसके किनारे प्रसिद्ध टपकेश्वर मंदिर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ऑपरेशन सिंदूर में मारा गया था मसूद का परिवार : जैश

इस्लामाबाद। जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने पहली बार माना है कि उसके सरगना मौलाना मसूद अजहर के परिवार के कई सदस्य ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमले में मारे गए।

जैश के कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह कहता है कि 7 मई को बहावलपुर में भारत की कार्रवाई में अजहर के परिवार के लोगों के टुकड़े-टुकड़े हो गए, उनका कीमा बन गया था। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में हमला किया था। ऑपरेशन के दौरान बहावलपुर समेत पाकिस्तान के अंदर नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। बहावलपुर में हुए भारतीय हमले में मसूद के परिवार के 10 लोग मारे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विजय विश्वास पंत लखनऊ के नये मंडलायुक्त

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक बार फिर प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 16 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादले कर दिए हैं। लखनऊ की मंडलायुक्त रोशन जैकब को भी हटा दिया गया है। इसके साथ ही कई मंडलायुक्तों का तबादला किया गया है। लखनऊ के साथ ही प्रयागराज और बरेली के मंडलायुक्त बदल दिए गए हैं। यूपी में नए मुख्य सचिव एसपी



- रोशन जैकब को सचिव, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग व आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन बनाया

गोयल के आने के बाद आईएएस अफसरों का पहला तबादला है। गोयल ने 31 जुलाई को कार्यभार संभाला था। हालांकि इसके बाद वह बीमारी के कारण लंबी छुट्टी पर भी चले गए थे। कुल 16 आईएएस अफसरों का तबादला किया गया है। इनमें 10 महिला आईएएस अधिकारी हैं।

सरकार की ओर से जारी की गई सूची के मुताबिक वरिष्ठ आईएएस विजय विश्वास पंत को लखनऊ का नया मंडलायुक्त बनाया गया है। लखनऊ की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कैसरबाग मछली मंडी में पेड़ गिरा, एक की मौत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कैसरबाग मछली बाज़ार में मंगलवार दोपहर अचानक एक पीपल का पेड़ उखड़ कर गिर गया और उसके नीचे दबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (चौक) राज कुमार सिंह ने बताया, कैसरबाग मछली बाजार में एक पेड़ गिरने से पांच व्यक्ति उसके नीचे दब गए। इनमें से





एक की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायलों को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान लखनऊ के त्रिवेणीनगर निवासी रामू देवनाथ (70) के ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन, टूर्नामेंट को अंतर्राष्ट्रीय बनाने का लक्ष्य : विराज सागर दास

# सतीश महाना ने खिलाड़ियों को दी लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा













फोटो अमित वर्मा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी में किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने अतिथिगण को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि सतीश महाना ने अपने आशीर्वचन में खिलाड़ियों को मछली की आंख की तरह अपने लक्ष्य पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी, जिससे वे खेल की दुनिया में अपनी पहचान बना सकें। उन्होंने यह भी कहा कि जीतने पर आपके माता-पिता... शेष पृष्ठ 14 पर

# सड़क सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का दायित्व : विराज सागर दास

## बीबीडीयू में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, सड़क पर लापरवाही जीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा : एसीपी यातायात







विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू), लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा राइड वाइज, स्टे सेफ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन मंगलवार को किया गया। यह कार्यक्रम आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड के सहयोग से और त्रिगुणा - द साइंस ऑफ लिविंग के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप के अध्यक्ष विराज सागर दास गुप्ता मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। युवाओं को आगे बढ़कर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी चाहिए। हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे छोटे-छोटे कदम जीवन बचाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। त्रिगुणा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं संस्थापक आदर्श गुप्ता ने कहा कि राइड वाइज, स्टे सेफ अभियान युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रभावी प्रयास है। इस प्रकार के रोड सेफ्टी बूटकैम्प समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित एसीपी ट्रैफिक पुलिस लखनऊ इन्द्रपाल सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन हर नागरिक की जिम्मेदारी है। सड़क पर लापरवाही जीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसके श्रीवास्तव ने की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं बल्कि जीवन रक्षा का मूल मंत्र है। इस अवसर पर प्रो वाइस चांसलर प्रो. एससी शर्मा ने कहा कि युवाओं को सड़क पर जिम्मेदार नागरिक की तरह व्यवहार करना चाहिए ताकि वे स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरों की भी रक्षा कर सकें।

डीन स्टूडेंट वेलफेयर एवं चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसएमके रिजवी ने कहा कि सड़क सुरक्षा का पालन न केवल स्वयं की बल्कि दूसरों की जान की भी सुरक्षा है। एनएसएस के स्वयंसेवक इस संदेश को समाज तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. प्रभाश चंद्र पाठक ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करना प्रत्येक छात्र का दायित्व है। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक और नृत्य प्रस्तुत कर जागरूकता फैलायी, जिसे सभी ने सराहा। अंत में प्रो. प्रभाश चंद्र पाठक ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों को धन्यवाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में सभी एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे और उन्होंने सड़क सुरक्षा जागरूकता को समाज में फैलाने का संकल्प लिया।

# संतकबीर के नाम पर यूपी में स्थापित होंगे वस्त्र व परिधान पार्क: योगी

## 50 एकड़ भूमि पर विकसित होगा पार्क, सहायक इकाइयों व सीईटीपी की होगी अनिवार्यता, युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार सृजन बनेगा योजना का मुख्य लक्ष्य

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र में निजी निवेशकों की बढ़ती रुचि को देखते हुए विभिन्न जिलों में वस्त्र एवं परिधान पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया है।

मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पारंपरिक हथकरघा और वस्त्र उत्पादों की समृद्ध धरोहर वाला राज्य है, जिसकी क्षमता का सही उपयोग होने पर प्रदेश को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी नई पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वस्त्र एवं परिधान का वैश्विक बाजार वर्ष 2030 तक 2.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है और भारत इसमें 8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ते देशों में है। ऐसे परिदृश्य में उत्तर प्रदेश की भागीदारी इस क्षेत्र में निर्णायक सिद्ध हो सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित योजना को महान संत कबीर के नाम पर समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संत कबीर ने अपने जीवन दर्शन में श्रम, सादगी और आत्मनिर्भरता को सर्वोपरि माना और यही भाव इस योजना का आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस योजना के माध्यम से निवेश, उत्पादन और रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ परंपरा और आधुनिकता का संतुलन स्थापित होगा। बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार, वर्तमान में उत्तर प्रदेश देश के शीर्ष वस्त्र एवं परिधान निर्यातक राज्यों में शामिल है। वित्त वर्ष 2023-24 में प्रदेश से लगभग 3.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ, जो देश के कुल वस्त्र एवं परिधान निर्यात का लगभग 9.6 प्रतिशत है। इस क्षेत्र का प्रदेश की जीडीपी में 1.5 प्रतिशत योगदान है, जबकि राज्य में प्रत्यक्ष रोजगार पाने वाले लगभग 22 लाख लोग इससे जुड़े हैं। वाराणसी, मऊ, भदोही, मिजार्पुर, सीतापुर, बाराबंकी, गोरखपुर और मेरठ जैसे पारंपरिक क्लस्टरों ने उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय परिधान मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है।

अधिकारियों ने बताया कि निवेश सारथी पोर्टल पर अब तक वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र से जुड़े 659 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों के लिए लगभग 1,642 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। कुल निवेश मूल्य 15,431 करोड़ रुपये आंका गया है और इसके फलस्वरूप लगभग 1,01,768 रोजगार अवसर सृजित होने का अनुमान है। प्रत्येक पार्क न्यूनतम 50 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा और इनमें प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना अनिवार्य होगी। साथ ही बटन, ज़िपर, लेबल, पैकेजिंग और वेयरहाउस जैसी सहायक इकाइयों के विकास की भी व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेश प्रस्तावों को शीघ्र गति से क्रियान्वित करने के लिए भूमि की पहचान और विकास कार्य को तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि योजना का क्रियान्वयन सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल अथवा नोडल एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा, ताकि निवेशकों को समयबद्ध और सुगम सुविधाएं प्राप्त हों। सरकार की ओर से पार्कों तक सड़क, विद्युत और जलापूर्ति जैसी आधारभूत सुविधाएं प्राथमिकता पर उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार सृजन को इस योजना का मुख्य लक्ष्य बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत कबीर वस्त्र एवं परिधान पार्क योजना न केवल निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलेगी बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक वस्त्र एवं परिधान मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान भी दिलाएगी। बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री ने पॉवरलूम बुनकरों की उत्पादन लागत कम करने, आय बढ़ाने और परंपरागत वस्त्र उद्योग को नई मजबूती देने के उद्देश्य से बुनकरों के साथ संवाद करने के निर्देश दिए।

## अयोध्या में रोड लाइट से संबंधित कार्य के लिए 3308.12 लाख रुपये मंजूर

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद अयोध्या में रोड लाइट व्यवस्था संबंधी कार्य के लिए 3308.12 लाख रुपए मंजूर किए हैं। मंजूर की गई धनराशि जनपद अयोध्या के जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जनपद अयोध्या को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से जनपद अयोध्या के नगर निगम अयोध्या के 15 वार्डों में रोड लाइट व्यवस्था से संबंधित कार्य कराया जाएगा।

## राज्यमंत्री असीम अरुण के निर्देशन में छात्रवृत्ति प्रक्रिया में हुए सुधार

लखनऊ। छात्रवृत्ति प्रक्रिया को और अधिक सरल, सुगम और त्रुटि-रहित बनाने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग द्वारा मंडलीय कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को बरेली मंडल मुख्यालय स्थित इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए बरेली शहर के महापौर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण विभाग असीम अरुण के नेतृत्व में छात्रवृत्ति प्रक्रिया में जो नीतिगत और तकनीकी सुधार किए जा रहे हैं, वे सराहनीय हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि छात्रों को आवेदन पत्रों की त्रुटियों को ठीक करने हेतु एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया जाए। कार्यशाला में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के पोर्टल में किए गए संशोधन, नई समय-सारिणी और व्यवस्थाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया।

# मुख्यमंत्री आवास योजना- ग्रामीण की पात्रता की श्रेणी मे सपेरा व जोगी जाति शामिल : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना- ग्रामीण की पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी मे सपेरा (सपेरिया)- विमुक्त जाति व जोगी जाति (अन्य पिछड़ा वर्ग) को भी कराया गया शामिल कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद मथुरा की 13 ग्राम पंचायतो मे सपेरा (सपेरिया)- विमुक्त जाति के लोग रह रहे हैं, जो आर्थिक रूप से अत्यन्त कमजोर हैं।

- **मुख्यमंत्री आवास योजना- ग्रामीण में अब तक 3.73 लाख से अधिक परिवारों को मिला पक्का घर**

विमुक्त जातियो की सूची मे मथुरा के साथ जनपद प्रयागराज एवं सहारनपुर मे भी सपेरा (सपेरिया)-विमुक्त जाति के पाये जाने का उल्लेख है। बताया गया है कि जनपद कानपुर देहात के विकास खण्ड-मैथा मे जोगी जाति (अन्य पिछड़ा वर्ग) के निर्धन परिवार है, जिनकी संख्या लगभग 200 है। चेरो - अनुसूचित जन जाति (सोनभद्र एवं



वाराणसी जनपद मे) को मुख्यमंत्री आवास योजना- ग्रामीण मे पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी मे पहले ही सम्मिलित किया जा चुका है, किन्तु जनपद चन्दौली मे चेरो, अनुसूचित जाति के अन्तर्गत आते हैं, इन परिवारो की संख्या लगभग 250 है, उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य द्वारा इन्हे भी मुख्यमंत्री आवास योजना- ग्रामीण की पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी मे सम्मिलित किया गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के अंतर्गत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में दैवीय आपदा एवं विशेष कठिनाई से अच्छादित बेघर, जीर्ण,-शीर्ण आवास वाले और कच्चे घरों में रह रहे गरीब परिवारों को निशुल्क आवास उपलब्ध कराने का प्राविधान किया गया है, इसके साथ ही समय-समय पर समाज की अति पिछड़े एवं कमजोर वर्ग/जाति, जो विशेष कठिनाई में जीवन यापन कर रहे हैं, उनको जीवन योजना के अंतर्गत पात्रता श्रेणी में सम्मिलित किया जाता रहा है। मुख्यमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के अन्तर्गत प्राथमिकता श्रेणी मे पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष) को सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा आज से मनायेगी सेवा पखवाड़ा

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक भाजपा विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा मनाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मुजफ्फरनगर तथा राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह फिरोजाबाद में बुधवार 17 सितम्बर को सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित रहेंगे।

राजधानी लखनऊ के जीपीओ पार्क में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री सुरेश खन्ना के साथ करेंगे। जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रदेश सरकार के मंत्री, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहित सांसद, विधायक, सभी जनप्रतिनिधि, आयोग निगम बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्य एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता सम्मिलित होंगे। प्रदेश महामंत्री श्री गोविन्द नारायण शुक्ल ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाकर भाजपा रक्तदान शिविर, स्वच्छता कार्यक्रम, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, नमो मैराथन, वोकल फॉर लोकल तथा चित्रकला प्रतियोगिताओं सहित सेवा कार्यों के साथ ही सामाजिक सरोकार से जुड़ते हुए विभिन्न कार्यक्रम करेगी। बुधवार 17 सितम्बर को राजधानी लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उदघाट्न होगा। इसके साथ ही जिला स्तर पर रक्तदान शिविर तथा स्वच्छता के कार्यक्रम भी आयोजित किए जायेंगे। वहीं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों में प्रधानमंत्री का उद्बोधन सीधे प्रसारण के द्वारा होगा। गोविन्द नारायण शुक्ल ने बताया कि बुधवार 17 सितम्बर को सेवा पखवाड़ा के तहत सेवा ही संगठन के संकल्प के साथ आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्यप्रताप शाही देवरिया, स्वतंत्र देव सिंह प्रयागराज, एके शर्मा जौनपुर, धर्मपाल सिंह आंवला, योगेन्द्र उपाध्याय कानपुर, लक्ष्मी नारायण चौधरी अलीगढ़, असीम अरूण कन्नौज, दयाशंकर सिंह अयोध्या, संदीप सिंह एटा, विजय लक्ष्मी गौतम संतकबीरनगर, दिनेश प्रताप सिंह कौशाम्बी, सतीश शर्मा अमेठी, संजय गोंड चंदौली, कपिल देव अग्रवाल बिजनौर, सुनील शर्मा गाजियाबाद जिला, नरेन्द्र कश्यप हापुड़, ब्रजेश सिंह गौतमबुद्धनगर, सोमेन्द्र सिंह तोमर मुरादाबाद महानगर, दारा सिंह चौहान मऊ, दयाशंकर मिश्र दयालु बलिया, जसवंत सैनी बागपत, अध्यक्ष यूपी सिडको वाईपी सिंह सहारनपुर में सेवा कार्यों में सहभागिता करेंगे।



# 100 साल पुराना पेड़ धराशायी, मकान व दुकान ध्वस्त

## घटनास्थल पर पहुंचे डिप्टी सीएम, महापौर, सपा विधायक, कमिश्नर, नगर आयुक्त व ज्वाइंट कमिश्नर, घायलों का चल रहा इलाज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में सोमवार की रात से मंगलवार की सुबह तक हुई बारिश के बाद बड़ा हादसा हो गया। कैसरबाग थाना क्षेत्र के तहत आने वाली मछली मंडी में मंगलवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब बारिश के चलते एक विशालकाय पीपल का पेड़ अचानक से नीचे गिर गया। इस दौरान पेड़ की चपेट में आने से एक घर की दीवार, टीन शेड और कुछ दुकानें दब गई, जिसके नीचे पांच लोग दब गए। आनन-फानन में मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही तत्काल कैसरबाग थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। हादसे की जानकारी होने पर पुलिस, फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ और नगर निगम की टीमें मौके पर पहुंचीं। पेड़ इतना विशाल था कि उसे हटाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब और नगर आयुक्त गौरव कुमार भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और राहत अभियान का जायजा लिया। इसके बाद राहत-बचाव का काम शुरू हुआ। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि चार लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान रामू देवनाथ( 70 ) के तौर पर हुई है, जो कि शिवलोक त्रिवेणीनगर थाना अलीगंज के रहने वाले थे। घायलों में मछली मोहल्ला कैसरबाग निवासी मो. रिजवान पुत्र इब्राहम उम्र 25 वर्ष, मो. शोएब पुत्र मो. आलिम उम्र 27 वर्ष, मो. अरमान रसूल पुत्र मो. अनीस उम्र 34 वर्ष तथा अभिषेक यादव पुत्र रूपलाल यादव उम्र 25 वर्ष निवासी-बहलिया थाना मलिहाबाद का उपचार कराया जा रहा है। घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मछली मंडी में हुए हादसे के तुरंत बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक घटनास्थल पर पहुंचे और राहत- बचाव कार्य में जुटे अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों से बातचीत भी की और घटना के बारे में पूरी जानकारी हासिल की। डिप्टी सीएम घायल को देखने के लिए बलरामपुर अस्पताल भी पहुंचे। यहां उन्होंने घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि चारों घायलों की हालत खतरे से बाहर है। जिला प्रशासन, नगर निगम और वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि पूरे जिले में पुराने पेड़ों को चिन्हित करें एवं उन्हें नियमानुसार हटाने की प्रक्रिया शुरू करें, ताकि इस तरह से हादसों को पुनरावृत्ति न हो।

### जड़ समेत गिरा पीपल का पेड़, मकान, दुकान धराशायी

- प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यहां पीपल का विशाल वृक्ष खड़ा था, जो एक मकान की नींव से सटा था। पेड़ के जड़ समेत उखड़कर गिरने से मकान भी उसकी चपेट में आकर ढह गया। पेड़ काफी विशाल था और कम से कम से 100 साल पुराना बताया जा रहा था। जब ये गिरा तो दूसरे मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। मनोज और लाला के घर पर पेड़ गिरा है। हादसे से मुहल्ले में चीख-पुकार मची है। पीड़ितों के घरवाले बिलखने लगे। उधर, स्थानीय पुलिस-प्रशासन पेड़ काटकर दबे हुए लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया। इस हादसे ने मुहल्लेवालों को झकझोर दिया है। किसी को इस बात का अंदेशा नहीं था कि इतना पुराना पेड़ इस तरह से ढह जाएगा।



### मेयर व सपा विधायक के बीच नोकझोंक

घटना की जानकारी होने पर मौके पर सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा व मेयर सुषमा खर्कवाल भी पहुंचीं। इस दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विधायक ने इस हादसे के लिए नगर निगम को जिम्मेदार ठहराया तो मेयर ने कहा नगर निगम की कोई लापरवाही नहीं है। पहले लोगों को मदद करिए। इस दौरान दोनों पक्षों के समर्थक भी आपस में भिड़ गए।

### सांसद प्रतिनिधि और पीआरओ पहुंचे सरकारी सहायता का आश्वासन दिया

हादसे की जानकारी रक्षामंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह को होने पर उन्होंने अपने प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. राघवेन्द्र शुक्ल को तुरन्त घटना स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिये। इसके साथ ही यथा सम्भव मदद करने का आदेश भी दिया। दिवाकर त्रिपाठी एवं डॉ. राघवेन्द्र शुक्ल तुरन्त घटना स्थल पहुंचे। पीड़ित परिवारों से भेंट कर उनको यथासम्भव सहयोग देने का आश्वासन दिया। क्षेत्रीय नागरिकों की मांग पर पीड़ित परिवार को रहने के लिए एक प्रधानमंत्री आवास एवं उनके मकान के पुनर्निर्माण के लिए सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त वहां निर्मित एक सुलभ शौचालय का तुरन्त संचालन करने के लिए डॉ. राघवेन्द्र शुक्ल ने नगर आयुक्त से वार्ता की एवं विधवा बेटी की बच्ची के स्कूल फीस माफ कराने का आश्वासन दिया।

### गिरने की कगार पर 100 साल पुराना सांडर्स भवन

मौके पर मौजूद स्थानीय निवासियों की ओर से कुछ अन्य जर्जर भवनों की भी नाजुक स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा गया कि यह भी कभी भी गिर सकते हैं। इसी स्थल के बगल में 100 साल से अधिक पुराना सांडर्स भवन भी दिखाया जो वर्षों से बन्द है और जर्जर हो चुका है। निवासियों ने चिंता जताई कि यह भी कभी गिर सकता है और समस्त बस्ती में इसी तरह के अनेकों बड़े-बड़े पेड़ मकानों से सटे हुए और दीवारों से लगे हुए दिखाये। जिनके तुरन्त सुरक्षित ढंग से कटाये जाने की आवश्यकता है, नहीं तो कभी भी गिरने से दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति हो सकती है। उन्हें आश्वस्त किया गया कि सांसद रजनाथ सिंह की ओर से सभी कार्य तुरन्त कराये जाने के लिए जिलाधिकारी से तुरन्त वार्ता की गयी, उन्होंने सभी संबंधित विभागों को यथोचित कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया।

■ **मकान की मरम्मत की वजह से कमजोर हुईं जड़े :** लोगों ने हादसे की वजह पेड़ की जड़ों को कटना बताया लोगों ने हादसे की वजह जड़ों के कटने को बताया। इलाके के लोगों के अनुसार शेखू और दिनेश सोनकर हाल ही में मरम्मत का काम करा रहे थे। मकान की नींव और पिलर डालने के दौरान पीपल के पेड़ की कई जड़ें कट गई थीं। इसी वजह से पेड़ कमजोर हो गया और मंगलवार को अचानक धराशायी हो गया।

■ **मंगलवार ने बचायी कई की जान :** पेड़ मछली मंडी की तरफ गिरा। मंगलवार होने की वजह से मंडी में सामान्य दिनों के मुकाबले भीड़ काफी कम थी। इसी वजह से बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि यह पेड़ किसी और दिन गिरता तो दर्जनों लोग इसकी चपेट में आ सकते थे। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि हादसा अचानक हुआ। हम लोगों ने जोर की आवाज सुनी और तुरंत भागकर बाहर आ गए। लेकिन कुछ लोग नहीं निकल पाए। अगर मंगलवार को मंडी बंद न होती तो नुकसान बहुत बड़ा हो सकता था। नगर निगम और प्रशासन ने मंडी में लगे अन्य पेड़ों और आसपास की जर्जर इमारतों की भी जांच कराने का आदेश दिया है।



### नगर निगम सर्वे के लिए वन विभाग को लिखेगा पत्र

इस हादसे के बाद नगर निगम की ओर से वन विभाग को पत्र लिखा जाएगा। गंगा राम गौतम ने कहा कि खतरनाक पेड़ों का सर्वे करने के लिए अनुरोध किया जाएगा। इसके बाद खतरनाक व गिरने की स्थिति वाले पेड़ों को हटाने के लिए वन विभाग से कार्रवाई करने को कहा जाएगा। इस हादसे में नगर निगम की ओर से कोई लापरवाही नहीं है। निगम की टीम केवल पुलिस के बुलावे पर मौके पर मदद के लिए पहुंची थी।

### बड़ी संख्या में 100 साल से ज्यादा पुराने पेड़

शहर के पुराने इलाके में और गोमती नदी किनारे सबसे प्राचीन 100 साल से अधिक पुराने पेड़ चिह्नित किए गए हैं। इनमें चौक, दुबग्गा, सहादतगंज, कुड़ियां घाट, चंद्रिका देवी मंदिर के पास का घाट, एनबीआरआई में सौ साल पुराने पेड़ हेरिटेज एडाप्ट योजना में डाले गए हैं। इनमें अधिकांश पेड़ पीपल और बरगद और नीम के है। पूर्व में इन्हें ध्वस्त करने की योजना थी, स्थानीय लोगों के विरोध और पेड़ों के धार्मिक महत्व के चलते इन्हें एडाप्ट किया गया है। खतरनाक पेड़ों को जिला प्रशासन से अनुमति लेकर काट दिया जाता है।

### टार्च और मोबाइल की रोशनी के सहारे सफाई

मौके पर वन विभाग और नगर निगम की टीमें देर रात तक मौजूद रहीं, लेकिन कामकाज अव्यवस्थित ढंग से होता रहा। सबसे बड़ी समस्या मार्ग प्रकाश और बिजली विभाग की नजर आई। स्थिति यह रही कि रात होते ही पेड़ की कटाई का कार्य टार्च और मोबाइल की रोशनी के सहारे किया गया। बिना पर्याप्त लाइट की व्यवस्था के काम होता रहा।

### मकानों की छतों पर उगे पीपल के पेड़, बन रहे खतरा

नगर निगम के उद्यान विभाग के उपनिदेशक गंगाराम गौतम ने बताया कि जांच में सामने आया है कि यह पेड़ एक मकान की छत पर ही उग आया था। लंबे समय से मकान की देखरेख नहीं की गई और न ही पेड़ को हटाया गया। इस वजह से मंगलवार को अचानक पेड़ गिर गया। गौतम ने बताया कि कैसरबाग इलाके में कई इमारतों की छतों पर ऐसे ही बड़े-बड़े पेड़ खड़े हैं। धार्मिक मान्यताओं के चलते कोई इन्हें काटता नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह के पेड़ नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में नहीं आते, बल्कि यह वन विभाग के अंतर्गत आते हैं। वन विभाग से अनुमति मिलने पर ही कार्रवाई कर सकता है।

### मृतक के परिजन को 20 लाख रुपये की सहायता और घायलों को 5 लाख रुपये देने की मांग

कांग्रेस के पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि नगर निगम की घोर लापरवाही ने मंगलवार को एक और निर्दोष की जान ले ली। कैसरबाग स्थित मछली मंडी इलाके में एक जर्जर इमारत से सटे पुराने पेड़ के अचानक गिर जाने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास की इमारतें भी खस्ताहाल हालत में खड़ी हैं। इसके बावजूद नगर निगम ने न तो कोई सर्वे कराया और न ही कार्रवाई की। लोगों का आरोप है कि निगम केवल कागजों में सर्वे और रिपोर्ट का ढिंढोरा पीटता है, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। यदि समय रहते प्रशासन ने जिम्मेदारी निभाई होती तो आज एक परिवार का चिराग बुझने से बच सकता था। कांग्रेस नेता ने कहा नगर निगम की आपराधिक लापरवाही का परिणाम है। मुकेश सिंह चौहान ने मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को रोजगार दिए जाने की मांग की। साथ ही, घायलों को 5-5 लाख रुपये की मदद प्रदान करने की माग की।

## मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर एलडीए के तीन अफसरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता अजीत सिंह, जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह और सहायक चकबंदी अधिकारी ज्ञानेंद्र शुक्ला को चेतावनी जारी की गई है। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव की ओर से इन तीनों अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। अधिकारियों ने शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण नहीं किया। नतीजतन शिकायतकर्ता ने असंतोषजनक फीडबैक दिया और मामला सी श्रेणी में दर्ज हो गया। शासन स्तर पर यह स्थिति बेहद निंदनीय मानी जाती है क्योंकि इससे विभाग की मासिक रैंकिंग पर प्रतिकूल असर पड़ता है। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने नोटिस में कहा है कि अफसरों की लापरवाही के कारण एलडीए की छवि धूमिल हुई है और शासन की मंशा पर पानी फेरा गया है। पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण सबसे उच्च प्राथमिकता पर होना चाहिए, लेकिन अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। मुख्यमंत्री पोर्टल पर बार-बार लापरवाही गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर आने वाली शिकायतों को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता माना जाता है। बार-बार यह निर्देश जारी किए जाते हैं कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्ता युक्त होना चाहिए। बावजूद लगातार लापरवाही सामने आ रही है।

## एलडीए ने 100 झोपड़ियों को हटाकर खाली करायी नजूल भूमि

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को हजरतगंज में अभियान चलाकर लगभग डेढ़ लाख वर्गफिट नजूल भूमि से अवैध कब्जा हटाया। बालू अड्डा के पास बटलरगंज मोहल्ले में स्थित उक्त बेशकीमती भूमि पर पिछले कई वर्षों से अवैध रूप से सौ से अधिक झोपड़ियां बसा दी गई थीं। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर नजूल व प्रवर्तन अनुभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए 80 से अधिक अवैध अतिक्रमण हटाकर जमीन खाली करवायी।

एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि बालू अड्डा के पास बटलरगंज मोहल्ले में स्थित नजूल भूखण्ड संख्या-38, 39, 40 वर्ष 1987 में नूर सहकारी समिति को लीज पर आवंटित किया गया था। समिति द्वारा स्थल पर किसी भी प्रकार का कोई निर्माण एवं विकास कार्य नहीं कराया गया और स्थल पर अवैध कब्जे हो गये। लीज अवधि समाप्त होने पर समिति के पक्ष में किये गये आवंटन को निरस्त कर दिया गया। जिसके बाद जमीन पर अनाधिकृत रूप से काबिज अवैध कब्जेदारों को हटाने की कवायद शुरू की गयी। इस क्रम में स्थल पर मुनादी कराते हुए सभी अवैध कब्जेदारों को जगह खाली करने का पर्याप्त समय दिया गया। मंगलवार को नजूल अधिकारी प्रभाकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची नजूल व प्रवर्तन अनुभाग की संयुक्त टीम ने अवैध कब्जों के विरूद्ध अभियान चलाया।



- नूर सहकारी समिति को आवंटित नजूल भूमि पर पिछले कई वर्षों से था अवैध कब्जा

तहसीलदार हेमचन्द्र तिवारी ने बताया कि 02 जे0सी0बी0, 05 डम्पर व 05 टैक्टर-ट्राली की मदद से अवैध अतिक्रमण हटाये गये। स्थल पर लगभग 80 झुग्गियां एवं टीन शेड के अस्थायी स्ट्रक्चर थे, जिनमें कब्जेदारों द्वारा फर्नीचर, कबाड़, फैब्रिकेटर आदि का व्यवसाय किया जा रहा था। अभियान के दौरान इन सभी अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करके जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। खाली करायी गयी भूमि का क्षेत्रफल लगभग 01 लाख 59 हजार वर्गफिट है।

### 04 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

शहर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को एलडीए ने गुड़म्बा क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान 04 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी विराग करवरिया ने बताया कि गुड़म्बा के ग्राम-भाखामऊ में अक्षय मिश्रा, इमरान, हकुमद्दीन व अन्य द्वारा चार अलग-अलग स्थानों पर लगभग 18,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन टीम ने ध्वस्त कर दिया।


**लखनऊ नगर निगम**
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
वेबसाइट : https://lmc.up.nic.in, ई-मेल : nnlko@up.nic.in

संख्या : 136/मु0अ0/2025-26 दिनांक : 16.09.2025

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

नगर निगम, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 30.09.2025 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 29.09.2025 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेण्डर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय, लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता नगर निगम लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 30.09.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता हैं तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लांट एवं ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू. में) | धरोहर धनराशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% GST | कुल निविदा मूल्य (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजाबिजली पासी-2 वार्ड के अन्तर्गत सरवननगर में फूलचन्द्र के मकान के बगल से डा. इकबाल के मकान तक नाली व इ.ला.का कार्य। | 293583.00 | 29358.00 | 2 माह | 294.00 | 53.00 | 347.00 |
| 2 | राजाबिजली पासी-2 वार्ड के अन्तर्गत रहीमाबाद नई बस्ती मे मनोज यादव के बगल से सौरभ तिवारी के घर तक नाली व सी.सी. सडक का निर्माण का कार्य। | 652757.00 | 65276.00 | 2 माह | 653.00 | 118.00 | 771.00 |
| 3 | राजाबिजली पासी-2 वार्ड के अन्तर्गत मो. शान्तिनगर मे दया अहूजा के मकान के सामने से केशवकुन्ज गेट से होते हुए सक्सेना जनरल स्टोर से मधुरेश कुमार राजवंशी के मकान तक नाली व कुछ भाग में टाइल्स द्वारा सुधार कार्य। | 438677.00 | 43868.00 | 2 माह | 439.00 | 79.00 | 518.00 |
| 4 | राजाबिजली पासी-2 वार्ड के अन्तर्गत मो. शान्तिनगर मे सूरज के मकान के सामने से अरूण कुमार के मकान के सामने तक नाली व सी.सी. सडक का निर्माण कार्य। | 343267.00 | 34327.00 | 2 माह | 343.00 | 62.00 | 405.00 |
| 5 | राजाबिजली पासी-2 वार्ड के अन्तर्गत मिश्रा कालोनी मे आयुष सिंह के मकान के सामने से अनुराग के मकान के सामने होते हुए गिरीश शुक्ल के मकान तक नाली एवं सी. सी. सडक का निर्माण कार्य। | 546190.00 | 54619.00 | 2 माह | 546.00 | 98.00 | 644.00 |
| 6 | राजाबिजली पासी-2 वार्ड के अन्तर्गत संजीत यादव के मकान से सुभाष के मकान के सामने होते हुए रामबाबू के मकान के सामने तक नाली व इ.ला. टाइल्स लगाने का कार्य। | 474732.00 | 47473.00 | 2 माह | 475.00 | 86.00 | 561.00 |
| 7 | राजाबिजली पासी-2 वार्ड के अन्तर्गत बिजनौर मे यूनिवर्सल स्कूल के सामने गली मे शशिकान्त मकान तक नाली व इ.ला. का कार्य । | 435571.00 | 43557.00 | 2 माह | 435.00 | 78.00 | 513.00 |
| 8. | राजाबिजली पासी-2 वार्ड के अन्तर्गत रहीमाबाद मे लवकुश पाल के मकान से विजय कुमार के मकान के तक नाली व इ.ला. का कार्य । | 265606.00 | 26561.00 | 2 माह | 265.00 | 48.00 | 313.00 |

शर्ते :- 01. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश सं0 3890/नौ-5-19-149 सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा)

02. शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176 (सा.)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू. 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्या 692/23-07-2024 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी.ओ.क्यू.) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से आधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिंग/RTGS/NEFT/डयूली प्लेज्ड FDR/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।

03 कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

04. 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।

05 किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा।

06 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/ बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**


## वर्ष 2017 से 2021 के बीच ई-चालान अब खत्म, पोर्टल पर भी नहीं दिखेंगे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** परिवहन विभाग ने वर्ष 2017 से वर्ष 2021 के बीच हुए ई-चालानों को खत्म करने का निर्णय लिया है। कर वसूली वाले चालान इस छूट के दायरे में नहीं आएंगे। ये चालान अब पोर्टल पर डिस्पोज्ड-एबाटेड (यदि मामला कोर्ट में था) और क्लोज्ड-टाइम-बॉर (यदि कार्यालय में लंबित था और समय-सीमा निकल चुकी) के रूप में दिखेंगे। इसके साथ ही इन चालानों की वजह से फिटनेस, परमिट, वाहन ट्रांसफर, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट बनने में अवरोध नहीं होगा। चालान बकाया होने पर ये काम नहीं हो पा रहे थे। 30 दिन में पूरा हो जाएगा यह काम परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि ई-चालान खत्म करने की यह प्रक्रिया 30 दिन में पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद वाहन मालिक पोर्टल पर अपने चालान की स्थिति देख सकेंगे। वर्ष 2017 से 2021 के बीच अवधि के ये चालान अब बकाये के रूप में नहीं दिखेंगे। विभाग ने यह भी साफ किया कि यह प्रक्रिया बकाया चालान को खत्म करने की है। अगर किसी ने इन अवधि का भुगतान कर दिया है तो उसकी धनराशि वापस नहीं होगी। 30 लाख से ज्यादा ई-चालान खत्म होंगे परिवहन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2017 से 2021 के बीच 30.52 लाख ई-चालान हुए थे। इनमें 17.59 लाख चालान का निस्तारण पहले ही हो चुका है। वर्तमान में 12.93 लाख चालान लंबित थे। इन लंबित चालानों में 10.84 लाख कोर्ट और 1.29 लाख कार्यालय स्तर पर लम्बित थे। इन सभी का डिजिटल निस्तारण तय समय में पूरा कर लिया जाएगा। परिवहन आयुक्त ने बताया कि कर वाले मामले, गंभीर अपराध, दुर्घटना और आईपीसी से जुड़े मामले छूट के दायरे में नहीं आएंगे। ऐसे चालान केवल कर कानून के तहत ही निस्तारित होंगे। इसमें मदद के लिए हेल्पलाइन 149 अथवा संबंधित आरटीओ व एआरटीओ से सम्पर्क किया जा सकता है।

## केन्द्रीय जांच एजेंसी को विवेचना सौंपने पर आज हाईकोर्ट करेगी विचार

**लखनऊ, विधि संवाददाता।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मकदूमपुर में बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति के नाम पर बड़े पैमाने पर भूखंडों का समायोजन कर बेंच देने के मामले में अब तक की जांच व कार्यवाही से घोर असंतुष्टि जतायी है। न्यायालय ने मामले की बुधवार को सुनवायी नियत करते हुए, स्पष्ट किया है कि वह विवेचना किसी केन्द्रीय जांच एजेंसी से कराए जाने पर निर्णय लेगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। याचिका में मांग की गयी थी कि वर्तमान चुनी हुई कार्यकारिणी को काम करने दिया जाय, साथ ही कालातीत हो चुकी कार्यकारिणी को काम करने से रोका जाय।

याचिका पर सुनवायी के दौरान न्यायालय ने पाया कि उक्त समिति का गठन एससी-एसटी वर्ग के हित के लिए किया गया था जिसे सरकार द्वारा जमीनें दी गई थीं। आरोप है कि पिछली कार्यकारिणी ने समिति के कई सदस्यों को नियमों के विपरीत जाकर बहुत अधिक जमीन आवंटित कर दी, यही नहीं कई ऐसे लोगों को भी जमीनें दी गयीं जो एससी-एसटी वर्ग के नहीं थे। मंगलवार को सुनवायी के दौरान अपर महाधिवक्ता प्रितीश कुमार ने न्यायालय को बताया कि चूंकि मामला एक करोड़ रुपये से अधिक का है इसलिए जांच की जिम्मेदारी ईओडब्ल्यू को दी गई है। कहा गया कि घटनास्थल की जांच की जा चुकी है, 10 सितंबर को ईओडब्ल्यू ने संज्ञान लिया है तथा 14 सितंबर को मामले से जुड़े दस्तावेजों को तलब करने के लिए सम्बंधित व्यक्तियों को नोटिसें जारी की गई हैं। इस पर न्यायालय ने असंतुष्टि जताते हुए कहा कि उक्त कार्यवाही से विवेचना अधिकारियों द्वारा विवेचना में ढील बरतना साफ जाहिर हो रहा है, मामले में गबन और धोखाधड़ी के आरोप हैं, ऐसे में घटनास्थल का मुआएना करना समझ से परे है, यहाँ तक कि आवश्यक दस्तावेज पहले से रिकॉर्ड पर होने के बावजूद उन्हें तलब करना उलझाने वाली बात है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# डीजीपी ने जीआरपी के पोस्टर व बैनर का किया अनावरण

## रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और जन-जागरूकता के लिए पोस्टर व बैनर को किया तैयार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डीजीपी राजीव कृष्ण ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय लखनऊ में रेलवे यात्रियों की सुरक्षा एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा तैयार किए गए स्टीकर, पोस्टर एवं बैनर का अनावरण द्वारा किया गया।

इस अवसर पर एडीजी रेलवेज प्रकाश डी. तथा आईजी रेलवेज मोदक राजेश डी. राव उपस्थित रहे। जनजागरूकता सामग्री का मुख्य उद्देश्य रेलवे स्टेशन एवं ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों को सुरक्षा संबंधी जानकारी, सतर्कता के उपाय तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद प्राप्त करने हेतु यूपी-112 हेल्पलाइन एवं राजकीय रेलवे पुलिस की उपयोगिता से अवगत कराना है।

राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा तैयार किए गए स्टीकर, पोस्टर एवं बैनर रेलवे परिसर, स्टेशनों तथा यात्री डिब्बों में लगाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक यात्रियों तक सुरक्षा संबंधी संदेश पहुँच सके। इन संदेशों में विशेष रूप से यात्रा के दौरान सावधानी बरतने, संदिग्ध वस्तु अथवा व्यक्ति दिखने पर तुरंत सूचना देने एवं राजकीय रेलवे पुलिस से सहायता प्राप्त करने की अपील की गई है।

डीजीपी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा किः यात्रियों की सुरक्षा केवल पुलिस की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। जीआरपी एवं यूपी-112 चौबीसों घंटे यात्रियों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। एडीजी रेलवेज ने कहा कि यह अभियान यात्रियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा तथा अपराध नियंत्रण एवं दुर्घटना की रोकथाम में भी सहायक सिद्ध होगा। राजकीय रेलवे पुलिस का यह प्रयास रेलवे यात्रियों को एक सुरक्षित एवं सहज वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान जनजागरूकता के प्रथम चरण के रूप में संचालित किया जा रहा है। इसकी सफलता के उपरांत जीआरपी द्वारा रेल यात्रियों की सुरक्षा और जागरूकता के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाए जाएंगे।

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने पर होगी कार्रवाई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** धनतेरस, दीपावली, नवरात्र, दशहरा, पर सौहार्द बनाए रखने के लिए कमिश्नर रोशन जैकब और पुलिस महानिरीक्षक तरुण गाबा ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मंडल के जिलाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में निर्देश दिया कि सोशल मीडिया जैसे एफबी, इंस्टा, एक्स या व्हाट्सएप आदि पर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों से सख्ती से निपटा जाए। कमिश्नर ने साथ ही निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा के पंडाल सड़कों पर न लगाए जाएं। बिजली के ढीले तारों को ठीक किया जाए और सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। जुलूस के मार्गों पर मेडिकल टीम, एंबुलेंस, पानी के टैंकर और प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो। महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए और इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। मंडलायुक्त ने चेतावनी दी कि व्हाट्सएप, फेसबुक या किसी ड्डी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ड्डामक टिप्पणी करने या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मंडल के सड्डी जिलाधिकारी और पीडब्ल्यूडी, जलकल, विद्युत विड्डाग जैसे संबंधित विड्डागों के अधिकारी वर्चुअली उपस्थित रहे। कमिश्नर ने सड्डी अधिकारियों को त्योहारों के दौरान सतर्क रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी लगातार अपने-अपने क्षेत्रों का ड्डामण करें और जो ड्डी कमियां दिखाई दें, उन्हें तुरंत दूर किया जाए।

# दो चोर गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद, भेजे गये जेल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**नगराम।** नगराम के अब्बास नगर में रविवार की रात चौकीदार देवी दीन के घर हुई चोरी के मामले में नगराम पुलिस द्वारा दो चोरों को गिरफतार कर चोरी किया गया माल बरामद कर लिया गया है। पकड़े गये आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।दोनों पड़ोस के गांव अहमदपुर आजम अली पट्टी खेड़ा के रहने वाले हैं। एक ने अपना नाम सतीश दूसरे ने संजय उर्फ बबलू बताया। दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार मंगलवार को दोनों चोरी का माल बेचने जा रहे थे। छतौनी पुलिया के पास पुलिस के हत्थे चढ़ गये। रविवार की रात नगराम के अब्बास नगर निवासी चौकीदार देवीदीन के घर में घुसकर चोरों ने बक्से का ताला तोड़ कर उसमें रखे जेवरात, तीन ठप्पे व एक ठप्पे सोने की माला , एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक अदद चांदी की करधनी, एक अदद चांदी की अंगूठी, एक जोड़ी पायल, पांच जोड़ी बिछुआ, व एक हजार नगदी पार कर दिया था थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि चोरी का माल बेचने के लिए झोले के अंदर रखकर दोनों पैदल ही जा रहे थे। पुलिस को देख पीछे मुड़कर कर भागने लगे। शक होने पर दबोच लिया गया।चोरी में गयी नगदी दोनों ने खर्च कर दिया ।बाकी सभी जेवरात बरामद कर ली गई है । गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# अपहरण की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस, घर पर मिली लड़की

माल लखनऊ। राजधानी के माल थाना क्षेत्र के एक गांव से एक पिता ने पुलिस को मंगलवार को लगभग ग्यारह बजे सूचना दी कि एक अज्ञात कार सवार मेरी बीस वर्षीय बेटी का अपहरण कर ले गया है।सूचना माल पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पुलिस ने मोबाइल से लोकेशन ट्राई की तो लोकेशन एक किलोमीटर की दूरी पर दलथंभा गांव बताता रहा। पुलिस दलथंभा गांव में लड़की को खोजती रही लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। इस बीच एसीपी मलिहाबाद सुजीत दुबे भी घटना स्थल पर पहुंच गये। उन्होंने भी टीम के साथ काफी प्रयास किया लेकिन कोई सफलता हासिल नहीं हुई। इसी बीच लड़की ने घर में अपनी बहन को फोन कर बताया कि मुझे पंचायत घर पर डाल गए हैं। पुलिस परिवार जनों के साथ पंचायत घर पर पहुंची, सब जगह खोज की लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला।इसी बीच घर से फोन आया कि वह अपहृत लड़की घर में आ गयी है। तब जाकर पुलिस ने चैन की सांस ली।लड़की से जुड़े होने के चलते पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की न ही घर वालों ने किसी कार्यवाही की पहल ही की।पुलिस लगभग पांच घंटे हलकान रही।इसके बाद सकून की सांस ली।

## बेखौफ चोरों ने बनाया एक घर को निशाना

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक घर को अपना निशाना बना डाला। सरोजनी नगर के अमौसी बाजार निवासी अमन गोस्वामी के घर बीती रात करीब दो बजे चोरी की घटना घटित हुई । चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए। उस वक्त घर के सभी सदस्य सो रहे थे। घर के अंदर घुसे चोरों ने अंदर रखी अलमारी से रियलमी 9 प्रो मोबाइल और कुछ नकदी रुपये चुरा लिए। मोबाइल की कीमत 15,254 रुपये है। इसके अलावा 20 हजार रुपये की नकदी भी चोरी हो गए। सुबह जागने पर परिवार को चोरी की घटना का पता चला। पीड़ित ने सरोजनी नगर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अब पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरों का पता लगाने में जुटी है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले नीट अभ्यर्थी को मदेयगंज पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवती के साथ तीन वर्ष तक लिवइन में रहा। इसके बाद शादी करने से मना कर जान से मारने की धमकी देने लगा। शादी के नाम पर अक्सर टालमटोल कर जाता। कुछ दिन पहले उसने एहसान पर शादी के लिए दबाव बनाया। इस पर वह शादी करने से मना कर गालियां देने लगा। विरोध पर एहसान उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। इंस्पेक्टर मदेयगंज के मुताबिक एहसान को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पीड़िता ने मंगलवार को मुकदमा दर्ज कराया कि खदरा के अवध वाटिका निवासी एहसान अंसारी नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। तीन वर्ष पहले एहसान से उसकी मुलाकात हुई। आरोपी एहसान ने शादी का झांसा देकर उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। तीन वर्ष तक वह उसके साथ लिवइन में रही। इस दौरान एहसान ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया।

## रोड पर बाइक-स्कूटी की टक्कर, दो घायल

लखनऊ। राजधानी के मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में रायबरेली रोड पर एक मोटरसाइकिल और स्कूटी की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहन चालक घायल हो गए। घटना सोमवार देर रात हुई। मोटरसाइकिल के चालक अतुल शर्मा वृंदावन के रहने वाले हैं। स्कूटी चालक चेतन सिंह चौहान आलमबाग के निवासी हैं। दोनों घायलों को एम्बुलेंस से ट्रॉमा सेंटर द्वितीय पीजीआई पहुंचाया गया जहां दोनों भर्ती हैं। पुलिस ने दोनों वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से चौकी पर रखवा दिया है। घटना नगर गांव के सामने हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत डिहुआकलॉ विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 16.09.2025

**अल्पकालीन निविदा**

राज्य वित्त/पंचम वित /15 वां वित/आई0सी0डी0एस0/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डिहुआकलॉ के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025.-26 में निम्न निर्माण हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 23.09.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम श्रेणी ईटा | एम.एस. स्टील खिड़की/ दरवाजा | सरिया | गिट्टी | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
| 1 | उच्च प्रा.वि. डिहुआ कलॉ में आंगन वाडी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 17673 नग | 9.56 कुं. | 24.75 कुं. | 32.45 घन मी. | 336 बैग | 23.39 घन मी. |

**नियम शर्ते**
1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत डिहुआकलॉ के कार्यालय में 17.09.2025 से 23.09.2025 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत डिहुआकलॉ के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 17.09.2025 से दिनांक 23.09.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत डिहुआकलॉ के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 23.09.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**सावित्री**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत डिहुआकलॉ**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**रोहिताश बंसवार**
**ग्रा.पं.वि. अधिकारी**
**ग्राम पंचायत डिहुआकलॉ**
**विकास खण्ड धौरहरा**


# दो भाइयों ने युवक को जमकर पीटा, मुकदमा दर्ज



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**माल लखनऊ।** कस्बा माल में थाने से चंद कदमों की दूरी पर दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष के दो भाइयों ने मिलकर दूसरे पक्ष के दलित पर हमला कर दिया। जिससे दलित युवक चोटिल हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की मांग की है।

माल कस्बा निवासी सूरज इलाहाबाद बैंक के सामने वाली मार्केट के पास चाऊमीन की दुकान लगाता है। कुछ दिन पहले उसी मार्केट में कस्बा निवासी मोहित ने किराए पर दुकान ले ली है। उन्होंने सूरज को दुकान न लगाने को कहा तो सूरज ने विरोध किया इस पर मोहित और उसका भाई अनुज ने सूरज की जमकर पिटाई कर दी। जिससे सूरज चोटिल हो गया। पीड़ित का आरोप है कि मोहित और अनुज ने जाति सूचक गालियां दी। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर सुरक्षा और न्याय की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**महिला ने पड़ोसी पर मारपीट का दर्ज कराया मुकदमा:** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में महिला ने पड़ोसियों पर मारपीट कर घायल करने की लिखित तहरीर देकर सरोजिनी नगर थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है कसरोजनीनगर थाना क्षेत्र के पीपरसण्ड का मजरा रानीपुर निवासी राजकुमारी का कहना है कि वह सुबह 7:00 बजे अपने खेत से काम कर वापस घर जा रही थी , तभी इसी दौरान गांव के ही रहने वाले गाली गलौज करने के साथ ही मारपीट करने लगे । पीडिता का कहना है कि गांव के ही कन्हैया लाल, रामखेलावन, जगदीश और ईश्वरदीन ने उसको और उसके पति श्याम सुंदर, पुत्र दिलीप और पवन को पीट कर घायल कर दिये जिससे इन लोगों को काफी चोटें आई है। पीड़ित महिला का कहना है कि वह इसकी शिकायत सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई कसरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है ।

**अराजक तत्वो में ढहाई स्कूल की दीवार:** सरोजनी नगर के दरोगाखेड़ा मे एक विद्यालय की दिवार को अराजक तत्वों द्वारा ढहा दिया गया। जानकारी होने पर विद्यालय प्रबंधक ने मामले की जानकारी सरोजनी नगर पुलिस को एक लिखित तहरीर देकर शिकायत की। शिकायत पर सरोजनी नगर पुलिस से मामले की मौके पर जाँच पड़ताल कर आगे की कार्य वाई मे लग गई है। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के दरोगा खेड़ा स्थित पारस नाथ मेमोरियल एकेडमी स्कूल संचालित है। जिसकी निमार्णाधीन बाउंड्रीवाल को अराजकतत्वों द्वारा ढहा दी है। जानकारी होते ही कॉलेज में मौजूद कर्मी मौके पर पहुंच गए तो अराजक तत्व भाग निकले। स्कूल प्रबंधक राव अजीत सिंह द्वारा घटना के संबंध में अराजक तत्वो में दो व्यक्तियों की पहचान होने पर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# मलिहाबाद में प्रतिबंधित पेड़ों की कटान जोरों पर

**लखनऊ।** वन रेंज मलिहाबाद में इन दिनों लकड़ी ठेकेदार बिना परमिशन हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ों पर आरा चला कर हरियाली को नष्ट करने पर तुले हुए हैं। वही जिम्मेदार कुम्भकारणी नींद सो रहे हैं।

केस-1 सूत्रों की माने तो वन रेंज मलिहाबाद क्षेत्र के माल रोड से कसमंडी खुर्द गांव जाने वाले खड़ंजे पर 17 आम के प्रतिबंधित पेड़ो पर लकड़ी ठेकेदार ने आरा चलाकर धाराशाई कर दिया।

केस-2 गौस खेड़ा गांव से कसमंडी खुर्द गांव जाने वाले खड़ंजे पर किसान लईक के बाग में 11 पेड़ काट डाले।

केस-3 मलिहाबाद क्षेत्रीय वन रेंज कार्यालय के पास बंद पड़े नोबेल एकेडमी स्कूल के बगल में बाग में बाउंड्री के अंदर एक नीम व दो शीशम, तीन आम के पेड़ प्रतिबंधित पेड़ो को धाराशाई कर दिया गया।

केस-4 घुसौली गांव में पंचायत भवन के पास आधा दर्जन भारी भरकम आम के प्रतिबंधित पेड़ो को काट दिया गया।

केस-5 शेरपुर भोसा गांव में सरकारी स्कूल के पीछे तीन जगहों पर करीब 17 आम के पेड़ो पर आरा चलाकर पेड़ काट ले गये।

केस-6 मलिहाबाद मोहान रोड पर पुरवा गांव में पंचायत भवन के बगल में अर्ध निर्मित मैरिज लॉन के पीछे 7 आम के प्रतिबंधित पेड़ो पर लकड़ी ठेकेदार ने आरा चलाकर धाराशाई कर दिया।

केस-7 ग्राम पंचायत रसूलपुर में पानी टंकी के पास त करीब 12 आम के पेड़ो पर आरा चलाकर पेड़ काट ले गये।

खास बात यह है शिकायत होने पर अवैध रूप कटान पर वन विभाग करवाई के नाम पर कुछ पेड़ो पर कारवाई करके खानापूर्ति करते हैं। अब यह देखना होगा कि वन विभाग कुछ पेडो पर करवाई कर अपना पलड़ा झाड़ लेता है या सभी पेडो पर करवाई होती है। यह एक बड़ा सवाल है। इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय वनाधिकारी अलोक कुमार ने बताया कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# सपा ऑफिस के बाहर आग लगाने वाले युवक की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में सपा कार्यालय के बाहर आत्मदाह करने वाले युवक की मौत हो गई है। 10 सितंबर को उसने पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। छह दिन से केजीएमयू में उसका इलाज चल रहा था। सोमवार रात को उसने दम तोड़ दिया। बहन ने बताया था कि उसके साथ हुई छेड़छाड़ और मारपीट के केस में पुलिस केस नहीं दर्ज कर रही थी। सपा के पूर्व विधायक के प्रभाव की वजह से उनको न्याय नहीं मिल रहा था इसलिए अपनी बहन को न्याय दिलाने के लिए वह अखिलेश यादव से मिलने गया था। उधर, पुलिस ने 12 सितंबर को इस मामले में मृतक की मुंहबोली बहन और भाई पर आत्मदाह के लिए उकसाने का केस दर्ज किया। योगेंद्र गोस्वामी उर्फ बॉबी, अलीगढ़ के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में स्थित टीन वाली मस्जिद का रहने वाला था।

**उधार के रुपए नहीं लौटाए, गाली-गलौज से था आहत:** बीते 10 सितंबर की दोपहर करीब 3 बजे 48 वर्षीय योगेंद्र गोस्वामी लखनऊ में सपा कार्यालय पहुंचा। खुद पर पेट्रोल डाला और आग लगा ली। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह आग बुझाकर उन्हें सिविल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर के अनुसार, उसका 80 प्रतिशत झुलस गया था। उसकी नाजुक हालत को देखते हुए केजीएमयू रेफर कर दिया गया। छह दिनों तक उसका इलाज वहां चला लेकिन सोमवार की देर रात उसने दम तोड़ दिया। आग लगाने के बाद सिविल अस्पताल लाए गए योगेंद्र ने बताया था कि मोहल्ले के तीन भाई दानिश, वसीम और नाजिम ने उससे छह लाख रुपए उधार लिए थे। जब भी वह पैसे मांगता तब आरोपी गाली-गलौज कर उसे डराते-धमकाते थे। अलीगढ़ पुलिस में शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसकी बहन के मामले में भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही थी। वह काफी परेशान हो गया था।

**बहन ने कहा-भाई इज्जत बचाने के लिए लड़ रहा था:** योगेंद्र की मुंहबोली बहन समा परवीन ने बताया था कि वह सपा के पूर्व विधायक के भाई के कारखाना में काम करती थी। दो महीने पहले कारखाने के ठेकेदार से उसका झगड़ा हो गया। ठेकेदार उससे छेड़खानी कर रहा था। इसकी शिकायत मालिक से की तो उन्होंने अनसुनी कर दी। उसने पुलिस से शिकायत की लेकिन थानेदार ने भगा दिया।

**नहीं सुनी थी पुलिस ने फरियाद:** इसके बाद उसका भाई योगेंद्र उर्फ बॉबी उसकी शिकायत लेकर थाने गया लेकिन सुना नहीं गया। पूर्व विधायक के भाई की वजह से पुलिस ने भी नहीं सुनी। वह थाने के चक्कर लगाने के बाद लखनऊ जाकर अखिलेश यादव से मिलकर अपनी बात बताना चाहता था। देहली गेट थाना प्रभारी समझौता का दबाव बना रहे थे। बताया कि उससे छेड़खानी का सीसीटीवी रिकॉर्ड भी डिलीट कर दिया गया है।

**बहन-भाई के खिलाफ एफआईआर दर्ज:** गौतमपल्ली इंस्पेक्टर रत्नेश सिंह के अनुसार, जांच में सामने आया कि योगेंद्र को 26 साल पहले नूर बानो ने गोद लिया था। नूर बानो की बेटी समा और बेटा गुड्डू कथित रूप से योगेंद्र को आग लगाने के लिए उकसाते थे। इसी आधार पर दोनों के खिलाफ आत्मदाह के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। योगेंद्र की मौत से परिवार और स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोग आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

# गौतस्करी में 699 मुकदमा, 2,279 की हुई गिरफ्तारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने इस वर्ष जुलाई से लेकर अगस्त तक गोकशी एवं गौतस्करी के मामले में कुल 699 मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें 2,279 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया और 539 अभियुक्तो ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर लिया। इस बीच गौतस्करी के कुल 12 सौ मुकदमा भी दर्ज किया। जिसमें 2709 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिसमें 568 अभियुक्तों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। गोकशी के अपराध से जुडें 539 अभियुक्तों के विरुद्ध गुंडा एक्ट, 6 अभियुक्तों के विरुद्ध एफआईआर, 467 अभियुक्तों के खिलाफ हिस्ट्रीशीट खोली गई, 781 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत अभियुक्तों की कुल 9 करोड़ 19 लाख 87 हजार मूल्य की संपत्ति जप्त की गई है। गौतस्करी के अपराध में जुड़े 476 अभियुक्तों के विरुद्ध गुंडा एक्ट, 9 अभियुक्तों के खिलाफ एफआईआर, 288 अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोली गई, 1328 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत इन अभियुक्तों की कुल 9 करोड़ 97 लाख 43 हजार मूल्य की संपत्ति जप्त की गई है।


**कार्यालय जिला पंचायत-बहराइच**

पत्रांक : 510/ई-नि.सू. /नि.अनु. /जि.पं. बह./2025-26 दिनांक : 15 सितम्बर, 2025

**-: ई-निविदा आमंत्रण सूचना :-**

जिला पंचायत, बहराइच द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग तथा केन्द्रीय/15वां वित्त आयोग (अनटाइड फण्ड) योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 की धनराशि से स्वीकृत कुल 37 परियोजनाओं पर निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा सूचना कार्यालय पत्रांक 509/ ई -नि.सू./नि.अनु. /जि.पं. बह./2025-26 दिनांक 15 सितम्बर, 2025 निर्गत है। जिसके अन्तर्गत जिला पंचायत, बहराइच तथा प्रदेश की अन्य जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों तथा राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से कार्यालय जिला पंचायत, बहराइच में ई-निविदाएं https://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरण के अनुसार आमन्त्रित की जाती है।

| ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की तिथि व समय | ई-निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | ई-निविदा खुलने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनांक 15.10.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से | दिनांक 27.10.2025 को अपरान्ह 5.00 बजे तक | दिनांक 28.10.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से |

**नोट-**ई-निविदा सम्बन्धी विस्तृत सूचनाएं नियम, शर्ते एवं अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट अथवा कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में किया जा सकता है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा।

**रवीन्द्र सिंह**
**अभियन्ता**
**जिला पंचायत, बहराइच**

**डॉ. वीरेन्द्र बहादुर**
**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, बहराइच**

# अभिनय ऐसे करो, जैसे पर्दे पर जीवन जी रहे हो : पंकज झा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** 'गुलाल', 'चमेली', 'हासिल' और 'अतरंगी रे' जैसी दर्जनों फिल्में कर चुके एक्टर पंकज झा ने वेब सीरीज 'पंचायत' के विधायक चंद्रकिशोर सिंह के रूप में अपनी एक्टिंग का सिक्का जमा दिया। इन दिनों वह अपनी वेब सीरीज 'सरपंच साहब' के लिए चर्चा में हैं, जिसे लेकर हुई खास बातचीत के दौरान उनके व्यक्तित्व के कई अनछुए पहलुओं के बारे में रोचक खुलासे हुए।

**साइडलाइन हो रहे हाइब्रिड एक्टर:** अपनी जिंदगी को एक अलग ही दर्शन से जीने वाले पंकज झा 'पंचायत' के विधायक चंद्रकिशोर सिंह के बाद वेब सीरीज 'सरपंच साहब' में भी नेता त्रिवेणी सिंह की भूमिका में नजर आए।ऐसे में, कहीं इंडस्ट्री के आम चलन के मुताबिक, वह भी नेता के रोल में दोहराव या टाइप कास्टिंग के शिकार तो नहीं हो रहे ? इस सवाल पर वह कहते हैं, 'नहीं, मेरे साथ ऐसा कुछ नहीं हो रहा है, क्योंकि मैं किसी इंडस्ट्री से बिलॉन्ग ही नहीं करता हूं। मेरी अपनी खुद की इंडस्ट्री है। मैं यह सब रंग अपने ऊपर नहीं चढ़ने देता हूं। मेरी अभी किताब आई है- अज्ञात से ज्ञात की ओर, जो मैंने अमिताभ बच्चन जी को गिफ्ट की। उन्होंने मेरी कविता ट्वीट भी की, तो लोग मुझे लेखक भी बोलते हैं।'

**मैं जब अभिनय करता हूं तो उस पात्र को जीता हूं:** पंकज झा ने आगे बताया, 'एक्टिंग की बारीकियां, एक्टिंग क्या होता है, एनर्जी कैसे वर्क करती है ? इन चीजों पर मैंने बहुत काम किया है। ओशो ने कहा था कि जीवन ऐसे जियो, जैसे अभिनय कर रहे हो और अभिनय ऐसे करो, जैसे जीवन जी रहे हो। मेरी यही फिलॉसफी है। मैं जब अभिनय करता हूं तो उस पात्र को जीता हूं, वही जिंदापन लोगों को छूता है, क्योंकि अब फेक, झूठी फिल्में, जिनका रिएलिटी से कोई वास्ता नहीं है, उसे लोग नहीं देख रहे हैं। इसलिए जो हाइब्रिड वाले एक्टर हैं, वो साइडलाइन हो रहे हैं। त्रिवेणी सिंह नेता है, मगर बहुत प्यार किरदार है, जो पूरे गांव को जागरूक करता है।'

**यहां खुद को बचा लेना सबसे बड़ी उपलब्धि:** बिहार के सहरसा से बॉलीवुड का सफर तय करने वाले पंकज झा का रुझान एक्टिंग से आगे पेंटिंग, राइटिंग की ओर कैसे हुआ ? कैसे तय किया कि मुझे इस चूहे-बिल्ली के दौड़ में नहीं दौड़ना ? यह पूछने पर वह बताते हैं, 'असल में मुंबई में रहते हुए एक वक्त के बाद मुझे समझ में आया कि यहां सबसे बड़ी उपलब्धि है, खुद को बचा लेना। आप बाहर के देशों में जाओ, वहां जो अच्छे एक्टर हैं, सब आपको सिंपल मिलेंगे। जबकि, यहां जो इनफिरियॉरिटी कॉम्प्लेक्स वाले लोग होते हैं, वो 2-3 फिल्म करके, उस काम से खुद को जोड़कर बोलते है कि मैं एक्टर हूं।''अपने 'मैं' को मजबूत करते हैं। फिर उसको संभालने में उन्हें इतना कष्ट होता है कि उन्हें समझ नहीं आता है कि कौन सा कोट पहने ? कौन सा पैंट पहने ? कैसे कुर्सी पर बैठे ? उनका स्ट्रगल कुछ अलग ही है। मैंने देखा है कि जो सफल हो जाते हैं, वो ज्यादा असफल हो जाते हैं। असल में, इंसान की यात्रा दो तरह की होती है। एक होती है कि मैं पूरी दुनिया को बता दूं कि मैं कौन हूं ? तब लोग दूसरों की नजरों में खुद को सफल साबित करना चाहते हैं। दूसरी, यह कि खुद समझ लूं कि मैं कौन हूं, तो जब मैं ओशो से जुड़ा, मेरी यात्रा पूरी बदल गयी। मेरे ऊपर ये सफलता, प्रसिद्धि जैसी चीजें नहीं चढ़ती, वरना दूसरों की तरह मैं भी पैरालाइज हो जाऊंगा। बहुत से एक्टर मेंटली पैरालाइज हो जाते हैं।

**जिसके पास जितना वक्त, वो उतना धनी:** पंकज अपनी जिंदगी का मकसद लोगों को अपने अर्जित ज्ञान को लौटाना मानते हैं। बकौल पंकज झा, 'मेरे गुरु ने कहा था कि उनका ऋण आप एक ही शर्त पर चुका सकते हैं कि गुरु से जो भी मिला है वो दुनिया को बांट दो। इसलिए, मैं अपने शब्दों, अपनी लेखनी, अपनी चित्रों के जरिए उसे लौटाने की कोशिश करता हूं। उन्होंने हमें मौत को आगे करके जीना सिखाया है कि हम कभी भी इस दुनिया से जा सकते हैं। हम सब यहां मेहमान हैं, तो जब तक हो, अच्छे से रहो।'

**मेरे लिए सफलता का मापदंड यह है कि आप आज में कितने जिंदा हैं:** हर रोज आसपास के लोग दुनिया से जा रहे हैं। जब एक बार आपको यह अहसास हो जाएगा कि ये दुनिया आपका घर नहीं है तो आपकी जिंदगी से तनाव, भविष्य की चिंता, दिखावा, बेईमानी, ये सब खत्म हो जाएगी। आप जिंदगी को जीने लगेंगे कि अरे, इतनी सुंदर जिंदगी है और हम किन चीजों में उलझे हुए हैं। मैं दुनिया में उसको धनी मानता हूं, जिसके पास खुद के लिए समय है। मेरे लिए सफलता का मापदंड यह है कि आप आज में कितने जिंदा हैं। जैसे, मेरा कोई अतीत नहीं है, इसलिए मेरा कोई भविष्य भी नहीं है। मैं इस पल में जीता हूं।

## सदर गुरुद्वारे में सजा विशेष दीवान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आज गुरुद्वारा सदर में साहिब श्री गुरुनानक देव जी को ज्योति जोत दिवस एवम अस्सु माह का विशेष दीवान सजाया गया।

ज्ञानी हरविंदर सिंह हेड ग्रंथि ने कथा के माध्यम से बताया कि गुरु नानक देव जी, सिख धर्म के प्रथम गुरु, जिन्होंने इक ओंकार का संदेश संसार को दिया, उनका ज्योति जोत दिवस वह दिन है जब उन्होंने अपनी देह त्याग कर ईश्वर की अनंत जोत में लीन हो गए। उन्होंने ने बताया कि गुरु नानक देव जी का जन्म 1469 में तलवंडी (अब ननकाना साहिब, पाकिस्तान) में हुआ। अपने जीवन भर उन्होंने मानवता, सेवा, नाम जपना, कीरत करनी और वंड छकना का उपदेश दिया। 22 सितम्बर 1539 को करतारपुर साहिब (पंजाब, पाकिस्तान) में वे सचखंड में जोत स्वरूप समा गए। यही दिन गुरु नानक देव जी का ज्योति जोत दिवस के रूप में मनाया जाता है। ज्योति जोत समाना का मतलब है शरीर का अंत होना लेकिन आत्मा का परमात्मा की ज्योति में मिल जाना। गुरु साहिब कभी संसार से गए नहीं, उनकी वाणी, उनकी शिक्षा और उनका प्रकाश आज भी सबको राह दिखाता है। गुरुद्वारों में अखंड पाठ, कीर्तन दरबार और अरदास होती है। संगत गुरु साहिब की शिक्षाओं को याद करती है और जीवन में अपनाने का संकल्प लेती है।

# दस दिन के होंगे नवरात्र, दो दिन होगी मां चंद्रघंटा की पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त**
सुबह 6:09 से लेकर 8:15 बजे तक, दूसरा मुहूर्त 8:15 बजे से 10:36 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त 11:49 से 12:38 बजे तक।

**लखनऊ।** आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 22 सितंबर से शुरू हो रही है। इस दिन से शारदीय नवरात्र का शुभारंभ होगा और 1 अक्तूबर को महानवमी के साथ समापन होगा। इस बार नवरात्र दस दिन के रहेंगे क्योंकि तृतीया तिथि दो दिन पड़ रही है। ऐसे में मां चंद्रघंटा की पूजा 24 और 25 सितंबर दोनों दिन होगी।

कृष्णानगर स्थित श्री आशुतोष महादेव मंदिर के पुजारी पंडित आशुतोष पांडेय ने बताया कि काशी के महावीर पंचांग के अनुसार 22 सितंबर को कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त प्रातः 06:09 से 08:06 बजे तक और मध्याह्न में 11:49 से 12:38 बजे तक रहेगा। इस बार मां दुर्गा का आगमन हाथी पर हो रहा है, जिसे सुख-समृद्धि और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। ज्योतिषाचार्य एस.एस. नागपाल के अनुसार हाथी की सवारी का फल वृद्धिकारक होता है और इससे पृथ्वी लोक पर खुशहाली आएगी।

**नवरात्रों में मां दुर्गा की पूजा विशेष फलदायी :** पं. बिन्द्रेस दुबे का कहना है कि नवरात्रों में मां दुर्गा जी की पूजा विशेष फलदायी होती है। कलश स्थापना के साथ ही जौ बीजा जाता है। अखंड ज्योत जलाते हैं। श्रीदुर्गा सप्तशती, श्री दुर्गा स्तुति, श्री दुर्गा चालीसा व अन्य स्तोत्रों से मां दुर्गा की स्तुति की जाती है। पूजा करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और साधक को धन-धान्य, लक्ष्मी, सुख साधनों से भरपूर कर देती हैं।

**नवरात्र में करें ये वास्तु उपाय, मिलेगी सुख-समृद्धि :** नवरात्रि का त्योहार न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह आध्यात्मिक उन्नति और घर में सकारात्मक ऊर्जा लाने का भी विशेष समय होता है। यह नौ दिन मां दुर्गा के नौ रूपों को समर्पित होते हैं, और ऐसा माना जाता है कि इस दौरान देवी शक्ति स्वयं पृथ्वी पर निवास करती हैं। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर 2025 से आरंभ होकर 2 अक्तूबर 2025 तक चलेगी।

भक्तगण व्रत, पूजा और साधना के साथ-साथ घर में शुभता बढ़ाने के लिए कुछ वास्तु उपाय भी करते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, नवरात्रि में की गई पूजा और उपायों का प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। आइए जानें नवरात्रि में देवी कृपा पाने के लिए किन वास्तु टिप्स को अपनाया जा सकता है।

**घर में साफ-सफाई रखें:** शारदीय नवरात्रि से पहले घर की संपूर्ण सफाई करना बेहद जरूरी माना जाता है, क्योंकि यह पर्व मां दुर्गा के स्वागत का प्रतीक होता है। विशेष रूप से घर का उत्तर-पूर्व दिशा वाला हिस्सा यानी ईशान कोण साफ और व्यवस्थित होना चाहिए। मान्यता है कि यहीं से सकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवेश करती है। टूटी-फूटी वस्तुएं, खंडित मूर्तियां या बेकार इलेक्ट्रॉनिक सामान नवरात्रि से पहले हटा देना शुभ होता है।

**कलश स्थापना सही दिशा में करें:** नवरात्र की शुरूआत कलश स्थापना से होती है, जिसे शुभता और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। वास्तु के अनुसार, कलश को घर की उत्तर-पूर्व दिशा में स्थापित करना चाहिए। इसे एक साफ चौकी पर लाल या पीले वस्त्र बिछाकर रखें और उसमें पानी, सुपारी, सिक्का, हल्दी, अक्षत आदि रखें। कलश के ऊपर आम के पत्ते और नारियल रखें। यह स्थान पूजा के लिए सबसे शुभ माना जाता है। यदि आपके घर में अलग पूजा कक्ष है, तो उसकी दिशा पर विशेष ध्यान दें। पूजा कक्ष हमेशा उत्तर-पूर्व दिशा में होना चाहिए। भगवान की मूर्तियों का मुख पूर्व की ओर रखें और पूजा करते समय स्वयं पश्चिम की ओर मुख करके बैठें। इससे ध्यान केंद्रित होता है और आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ती है। पूजा स्थान को रोज साफ रखें और वहां किसी भी प्रकार की गंदगी या अव्यवस्था न रखें।

**नवरात्र में दीपक जलाने की सही दिशा:** नवरात्र के दौरान घी का दीपक जलाना शुभ फलदायक होता है। इसे आप घर के ईशान कोण या अग्नि कोण यानी दक्षिण-पूर्व दिशा में जला सकते हैं। दीपक नकारात्मकता को दूर करता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाता है। रोजाना दीपक जलाने से वातावरण में शुद्धता और पवित्रता बनी रहती है, जिससे देवी मां की कृपा भी प्राप्त होती है।

**मुख्य द्वार को सजाएं और बनाएं शुभ चिन्ह:** घर का मुख्य द्वार वास्तु के अनुसार सबसे अधिक ऊर्जा वाला स्थान होता है। नवरात्रि के दौरान इसे आम के पत्तों और गेंदे के फूलों से बनी तोरण से सजाना चाहिए। दरवाजे पर स्वास्तिक, ॐ या श्री यंत्र का निशान बनाना बहुत ही शुभ माना गया है। इससे घर में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का प्रवेश होता है। साथ ही दीपक और रोशनी से प्रवेश द्वार को सुसज्जित करें, ताकि देवी मां का स्वागत पूरी श्रद्धा से हो सके।

## पूजा में शामिल करें खास चीजें, बरसेगी मां दुर्गा की विशेष कृपा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हर साल भारत में शारदीय नवरात्रि का पर्व एक महान उत्सव के रूप में मनाया जाता है, जिसकी धूम पूरे देश में दशहरे तक बनी रहती हैं। यह अवधि देवी मां दुर्गा को समर्पित है, जिसमें उनके नौ दिव्य स्वरूपों की विधि पूर्वक आराधना की जाती है। कहते हैं कि शारदीय नवरात्रि में देवी का आगमन पृथ्वी पर होता है और वह भक्तों पर अपनी विशेष कृपा बरसाती है। हिंदू धर्म में नवरात्रि को पूजा, भक्ति, भजन-कीर्तन और देवी के प्रति भावनाएं व्यक्त करने का शानदार अवसर माना जाता है। कहते हैं कि यदि नवरात्रि के नौ दिनों में सच्चे भाव से माता के नाम का स्मरण किया जाए, तो व्यक्ति के कष्टों का निवारण शीघ्र ही होता है। चूंकि नवरात्रि हिंदू धर्म के बड़े तीज-त्योहारों में से एक है, इसलिए घरों से लेकर पूजा-पंडाल सहित मंदिरों में पूजा-पाठ का भव्य आयोजन किया जाता है। साथ ही गरबा, गीत और डांडिया नृत्य जैसे कार्यक्रम के साथ इस पर्व का आनंद उठाया जाता है। इस वर्ष 22 सितंबर 2025, सोमवार से शारदीय नवरात्रि का प्रारंभ हो रहा है, जो 2 अक्तूबर 2025 गुरुवार को विजयादशमी पर समाप्त होगा। ऐसे में नवरात्रि के नौ दिनों के लिए देवी की पूजन सामग्री क्या रहेगी, आइए विस्तार से जानते हैं।

**पूजा सामग्री:** मिट्टी, मिट्टी का घड़ा, मिट्टी का ढक्कन, कलावा, जटा वाला नारियल, जल, गंगाजल, लाल रंग का कपड़ा, एक मिट्टी का दीपक, बंदनवार, पान, सुपारी, बताशा, लाल रंग का कपड़ा, फूल, घी, फूल माला, आम के पत्ते, पंचमेवा पूजा की थाली, दीपक, हल्दी, मौली, रोली, कमलगट्टा, शहद, शक्कर, नैवेध, नारियल जटा वाला, सूखा नारियल, दूध, वस्त्र, दही, लौंग, मां दुर्गा की मूर्ति या तस्वीर। शीशा, लाल चुनरी, नथ, गजरा, बिंदी, काजल, मेहंदी, महावर, शीशा, बिछिया, इत्र, चोटी, पायल, मांग टीका, चूड़ियां, सिंदूर लिपस्टिक, रबर बैंड, कान की बाली, कंघी।

## पापों का नाश करने वाली इंदिरा एकादशी आज



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदू धर्म में भगवान श्री विष्णु का आशीर्वाद पाने के लिए प्रत्येक मास के कृष्णपक्ष और शुक्लपक्ष में पड़ने वाली एकादशी व्रत का विधान है. यही एकादशी जब आश्विन मास के कृष्णपक्ष में पड़ती है तो वह इंदिरा एकादशी कहलाती है। हिंदू मान्यता के अनुसार इंदिरा एकादशी का व्रत करने पर व्यक्ति के सभी पापों का नाश होता है और वह सभी सुखों को भोगता हुआ अंत में वैकुंठ को प्राप्त होता है। पंचांग के अनुसार आश्विन मास की एकादशी तिथि सितंबर महीने की 17 तारीख को पूर्वाह्न 12:21 बजे से प्रारंभ होकर 17 सितंबर 2025 की तारीख को ही रात्रि 11:39 बजे तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि को आधार मानते हुए इंदिरा एकादशी का व्रत 17 सितंबर को करना उचित रहेगा, जबकि इस व्रत के लिए बेहद जरूरी माना जाने वाला पारण 18 सितंबर को सुबह 06:07 से लेकर 08:34 बजे के बीच किया जा सकेगा।

**इंदिरा एकादशी की पूजा विधि :** भगवान श्री विष्णु की कृपा पाने के लिए इस दिन तन-मन से पवित्र होकर सबसे पहले इस व्रत को विधि-विधान से करने का संकल्प लें। इसके बाद स्वच्छ वस्त्र पहन कर सूर्य नारायण को अर्घ्य दें और उसके बाद सप्त ऋषियों को जल देने के बाद अपने पितरों को जल दें। इसके बाद अपने पूजा घर में भगवान श्री विष्णु के चित्र या प्रतिमा की पीले पुष्प और चंदन अर्पित करें। इसके बाद श्री हरि को पंजीरी, पंचामृत आदि का भोग लगाएं और धूप-दीप जलाकर इंदिरा एकादशी व्रत की कथा करें. पूजा के अंत में श्री हरि की आरती अवश्य करें. भगवान विष्णु के इस व्रत को विधि-विधान से करने के बाद अगले दिन शुभ मुहूर्त में इसका पारण करें।

# आज पूजे जायेंगे देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सृष्टि के प्रथम वास्तुकार व शिल्पकला के अधिष्ठाता देव भगवान विश्वकर्मा की जयंती 17 सितम्बर को मनायी जाएगी। इस दिन कारखानों, फैक्ट्री, दुकानों व निर्माण स्थलों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की जाती है। लोग यन्त्रों, औजारों व मशीनों की भी पूजा-अर्चना करते हैं। कई सार्वजनिक स्थलों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर भव्य पूजा आयोजित की जाती है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि यह पूजा हर साल सूर्य के कन्या राशि में प्रवेश करने पर होती है। उन्होंने बताया कि भगवान विश्वकर्मा देवी-देवताओं के शिल्पकार थे। सभी अस्त्र-शस्त्र व वाहनों का निर्माण विश्वकर्मा जी ने किया। उन्होंने द्वारिका इन्द्रपुरी, पुष्पक विमान, देवी- देवताओं भवन और दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं का निर्माण किया है। भगवान विष्णु का सुदर्शन चक्र, शंकर भगवान का त्रिशूल, यमराज का कालदण्ड का निर्माण भी भगवान विश्वकर्मा ने किया है।

**विश्वकर्मा पूजा विधि:** विश्वकर्मा पूजा के दिन आफिस, दुकान, वर्कशॉप, फैक्ट्री चाहे छोटे संस्थान हों या बड़े सभी की साफ सफाई करें। इस दिन सभी तरह के औजारों या सामान की पूजा करनी चाहिए। पूजा के लिए सर्वप्रथम पूजा स्थान पर कलश स्थापना करनी चाहिए। भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करनी चाहिए। इस दिन यज्ञ इत्यादि का भी आयोजन किया जाता है। पूजन में श्री विष्णु भगवान का ध्यान करना उत्तम माना गया है। इस दिन पुष्प, अक्षत लेकर मंत्र पढ़ें और चारों ओर अक्षत छिड़कें। इसके बाद हाथ में और सभी मशीनों पर रक्षा सूत्र बांधें। फिर भगवान विश्वकर्मा का ध्यान करते हुए दीप जलाएं और पुष्प एवं सुपारी अर्पित करें। विधि विधान से पूजा करने पर पूजा के पश्चात भगवान विश्वकर्मा की आरती करें। भोग स्वरूप प्रसाद अर्पित करें, जिस भी स्थान पर पूजा कर रहे हों उस पूरे परिसर में आरती घुमाएं। पूजा के पश्चात विश्वकर्मा जी से अपने कार्यों में सफलता की कामना करें।

**सभी को करनी चाहिए विश्वकर्मा की पूजा:** ऐसा मान्यता है कि विश्वकर्मा जयंती के दिन उनकी पूजा सभी लोगों को करनी चाहिए क्योंकि इस सृष्टि में जो भी सृजन और निर्माण हो रहा है, उसके मूल में भगवान विश्वकर्मा ही हैं। उनकी पूजा करने से बिगड़े काम भी बनेंगे, कार्य नियत समय पर बिना विघ्न-बाधा के पूरे हो जाएंगे।

**ऋगवेद में है भगवान विश्वकर्मा के महत्व का वर्णन:** ओड़िशा के पुरी मंदिर के लिए भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की विशाल मूर्तियों का निर्माण भगवान विश्वकर्मा ने किया है। उन्होंने इंद्र का अस्त्र वज्र भी बनाया था। ऋगवेद में भगवान विश्वकर्मा की महिमा और महत्व का वर्णन किया गया है।

**देव शिल्पी की उपाधि:** भगवान विश्वकर्मा ने कई भवनों, मंदिर की मूर्तियों आदि का निर्माण किया है। उनको देवशिल्पी की उपाधि प्राप्त है। कहा जाता है कि सृष्टि की रचना में विश्वकर्मा जी ने ब्रह्मा जी की सहायता की थी और संसार का नक्शा तैयार किया था। इसके अलावा उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की नगरी द्वारका की रचना की थी।

# स्वर वाद्य बाल वर्ग में रतन व किशोर वर्ग में अथर्व प्रथम

## एसएनए सभागार में 51वीं संभागीय शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता









वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी (संस्कृति विभाग) के संत गाडगे जी महाराज सभागार में 51वीं संभागीय शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत लखनऊ संभाग की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ आमंत्रित विद्वतजनों एवं अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह एवं निदेशक डॉ शोभित कुमार नाहर के कर कमलों द्वारा किया गया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस पर स्वर वाद्य एवं कथक नृत्य की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। निर्णायक मंडल में कानपुर से श्री हरीश कुमार झा, प्रयागराज से डॉ आकांक्षा पाल एवं मेरठ से सुश्री रुचि बलूनी उपस्थित रहीं। बाल वर्ग, किशोर वर्ग एवं युवा वर्ग के प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों से न केवल निर्णायक मंडल के सदस्यों को अपितु उपस्थित दर्शकों को भी खूब रंजित किया। स्वर वाद्य बाल वर्ग में रतन श्री प्रथम, किशोर वर्ग में अथर्व प्रताप सिंह प्रथम, संस्कार बनौधा द्वितीय, युवा वर्ग में सत्यम त्रिपाठी प्रथम, कथक बाल वर्ग में वानिया तिवारी प्रथम, उन्नयन शुक्ला , हरिनिका विष्ठ द्वितीय आरोही राज तृतीय, किशोर वर्ग में विधि जोशी एवं निखिल कशोधन ने प्रथम अदिति जायसवाल ने द्वितीय एवं जया सिंह एवम् रुद्राक्षी यादव तृतीय स्थान पर रहे तथा युवा वर्ग में विवेक कुमार आर्य प्रथम, मैत्री चौहान ने द्वितीय एवं अत्रांशी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के आयोजन में में डॉ पवन कुमार, सुनील यादव इत्यादि ने अपना योगदान किया। मंच संचालन जया श्रीवास्तव ने किया।

# कैनवस पर रंग भर कलाकार जीत सकेंगे एक लाख का पुरस्कार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ललित कला अकादमी, क्षेत्रीय केंद्र की ओर से कला एवं शिल्प महाविद्यालय में विकसित भारत के रंग, कला के संग शीर्षक से एक दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया जाएगा। जिसमें स्वतंत्र कलाकार, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, कला संकाय एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। तीन श्रेणियों में होने वाली कार्यशाला में विजेताओं को कैश प्राइज मिलेगा। स्वतंत्र कलाकार श्रेणी में प्रथम विजेता का एक लाख, दूसरे स्थान के कलाकार को 50 हजार एवं तीसरे स्थान पर आए कलाकार को 25 हजार का पुरस्कार मिलेगा। वहीं कॉलेज के छात्र-छात्राओं की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार विजेता को 25 हजार, द्वितीय स्थान पाने वाले को 15 हजार एवं तीसरे स्तान पर आए कलाकार को 10 हजार रुपए का पुरस्कार मिलेगा। स्कूल के छात्र-छात्राएं (कक्षा सात से 12 वीं) तक प्रतिभागियों में प्रथम पुरस्कार के विजेता को 10 हजार, दूसरे स्थान पर आए कलाकार को पांच हजार एवं तीसरे स्थान के कलाकार को 2500 रुपए का पुरस्कार मिलेगा। सात्वांना पुरस्कार एक हजार रुपए धनराशि का दिया जाएगा। क्षेत्रीय सचिव, डा. देवेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि प्रतिभागी कलाकार अपनी कलाकृतियों की तस्वीरें आधिकारिक 'सेवा पर्व' पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं और सोशल मीडिया पर हैशटैग सेवा पर्व का उपयोग कर साझा कर सकते हैं। अकादमी द्वारा स्वतंत्र चित्रकार एवं विश्वविद्यालय, महाविद्यालय के कलाकारों को कैनवस एवं कलर तथा स्कूल के विद्यार्थियों को ड्राइंग शीट एवं कलर उपलब्ध कराई जाएगी अन्य सामग्री कलाकार स्वयं साथ में लेकर आयेंगे ।

# चार ट्रेनें रहेंगी निरस्त, एक दर्जन ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** परिचालनिक सुगमता हेतु इन्फ्रास्ट्रक्चर विस्तार एवं विकास के क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोंडा-बुढ़वल खंड पर घाघरा घाट-चौकाघाट-बुढ़वल स्टेशन के मध्य (11 किमी.) तीसरी लाइन निर्माण कार्य हेतु कमीशनिंग के लिये 05 से 08 अक्टूबर तक कार्य करने के लिए तथा 08 अक्टूबर को रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा संरक्षा निरीक्षण किये जाने के फलस्वरूप निम्नलिखित गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं पुनर्निर्धारण किया जायेगा।

निरस्तीकरण के तहत गोंडा से 07 अक्टूबर को चलने वाली 55091 गोंडा-सीतापुर सिटी सवारी गाड़ी तथा सीतापुर सिटी से 08 अक्टूबर को चलने वाली 55092 सीतापुर सिटी-गोंडा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोंडा से 08 अक्टूबर को चलने वाली 55094 गोंडा-गोरखपुर सवारी गाड़ी तथा गोरखपुर से 09 अक्टूबर को चलने वाली 55073 गोरखपुर-बढ़नी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

मार्ग परिवर्तन के तहत बरौनी

**● छह और सात अक्टूबर को प्रभावित रहेंगी ट्रेनें, यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी**

से 07 अक्टूबर को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग मनकापुर-गोंडा-बाराबंकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मनकापुर-आयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी। दरभंगा से 07 अक्टूबर को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग मनकापुर-गोंडा-बाराबंकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मनकापुर-आयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी।

तिरुवनन्तपुरम उत्तर से 05 अक्टूबर को चलने वाली 12512 तिरुवनन्तपुरम उत्तर-गोरखपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बाराबंकी-गोंडा-मनकापुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैंट-मनकापुर के रास्ते चलाई जायेगी।

मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी गोंडा स्टेशन पर नहीं रूकेगी। ओखा से 05 अक्टूबर को चलने वाली 15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बाराबंकी-गोंडा-मनकापुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैंट-मनकापुर के रास्ते चलाई जायेगी। गोरखपुर से 07 अक्टूबर को चलने वाली 15065 गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा-बाराबंकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बस्ती-मनकापुर-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी आनन्द नगर, सिद्धार्थनगर, शोहरतगढ़, बढ़नी, गैंसड़ी, तुलसीपुर, झारखण्डी, बलरामपुर एवं गोंडा स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

गोरखपुर से 07 अक्टूबर को चलने वाली 12597 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मनकापुर-गोण्डा-बाराबंकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मनकापुर-अयोध्या कैण्ट-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी गोंडा स्टेशन पर नहीं रूकेगी।

अमृतसर से 06 अक्टूबर को चलने वाली 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग रोजा-सीतापुर-गोंडा-मनकापुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रोजा-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-सुलतानपुर-वाराणसी जं.-छपरा ग्रामीण-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी मैंगलगंज, सीतापुर सिटी, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, घुघली, सिसवा बाजार, खड्डा, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज, चनपटिया, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, पीपरा, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। अमृतसर से 06 अक्टूबर को चलने वाली 15532 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग रोजा-सीतापुर-बुढ़वल-गोंडा-गोरखपुर-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रोजा-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-सुलतानपुर-वाराणसी जं-छपरा के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी सीतापुर ,गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी एवं सीवान स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

कटिहार से 06 अक्टूबर को चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मनकापुर-गोण्डा-बाराबंकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मनकापुर-अयोध्या कैण्ट-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी।

मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी गोंडा स्टेशन पर नहीं रूकेगी। चण्डीगढ़ से 05 अक्टूबर को चलने वाली 15904 चण्डीगढ़-डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बाराबंकी-गोंडा-मनकापुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैंट-मनकापुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी गोंडा स्टेशन पर नहीं रूकेगी। साबरमती से 04 अक्टूबर को चलने वाली 19409 साबरमती-थावे एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बाराबंकी-गोंडा-मनकापुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैंट-मनकापुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी गोंडा स्टेशन पर नहीं रूकेगी।

रि-शिड्यूलिंग के तहत गोंडा से 05 अक्टूबर को चलने वाली 55091 गोंडा-सीतापुर सिटी सवारी गाड़ी गोंडा से 75 मिनट तथा 06 अक्टूबर को गोंडा से 105 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी।

लखनऊ जं से 07 अक्टूबर को चलने वाली 15204 लखनऊ जं.-बरौनी एक्सप्रेस लखनऊ जं से 90 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। पनवेल से 06 अक्टूबर को चलने वाली 15066 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस पनवेल से 150 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। लखनऊ जं से 07 अक्टूबर को चलने वाली 15032 लखनऊ जं.-गोरखपुर एक्सप्रेस लखनऊ जं से 75 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी।

इस कार्य के अन्तर्गत घाघरा नदी पर निर्माणाधीन महत्वपूर्ण पुल की कमीशनिंग की जायेगी। इस पुल की लम्बाई 1037 मीटर है, इसमें 17 स्पैन हैं। इस कार्य के पूर्ण हो जाने से गोण्डा कचहरी से बुढ़वल तक तीसरी लाइन की कमीशनिंग हो जायेगी, जिसके फलस्वरूप इस सेचुरेटेड खण्ड की क्षमता बढ़ेगी तथा अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन सम्भव होगा।

## नानपारा-नेपालगंज रेलखंड का प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर आज करेंगे निरीक्षण

■ **लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा के उन्नयन एवं परिचालनिक यातायात सुगमता तथा आधारभूत ढाचें के विस्तार के दृष्टिगत नानपारा-नेपालगंज रोड स्टेशनों के मध्य नई विद्युतीकृत लाइन कमिशनिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसके परिप्रेक्ष्य में 17 सितम्बर को पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर संजय सिंघल द्वारा 25 केवी ए.सी, सिंगल फेस, ओएचई विद्युतीकृत नई लाइन का निरीक्षण किया जायेगा। सभी क्षेत्रीय जनता एवं विशेषकर नानपारा-नेपालगंज रोड स्टेशनों के मध्य नई रेलवे लाइन के कमिशनिंग के दौरान समीपवर्ती इलाकों में रहने वाले निवासियों को सचेत किया जाता है कि निरीक्षण के दौरान वह रेलवे लाइन पर सतर्कता बरतें तथा अपने मवेशियों को रेलवे लाइन के आस पास खुले में न छोड़ें।

# मतदाता सूची निःशुल्क उपलब्ध करायी जाये : सपा

**लखनऊ।** सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ को ज्ञापन देकर मांग की है कि प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए सपा (राजनैतिक दलों) को 2003 की मतदाता सूची व 07 जनवरी 2025 को अंतिम प्रकाशन के बाद से पुनरीक्षण शुरू करने की तारीख के बीच की मतदाता सूची निःशुल्क उपलब्ध कराई जाए, जिससे कि मतदाता सूची को शुद्ध, दुरुस्त कराने में बीएलओ को बीएलए पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान करें।

ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में 403 विधान निर्वाचन क्षेत्रों में करीब 1 लाख 90 हजार पोलिंग स्टेशनों में करीब 15 करोड़ 42 लाख मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हैं। विशेष पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची को शून्य (जीरो) करके बीएलओ घर-घर जाकर एक-एक मतदाता का सत्यापन करेंगे और गणना प्रपत्र फार्म (एन्यूमरेशन फार्म) भरेंगे। मतदाता सूची को शुद्ध, दुरुस्त बनाने के लिए बीएलओ के साथ राजनैतिक दलों के बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) सहयोग करेंगे, सत्यापन में मृतक, स्थाई रूप से स्थानांतरित, बहुस्थानीय प्रविष्टियों और लापता मतदाता आदि मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काट दिये जायेंगे। 2003 के बाद कई बार पोलिंग स्टेशनों का सम्भाजन एवं पुनर्गठन हुआ है, जिसमें बड़ी संख्या में मतदाताओं के बूथ (पोलिंग स्टेशन) व मतदान केंद्र (पोलिंग सेंटर) बदल गये है, जिन्हें चिह्नित करना बहुत जरूरी है। बीएलओ के साथ सत्यापन कार्य में सहयोगी बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) के पास उस बूथ (पोलिंग स्टेशन) की मतदाता सूची उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है।

# आईजी रेलवे मोदक राजेश डी. राव ने चारबाग रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

### जीआरपी पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं को भी परखा

**लखनऊ।** जीआरपी के नवनियुक्त आईजी मोदक राजेश डी. राव ने मंगलवार को चारबाग रेलवे स्टेशन और जीआरपी लाइन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आईजी मोदक राजेश डी. राव ने जीआरपी के पुलिस अधिकारियों को हिदायत दी आगामी त्योहार दशहरा, दिवाली और छठ पर्व पर ट्रेनों में आने-जाने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं को और अधिक चाक-चौबंद करने के निर्देश दिये। उन्होंने जीआरपी के अफसरों से निर्देश दिया कि ट्रेनों में जांच-पड़ताल को अधिक सशक्त करें और स्टेशनों पर आराजकतत्वों को सख्त नजर रखें। इस दौरान उन्होंने जीआीरपी थाने की व्यवस्थाओं को भी परखा। उन्होंने जीआरपी पर्व पर जहरखुरानों व चोरी की वारदात करने वालों पर सख्त नजर रखने क साथ प्लेटफार्मों पर और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सीओ रेलवे ऋषिकेश यादव के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

इसके पश्चात आईजी रेलवे मोदक राजेश डी. राव ने जीआरपी पुलिस लाइन का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं परखा। पुलिस लाइन में जीआरपी के जवानों ने आईजी मोदक राजेश डी. राव को सलामी दी।

मोदक राजेश डी. राव 2003 बैच के आईपीएस अधिकारी है। वह अभी जल्द ही सीबीसीआईडी से जीआरपी आईजी के पद पर तैनात हुए हैं।







## बच्चों के लिए दिये फर्नीचर और कम्प्यूटर

लखनऊ। आईडीबीआई बैंक आलमबाग शाखा ने बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मंगलवार को प्राइमरी स्कूल सरोजनी नगर को फर्नीचर तथा कंप्यूटर दिये। इस दौरान समाजसेवी रितेश श्रीवास्तव ने बच्चों के लिए कम्प्यूटर टेबल भी प्रदान की तथा फल वितरित किये। प्राइमरी कक्षा के बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आईडीबीआई बैंक डीजीएम अनुराग वर्मा, मैनेजर अवनीश रंजन, खंड शिक्षा अधिकारी आरपी यादव, ग्राम प्रधान केके सिंह, प्रधानाचार्य मिनी रायजादा, रितेश श्रीवास्तव (समाजसेवी) एवं विद्यालय स्टाफ व अभिभावक उपस्थित रहे।

**भाषा विवि में प्रवेश की अंतिम तिथि अब 29 तक...लखनऊ।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 29 सितंबर 2025 कर दी गई है। इससे पूर्व प्रवेश की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित थी। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, यह निर्णय छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रवेश संबंधी जानकारी और मार्गदर्शन के लिए छात्र विश्वविद्यालय के एडमिशन डेस्क से भी संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही आगामी 14 अक्टूबर को होने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा के लिए कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने सभी समितियों की बैठक की।

# डीआरएम ने किया 3 रेलकर्मी को सम्मानित



**लखनऊ।** मंगलवारको उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा संरक्षा से जुड़े कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 3 रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी समर्थ गुप्ता व वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी अभियंता (सी एंड डब्ल्यू) देवेश शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सम्मानित किए गए रेलकर्मी लखनऊ मंडल के संरक्षा, परिचालन तथा इंजीनियरिंग विभाग से संबंधित हैं, जिन्होंने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में संरक्षित एवं सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। इनके सतर्क प्रयासों से मंडल में संरक्षा मानकों में निरंतर सुधार हुआ है। सम्मानित रैलकर्मियों में आकाश वर्मा, स्टेशन मास्टर (मगरवारा), पप्पू यादव, पॉइंट्स मैन (अयोध्याधाम) तथा संजय कुमार मूरमु, टेकनीशियन थर्ड (कोचिंग डिपो लखनऊ) हैं।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि रेलवे में संरक्षा सर्वोपरि है, और हमारे रेलकर्मी विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा, सजगता और समर्पण के साथ निभाते हैं। ऐसे कर्मठ कर्मचारियों का सम्मान न केवल उन्हें प्रोत्साहित करता है, बल्कि अन्य साथियों को भी प्रेरणा देता है। उन्होंने सम्मानित कर्मचारियों की सराहना करते हुए अन्य रेलकर्मियों को भी उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

## अखिलेश यादव ने सिंगर मनकीरत से की भेंट

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मंगलवार को पंजाब के पापुलर सिंगर मनकीरत ने भेंट की। अखिलेश यादव ने उन्हें शाल ओढ़ाकर तथा बुके देकर सम्मानित किया। यादव ने कहा कि मनकीरत न केवल हिन्दुस्तान अपितु विदेशों में भी बहुत लोकप्रिय हैं। गीत-संगीत की दुनिया में उनका बड़ा नाम है। उन्होंने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद में 5 करोड़ की धनराशि अब तक खर्च कर देने के लिए उनकी सराहना की। अखिलेश यादव ने कहा कि सिख समाज ने देश-विदेश में अपनी मेहनत से अलग पहचान बनाई है। सरकार ने उनकी वैसी मदद नहीं की जैसी करनी चाहिए थी। भाजपा की डबल इंजन सरकार किसान, नौजवान और महिला विरोधी है। हिरासत में मौतें हो रही है। फर्जी इनकाउण्टर हो रहे हैं। महिलाएं, बच्चियां असुरक्षित है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। लोकतंत्र में वोटों की लूट की जा रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब में बाढ़ की समस्या गंभीर है। इससे लाखों लोग प्रभावित हुए है। वे सब परेशान है।

## कल लखनऊ में रहेंगे जयंत चौधरी

**लखनऊ।** रालोद के मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने जानकारी दी कि भारत सरकार में कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी 17 सितम्बर को लखनऊ प्रवास पर रहेंगे। कार्यक्रम के अनुसार मंत्री का प्रस्थान प्रातः 07:35 बजे आईजीआई एयरपोर्ट, दिल्ली से होगा और 08:45 बजे लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उनका आगमन होगा। इसके बाद वे 09:25 बजे इमेजिन रिजॉर्ट, आईआईएम रोड, जॉगर्स पार्क सर्किल, लखनऊ पहुंचेंगे और 09:30 बजे से 10:30 बजे तक आमजन से भेंट कर संवाद करेंगे। 10:40 बजे वे पुनः इमेजिन रिजॉर्ट से प्रस्थान कर 11:15 बजे वीवीआईपी गेस्ट हाउस, लखनऊ पहुंचेंगे। दोपहर 02:40 बजे मंत्री वीवीआईपी गेस्ट हाउस से प्रस्थान कर 03:00 बजे लखनऊ कौशल महोत्सव में शिरकत करेंगे, जो कोल्विन तालुकेदार्स कॉलेज, लखनऊ में आयोजित होगा।

# पदक पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में पुनर्वास विवि का दीक्षांत समारोह सम्पन्न

### 143 मेधावियों को 166 पदक और 1803 छात्रों को विभिन्न उपाधियां की गयी वितरित

विशेष संवाददाता (vol)





**● राज्यपाल ने आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए 300 आंगनबाड़ी किटों का किया वितरण**

**● विद्यार्थी अच्छे कार्य करते रहें, आगे बढ़ें और जीवन को बेहतर बनायें : आनंदीबेन पटेल**

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का द्वादश दीक्षांत समारोह मंगलवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर 143 मेधावियों को 166 पदकों से अलंकृत किया गया, जिनमें 76 पदक छात्राओं और 67 पदक छात्रों को प्रदान किए गए। विशेष रूप से 27 दिव्यांग विद्यार्थियों ने भी पदक प्राप्त किए। समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी पदक धारकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने समस्त डिग्रियों को डिजीलॉकर पर बटन दबाकर आनलाइन अपलोड भी किया। इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा विश्वविद्यालय की दीक्षांत स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय में अब तक सामान्य विद्यार्थियों को अधिक पुरस्कार मिलते थे लेकिन उनके सुझाव पर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए कुलाध्यक्ष स्वर्ण पदक, मुख्यमंत्री स्वर्ण पदक और कुलपति स्वर्ण पदक की श्रेणियां बनायी गयी। इससे दिव्यांग विद्यार्थियों को फायदा हुआ। उन्होंने इस विश्वविद्यालय को समावेशी शिक्षा का एक आदर्श स्थल बताते हुए कहा कि यहां दिव्यांग और सामान्य विद्यार्थी समान अवसरों के साथ शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय को ज्ञानयज्ञ का स्थान बताते हुए मातृभूमि के प्रति प्रेम, कर्तव्यपरायणता, सहिष्णुता, सामाजिक न्याय, ईमानदारी और आत्म-नियंत्रण जैसे मूल्यों के प्रसार पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में न केवल भारत, बल्कि विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। यह एशिया का एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जहां दिव्यांग और सामान्य विद्यार्थी समान मंच पर शिक्षा प्राप्त करते हैं। राज्यपाल ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिव्यांगजन आयुक्त, भारत सरकार एस. गोविंद राज के समर्पण और कार्यक्षेत्र की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने तीन दशकों से दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में उल्लेखनीय योगदान दिया है। राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को भी सराहा, जिसमें नेचर इंडेक्स रैंकिंग 2025 में 162वां स्थान, रसायन विज्ञान श्रेणी में 139वां तथा बायोलॉजिकल साइंस में 59वां स्थान प्रमुख हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा अमेरिका, आयरलैंड, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया एवं आईआईटी बीएचयू के साथ किए गए अकादमिक सहयोगों का उल्लेख करते हुए शोध और नवाचार की संस्कृति को सराहा। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्षों, अध्यापकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि समावेशी विश्वविद्यालयों में काम करना चुनौतीपूर्ण जरूर होता है, लेकिन यह समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अच्छे कार्य करते रहें, आगे बढ़ें और जीवन को बेहतर बनाएं ताकि देश का विकास हो। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए पांच गांवों के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने 04 वर्ष की छात्रा अनन्या द्वारा महिला सशक्तीकरण पर दिये गये भाषण की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि कल प्रधानमंत्री का जन्मदिन है और उसी दिन से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा शुरू होगा, जो 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय और जिला प्रशासन लखीमपुर खीरी के सहयोग से लखीमपुर खीरी के आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए 300 आंगनबाड़ी किट का वितरण किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, नरेन्द्र कश्यप, प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण सुभाष चंद्र शर्मा, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह, विश्वविद्यालय के कुलसचिव, कार्यपरिषद एवं विद्यापरिषद के सदस्य, समस्त संकायाध्यक्ष, शिक्षकगण, अभिभावकगण, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राएं एवं जिला प्रशासन के अधिकारी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## ज्ञान को निरंतर विकसित करते रहे : एस. गोविन्द राज

समारोह में मुख्य अतिथि, आयुक्त दिव्यांगजन, भारत सरकार एस. गोविन्द राज ने उपाधि एवं पदक प्राप्त विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सीखने का क्षेत्र यहीं समाप्त नहीं होता, इसे निरंतर आगे बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जो ज्ञान विद्यार्थी अब तक प्राप्त कर चुके हैं, वह उन्हें बुद्धिमत्ता की ओर ले जाने वाला मार्ग है। इस विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को ज्ञान प्रदान कर उनके जीवन का मार्गदर्शन किया है। इसलिए हमें केवल वर्तमान ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे निरंतर विकसित करते रहना चाहिए। गोविन्द राज ने कहा, अब यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप इस ज्ञान को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्रों की भागीदारी केवल उनके स्वयं के विकास तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह दूसरों के सशक्तिकरण और समाज के उत्थान में भी प्रभावशाली रूप से दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपने ज्ञान को समाज और देश की सेवा में लगाने का आह्वान किया।

# एकेटीयू के स्टार्टअप सीडीआरआई में कर सकेंगे क्लीनिकल ट्रायल

### योगी की उपस्थिति में दोनों संस्थानों के बीच हुआ एमओयू, शोध सहित अन्य क्षेत्रों में करेंगे सहयोग

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब में पंजीकृत स्टार्टअप अब सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीडीआरआई) में अपने शोध का क्लीनिकल ट्रायल कर सकेंगे। इस दौरान उन्हें सीडीआरआई के विशेषज्ञों का मार्गदर्शन भी मिलेगा। यह सुविधा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय मंत्री एवं सीएसआईआर के वाइस प्रेसीडेंट जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में एकेटीयू एवं सीडीआरआई के बीच हुए एमओयू के तहत मिलेगी। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय एवं सीडीआरआई के निदेशक ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। इस दौरान कार्यवाहक कुलसचिव केशव सिंह भी मौजूद थे।

**फार्मा स्टार्टअप को मिलेगा फायदा :** दोनों संस्थानों के बीच हुए एमओयू का फायदा फार्मा के क्षेत्र में कार्य कर रहे स्टार्टअप को मिलेगा। फार्मा क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण होता है क्लीनिकल ट्रायल। यह सुविधा सीडीआरआई सहित कुछ गिने चुने संस्थानों में ही है। ऐसे में क्लीनिकल ट्रायल की सुविधा मिलने से स्टार्टअप अपने शोध की परख आसानी से कर सकेंगे। यही नहीं, सीडीआरआई में मौजूद उच्चस्तरीय लैब में स्टार्टअप अपने प्रोडक्ट पर कार्य कर सकेंगे। संस्थान में बायोटेक्नोलॉजी लैब सहित अन्य कई उच्चक्षमता वाले लैब हैं। इसके अलावा स्टार्टअप को सीडीआरआई के विशेषज्ञ मेंटारिंग सहायता भी प्रदान करेंगे। ताकि उनका स्टार्टअप सफल हो सके।

## प्रदर्शनी में सीडीआरआई के स्टार्टअप को मिलेगा अवसर

एमओयू के तहत सीडीआरआई के स्टार्टअप विश्वविद्यालय में लगने वाले स्टार्टअप प्रदर्शनी में शामिल हो सकेंगे। इनोवेशन हब की ओर से समय-समय पर प्रदर्शनी लगायी जाती है। इसमें शामिल होने पर स्टार्टअप को काफी फायदा होता है। प्रदर्शनी में न केवल निवेशकों की नजर रहती है बल्कि प्रोडक्ट का प्रचार-प्रसार भी होता है। एकेटीयू के स्टार्टअप को डीन इनोवेशन प्रो. बीएन मिश्रा, एसो. डीन डॉ. अनुज कुमार शर्मा आगे बढ़ाने में मदद कर रहे हैं।

## एकेटीयू में क्षय रोगियों को लिया जायेगा गोद

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में 17 सितंबर को क्षय रोगियों को गोद लिया जाएगा। इस दौरान दिन में 11 बजे से कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें क्षय रोगियों को गोद लेने के साथ ही पोषण की पोटली का वितरण किया जाएगा।

संक्षेप

## सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ आज से

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर कल 17 सितंबर को देवरहवा बाबा मेडिकल कालेज में सुबह 10 बजे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया जाएगा तथा मरीजों में फल वितरण भी किया जाएगा जिसके मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद आर पी एन सिंह, तथा विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही होंगे। इस बावत जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 17 प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, प्रदर्शनी, प्रबुद्ध संवाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन, तथा उनके जीवन पर आधारित पुस्तकों का वितरण, नमो मैराथन, वृक्षारोपण, संगोष्ठी, विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता जैसे तमाम कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह करेंगे तथा कार्यक्रम के संयोजक भाजयुमो अध्यक्ष होंगे।

## 10 पहलवान दिखायेंगे प्रतियोगिता में दम

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिला खेल कार्य सुलतानपुर पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कुश्ती सीनियर पुरुष ट्रायल में 10 खिलाड़ियों का चयन किया जिसमें अक्षत त्रिपाठी मो एहसान, मो. गुफरान, मो. हुसैन, मो. आयान, फैजान अहमद, शहबांन खान, इमरान खान, दीपक कुमार वर्मा, अर्श इन्जमाम का चयन विभिन्न भार वर्ग में किया गया। चयनित खिलाड़ी कल क्षेत्रीय खेल कार्यालय अयोध्या में प्रतिभाग करेंगे, ये खिलाड़ी कुश्ती कोच राम नरेश से नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं, क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने बताया की सभी खिलाड़ी आधार कार्ड और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ मंडल में प्रतिभाग करेंगे वहां से चयनित खिलाड़ी गोरखपुर में 27 से 29 सितंबर को आयोजित होने वाली पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी के अवसर पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना खेल कौशल दिखाएंगे ट्रायल में स्टेडियम कोच श्यामधर ओझा आनंद श्रीवास्तव प्रदीप यादव सहित प्रशिक्षक व खिलाडी मौजूद रहे।

## बाइकसवार दो छात्रों की सड़क हादसे में मौत, एक घायल

**देवरिया।** सदर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को सुबह आठ बजे मोटरसाइकिल सवार दो छात्रों की सड़क हादसे में मौत हो गई जबकि एक अन्य छात्र घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, आज सुबह आठ बजे तीन छात्र एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर कॉलेज जा रहे थे कि उनकी मोटरसाइकिल सदर कोतवाली क्षेत्र के पुरवां चौराहे के पास अनियंत्रित होकर एक ट्रक (डीसीएम) से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में आर्यन (18) निवासी विशुनपुर और ऋतिक(17) निवासी सेमरा की मौत हो गई है। एक अन्य घायल छात्र अंकित(16) को चिकित्सकों ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। इस संबंध में शहर कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने कहा कि ट्रक की तलाश जारी है।

# बांसी नदी के पुनरुद्धार को लेकर हुई बैठक

## सामाजिक अभियान के रूप में तय तिथि को किया जायेगा श्रमदानः जिलाधिकारी

- गठित कमेटी ने कुल 114 किमी लंबाई को सेक्टर में विभाजित कर तैयार की है कार्य योजना



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में आज बांसी नदी के पुनरोद्धार के संबंध में आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक दौरान बांसी नदी के कुल लंबाई 114 किमी व 0 से 60 किमी का क्षेत्र सिंचाई खंड 2 तथा 60 से 114 किमी का क्षेत्र बाढ़ खंड के अंतर्गत आने वाले विभिन्न सेक्टर में विभाजित कर जीर्णोद्धार हेतु बनाई गई कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक दौरान बांसी नदी का ड्रोन कैमरे से लिए गए वीडियो का अवलोकन किया गया। डीएम ने सीडीओ को निर्देशित को निर्देशित किया कि नदी की सफाई हेतु तिथि का निर्धारण करते हुए सभी संबंधित को अवगत कराएं ताकि यूके अवधि को अभियान के रूप में श्रमदान कर सफाई कार्य किया जा सके। उन्होंने इस कार्य हेतु उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों से अपील करते हुए आम जन को प्रेरित कर अभियान का हिस्सा बनने का आह्वान किया। डीएम ने सीडीओ को निर्देशित किया कि इस कार्य हेतु बनाए गए 6 करोड़ 22 लाख के डीपीआर को गहनता से जांच कर शासन को शीघ्र भेज दिए जाएं ताकि धन की स्वीकृति होते ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाय। उन्होंने कहा कि नदी में जलकुंभी दुबारा न हो इसके कारकों को खत्म करना होगा। उन्होंने ग्राम प्रधान गण से भी टाइड फंड अंतर्गत कार्य कराए जाने की अपेक्षा करते हुए कहा कि इस कार्य हेतु प्राप्त 2 करोड़ में 1.5 करोड़ बांसी नदी हेतु मेरे स्तर से दी जाएगी तथा 50 लाख हिरण्यवती नदी के पुनरोद्धार हेतु दिए जाने का निर्णय किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस विभाग का जो कार्य है उसके संबंध में कार्ययोजना के तहत अपना अपना कार्य शुरू कर दें। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्ययोजना के तहत कौनसा कार्य एक सप्ताह, कौन सा कार्य 15 दिन, कौनसा कार्य महीने भर में पूर्ण होगा इसका भी उल्लेख किया जाय। उन्होंने बांसी नदी के किनारों पर पैमाईश के उपरांत सरकारी जमीनों पर तालाब/केले की खेती प्रशासन की देख रख में किए जाने सहित पल्यूशन विभाग को भी कमेटी में सम्मिलित किए जाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये अभी शुरूआत है, जब तक कार्य पूर्ण नहीं होता तब लगातार सभी संबंधित/स्वयंसेवी संस्थाओं/ग्राम प्रधान गण सहित आम जनमानस से संपर्क कर सामाजिक अभियान बनाएं, उन्होंने कहा कि यह लोगों के लिए नदी है मेरे लिए पवित्र नदी है। ग्राम प्रधानों द्वारा पूछे गए प्रश्न के क्रम में मेला से पूर्व सफाई का कार्य पूर्ण कर लिए जाने हेतु प्रशासन के तरफ से आश्वस्त किया गया। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा अब किए गए कार्यों/कार्ययोजना के संबंध में विधिवत जानकारी दी गई। इस दौरान एडीएम वैभव मिश्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार पाण्डेय, डीसी मनरेगा राकेश, सहित अन्य सभी संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी गण, बीडीओ, अधि0अभि0 न0प0 के साथ बांसी नदी से लगे ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान गण उपस्थित रहे।

## कोटेदार पर घटतौली व कालाबाजारी का आरोप

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** रामनाथपुर गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर से मिलकर कोटेदार पर गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना है कि कोटेदार फूलपति कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से कम राशन देती हैं। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक हर कार्डधारक को 3 से 4 किलो तक राशन कम दिया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जब भी वे उचित मूल्य की दुकान पर राशन लेने जाते हैं, तो कोटेदार घटतौली करती हैं। विरोध करने पर अनसुना कर दिया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार राशन की कालाबाजारी भी कर रही हैं। इस वजह से पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजना का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी प्रभात सिंह से की। एसडीएम ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पूर्ति निरीक्षक कूरेभार को जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर कोटेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिकायत के दौरान झिंनकाने, अवधेश कुमार, मुकेश गुप्ता, नरेंद्र यादव, संतोष, विवेक कुमार चनिका मनिका हरिराम जायसवाल सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पारदर्शी ढंग से जांच कर उन्हें न्याय दिलाया जाये।

# ग्रापए ने सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा



**देवरिया।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आज ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जनपदीय शाखा द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित 7 सूत्री मांगों का ज्ञापन जिला अधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल को सौपा। जिला अध्यक्ष नागेंद्र नाथ शर्मा के नेतृत्व में ग्रापए ने अपने मांग पत्र में राज्य मुख्यालय पर कार्यालय के लिए भवन आवंटित करने, ग्रामीण पत्रकारों को भी आयुष्मान योजना का लाभ देने, शासन स्तर से बीमा कराने, अधिकारी की जांच के पश्चात ही पत्रकारों के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज करने,, तहसील स्तर पर भी स्थाई समिति गठित करने, प्राकृतिक आपदा, दुर्घटना के शिकार पत्रकारों के परिजनों को किसान बीमा की तरह 5 लाख रुपए के अतिरिक्त मुख्यमंत्री राहत कोष से 20 लाख रुपए की सहायता देने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध वसूली करने वाले फर्जी पत्रकारों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई है। जिला मुख्यालय पर भारी संख्या में उपस्थित ग्रापए के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर जिला अधिकारी को ज्ञापन सोपा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन वीरेंद्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष पौहारी शरण राय, जिला महासचिव डॉक्टर हरिशचंद्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष आनंद मोदनवाल संरक्षक पीसी मिश्रा जिला उपाध्यक्ष राम नवल सिंह, राजेंद्र सिंह गंगा पांडे, के पी गुप्त जिला मंत्री मनोज भारती सुरेश पांडेय, तहसील अध्यक्ष श्याम नारायण मिश्रा, विनोद सिंह, विजय सिंह मंडल महामंत्री डॉ अजय बरनवाल मनोज तिवारी मधुर, प्रेम कुमार। मुफलिस, रत्नेश यादव, आदित्य कुमार मिश्रा राकेश यादव, सत्येंद्र दुबे, परमेश्वर दयाल मिश्रा, रामू यादव आज दर्जनों लोग उपस्थित थे विदित हो कि अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा सभी जिला मुख्यालयों पर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया।

## एनएसबीवीएम में विश्व ओजोन दिवस का कार्यक्रम आयोजित

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में विश्व ओजोन दिवस पर एक लघु कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्कूल की छात्राओं को टीचर्स ने ओजोन परत के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह वायुमंडल की एक परत है, जो सूरज की पराबैंगनी किरणों से पृथ्वी को बचाती है। ऐसी स्थिति में ओजोन परत का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य बन जाता है। ओजोन एक वायुमंडलीय गैस है, जो कुछ रसायनों द्वारा हो रहे वायुमंडलीय प्रदूषण के कारण निरंतर घट रही है। ओजोन लेयर ही हमारी पृथ्वी की सुरक्षा कवच के रूप में काम करती है। ओजोन की परत की रक्षा से ही पृथ्वी पर जीवन संभव है। इसलिए वायुमंडलीय प्रदूषण को कम करके ओजोन क्षय को रोका जा सकता है। विश्व ओजोन दिवस हमें यह संदेश देता है कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। ओजोन परत को सुरक्षित रखना धरती पर जीवन के लिए अनिवार्य है। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने बच्चों का ध्यान ओजोन लेयर की तरफ आकर्षित करते हुए कहा कि हमारे जीवन के लिए जितनी महत्वपूर्ण ऑक्सीजन है, उससे ज्यादा महत्वपूर्ण ओजोन है। आज विश्व ओजोन दिवस मनाया जा रहा है, इसका मतलब विश्व भर के लोगों को ओजोन लेयर के महत्व के संबंध में जागरूक करना है।

## डीएम के माध्यम से पीएम को संबोधित ज्ञापन प्रेषित

**रायबरेली।** केन्द्र सरकार द्वारा गुप-चुप तरीके से सेवारत शिक्षकों की सेवा शर्तों में किए गए संशोधन और सुप्रीम कोर्ट द्वारा उसे बाध्यकारी किए जाने से आहत शिक्षक व शिक्षिकाएं आज विकास भवन परिसर में हजारों की संख्या में एकत्र हुए और डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन प्रेषित किया। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा सेवा शर्तों में संशोधन किए जाने और सुप्रीम कोर्ट द्वारा इसे बाध्यकारी किए जाने से शिक्षक समाज हतप्रभ है। इस दमनकारी निर्णय का विरोध किया जाएगा। अध्यक्ष जिला संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी ने कहा शिक्षक के समक्ष आज आजीविका का संकट खडा हो गया है।

# प्रा.शिक्षक संघ ने टीईटी की अनिवार्यता आदेश को लेकर ज्ञापन सौंपा



**देवरिया।** उत्तर-प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर शिक्षको ने हजारो की संख्या में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर उपास्थित होकर टीई टी की अनिवार्यता सम्बंधी आदेश को वापस लेने की आवाज बुलंद किये। शिक्षकों के टीईटी अनिवार्य किये जाने का विरोध करते हुये सरकार को न्यायोचित संवैधानिक पहल हेतु पीएम को सम्बोधित ज्ञापन एण्डी०एम०प्रशासन सतेन्द्र सिह के माध्यम से प्रोषित किये। समय रहते इस काले कानून से शिसको को राहत देने की मांग की। अन्यथा आरपार की संघर्ष का ऐलान किया। जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि देश के किसी भी विभाग में सेवा के बाद सेवा में बने रहने के लिए कोई अहिता वास करने संबंधित आदेश निर्देश नहीं है। यह शिक्षकों के सम्मान के साथ खिलवाड़, उनकी गरिमा को ठेश पहुंचाने वाला काला कानून है। इसे शिक्षक सहन नहीं करेगा। प्रदेश व केंद्र सरकार सवैधानिक संशोधन कराये नही तो शिक्षक सड़क से लेकर राजधानी दिल्ली तक आंदोलन के लिए बाध्य होगे।

जिलामंत्री अमन्द प्रकाश यादव ने कहा कि जारी आदेश शिक्षको की सेवा सुरक्षा पर कुठाराघात है। जिन शिक्षको ने 20 से 25 वर्ष सेवा दे चुके हुए उनपर अन्याय है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सव्य प्रकाश सिंह ने कहा कि बहुत से शिक्षक ऐसे इण्टर धारी है जिनकी उम्र 50 वर्ष मृतक आश्रित, या अधिक है। वे अपनी तात्कालिक सेवा शर्तों के आधार पर नौकरी प्राप्त किये है उन्हें टीई की अनिवार्यता बाहर का रास्ता दिखाने सम्बन्धी काला कानून वापस होगा चाहिए। कार्यक्रम का संचालन जिला संयुक्त मंत्री गटपकेश जायसवाल व जिला मीडिया प्रभारी संदीप कुमार हिंवेदी ने किया। उक्त अवसर घर जिला कोषाध्यस जय प्रकाश मणि, शफीक अब खम, विनोदकुमार मिश्र, वैजनाथ पति त्रिपाठी नित्यानन्द यादव संजय मिश्रा, संजय सिंह, आलोक सिंह, वृजेश राव, सस्पेन्द्र सिंह, दिनेश याछ, सुशील, सुशीला अहकातिवारी विक्रम प्रताप एक जय प्रकाश सिंह, नरेन्द्र, राजकपूर रमेश प्रसाद यादव बस्ती राय श्वेता वर्मा अदि उपस्थित थे।

# जनसमस्याओं को लेकर सपाइयों ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन




**बरहज, देवरिया।** बरहज तहसील क्षेत्र की जनसमस्याओ को लेकर सपा कार्यकर्ताओ का प्रतिनिधि मंडल पूर्व विधायक स्वामी नाथ यादव व सपा यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव हरिकेश यादव के नेतृत्व मे उपजिलाधिकारी बरहज को ज्ञापन सौप कर अविलम्ब कार्यवाही करने की मांग की। दिये गये पत्रक मे सपा नेताओं ने बरहज सोनूघाट मार्ग जो बर्षो से जर्जर हालत मे है, इसके निर्माण एवं तहसील क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था जो बराबर अनियमित आपूर्ति व कटौटी एवं लो बोल्टेज की बराबर समस्या बनी रहती है। उन्होंने बताया कि बर्षो से मोहन सेतु का निर्माण अधर मे लटका हुआ है। इससे देवरिया जनपद को मऊ जिले को जोडने व आवागमन होने से आमजन को सुविधा होगी, इसके निर्माण पर सरकार का ध्यानाकर्षण कराया। दिये गये पत्रक मे खाद की उपलब्धता नही होने, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया मे बिलंब होने से छात्रो व अन्य लोगो को हो रही कठिनाइयों से अवगत कराते हुए तत्काल कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान रामदवल यादव, बलवंत गुप्ता, राहुल यादव, दिनेश यादव, आकाश गौड, महातम यादव, राजेश कुमार सहित अन्य सपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# स्वच्छता प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभासदों और सफाई सुपरवाइजरों को दिलायी गयी शपथ



**कसया, कुशीनगर।** स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद कुशीनगर में इस वर्ष की थीम 'स्वच्छोत्सव' के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित कर सभासद और सफाई सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया और ईओ अंकिता शुक्ला ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। मंगलवार को नपा कुशीनगर के सभागार में स्वच्छता ही सेवा को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन नगरीय, राज्य मिशन निदेशालय के निर्देश के क्रम में आयोजित प्रशिक्षण और शपथ ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष स्वच्छित्सव के अंतर्गत क्लीन ग्रीन उत्सव, स्वच्छता लक्षित इकाई के तहत सी टी यू को चिन्हित किया जाना, स्वच्छता के प्रति एडवोकेसी जिसमें वेस्ट टू आर्ट, स्वच्छ फूड स्ट्रीट, आर आर आर गैलरी सेंटर, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच और उन्हें योजनाओं का लाभ, सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता, श्रमदान के माध्यम से संपूर्ण स्वच्छता और स्वच्छता लक्षित इकाई के तहत ब्लैक स्पॉट चिन्हित करना और साफ - सफाई करनी है। संचालन करते हुए नगर के स्वच्छता प्रभारी श्रवण कुमार तिवारी ने बताया कि 15 सितंबर से चल रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत 17 सितंबर को नगर के चिन्हित स्थलों की सफाई, 25 सितंबर को एक दिन एक घंटा एक साथ सफाई अभियान चलेगा, 2 अक्टूबर को स्वच्छता में सहयोग करने वाले सफाई मित्र, स्वच्छ सारथी क्लब, ब्रांड अम्बेसडर व स्वयं सहायता समूह के लोगों को सम्मानित किया जाएगा। 25 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य 156 घंटे महा सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम में सभासद केशव सिंह, राजेश मद्धेशिया, मिथिलेश शर्मा, संत राज यादव, अमेरिकन सिंह, बैजू चौहान, दुर्गेश शर्मा, पवन जायसवाल, प्रधान लिपिक राजेश श्रीवास्तव आदि समस्त कर्मचारी उपस्थित है।

## मण्डल अध्यक्ष ने सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक से की मुलाकात

**सुलतानपुर (वीओएल)।** मुख्य सचिव के आदेश के बाद भी महीने की हर 15 तारीख को होने वाली बैठक न कराए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने सहायक शिक्षा निदेशक को पत्र दिया। सौंपे गए पत्र में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन के मण्डल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह पिंटू ने सहायक शिक्षा निदेशक अयोध्या कौस्तुभ कुमार सिंह से मिलकर अवगत कराया है कि मुख्य सचिव के आदेश के बाद भी जनपद स्तर पर विभागाध्यक्ष द्वारा कर्मचारी संगठनो के साथ कोई बैठक नहीं की जा रही है। जिससे कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। जबकि मुख्य सचिव ने अपने पत्र 12 दिसंबर 24 के माध्यम से अवगत कराए है कि समस्त विभागाध्यक्ष कर्मचारी संगठनों के साथ महीने की 15 तारीख को बैठक कर जो जनपद स्तर पर मामले लंबित है उनका निस्तारण कराए। जिसका निस्तारण जनपद स्तर पर न होने लायक हो, उसको शासन को भेजे। जिससे उसका निस्तारण शासन स्तर पर कराया जा सके। उसके बाद भी जनपद स्तर पर विभागाध्यक्षों द्वारा कोई बैठक नहीं की जा रही है। मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने सहायक शिक्षा निदेशक अयोध्या कौस्तुभ कुमार सिंह से मिलकर बैठक कराए जाने का अनुरोध किया है। जिस पर सहायक शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल अयोध्या ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर, अमेठी, अम्बेडकर नगर, अयोध्या, व बाराबंकी को पत्र भेज कर कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक कराए जाने का निर्देश दिए।

# किसानों को दी गयी गन्ने की वैज्ञानिक खेती और कृषि यंत्रों की जानकारी




**कुशीनगर।** ढाढा चीनी मिल हाटा द्वारा फाजिलनगर विकाश खंड के ग्राम बड़हरा मंदिर परिसर में आयोजित शारदकालीन गन्ना विकास गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को वैज्ञानिक खेती और खेती में कृषि यंत्रों के प्रयोग एवं उसके लाभ के विषय मे जानकारी दी। ढाढा चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष आरके गुप्ता के निर्देश पर विशेष प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को आयोजित गोष्ठी में उप्र गन्ना किसान संस्थान केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि शरदलकाल मे गन्ना बोने से बसंतकाल में बोए गए गन्ने की तुलना से 20 से 25 प्रतिशत अधिक उपज प्राप्त होगा। किसान अधिक उपज देने वाली प्रमुख गन्ना प्रजातियों को118, को. 15023, को. शा. 13235, को. लख. 14201, जलप्लावित क्षेत्र के लिए को. प.9301 आदि की बुवाई 4 फिट की दूरी पर नाली बनाकर करे। आय बढ़ाने के लिए आलू, टमाटर, लहसुन, गोभी, सरसों, टमाटर, गेहूं आदि की सहफसली खेती करें। मिल के अधिशाषी अध्यक्ष श्री गुप्ता के अनुसार किसान गन्ने की वैज्ञानिक ढंग से खेती करे और चीनी मिल की विकाश योजनाओं का 8 लाभ उठाए। 400 से 500 कुंतल प्रति एकड़ उपज के लिए चीनी मिल की योजनाओं का 8 लाभ उठाएं। वरिष्ठ गन्ना अधिकारी अमरजीत वर्मा, गन्ना प्रबंधक संजय सिंह ने बताया कि गन्ना बुआई, निराई, गुड़ाई, मिट्टी, चढ़ाई, कटाई कार्य मशीन से होगा। अनुदान पर मशीन किसानों को दिया जा रहा है। किसान अजय कुमार चौबे मशीन खरीदने के लिए आवेदन किया तथा प्रमोद कुमार सिंह, दीपक सिंह, कन्हैया कुशवाहा, अनिल सिंह आदि ने 11 एकड़ गन्ना बोने के लिए कर्मी शिवेंद्र विक्रम सिंह को इंडेंट दिया।

## एनएचएम कर्मचारी संघ ने मुख्य चिकित्साधिकारी का किया स्वागत

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) संविदा कर्मचारी संघ जनपद इकाई के पदाधिकारियों द्वारा संघ के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में नवागत मुख्य चिकित्साधिकारी कुशीनगर डॉ. चंद्र प्रकाश को पुष्प गुच्छ भेंट कर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा कर्मचारी समस्याओं व त्योहारी माह में सेलरी अब तक न मिलने से अल्प वेतनभोगी कर्मचारियों की पीड़ा से अवगत कराया गया। जिलाध्यक्ष सतेन्द्र पाण्डेय ने 11 सौ संविदा कर्मचारियों का त्यौहार फीका न हो सितंबर माह की सेलरी शीघ्र आहरित करने हेतु ज्ञापन दिया गया।

सीएमओ डॉ. चंद्र प्रकाश ने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की समस्या का समाधान होगा साथ ही जनपद का रैंकिंग सुधारने के लिए कर्मचारी संगठन से आह्वाहन किया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी / जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर एस एन त्रिपाठी ने कर्मचारियों के कार्यो की सराहना कर उत्साह बढ़ाया। स्वागत प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से संघ के मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव (लडडू), कोर कमेटी के जिलाध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश तिवारी, जिलाउपाध्यक्ष डॉ. मधुसूदन मिश्र, जिलाउपाध्क्ष डा0 संजय कुमार सिंह, संघ के प्रदेश संरक्षक अमित पाण्डेय, महामंत्री राजू यादव, जिलाकोषाध्यक्ष विशाल जायसवाल, मंत्री विवेक यादव, संगठन मंत्री संतोष यादव, किरन यादव, अनूप गोंड आदि ने स्वागत किया। इस अवसर पर जिला संयुक्त चिकित्सालय एवं सीएचसी/पीएचसी के दर्जनक संविदा कर्मचारी एवं आशा संगिनी, आशा बहने उपस्थित रही।

# जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की हुई बैठक

**कुशीनगर।** डीएम महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता तथा सीडीओ गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्व प्रथम जनपद के विभिन्न उच्च विद्यालयों के प्रबंधक गणों द्वारा अलंकार योजना अंतर्गत सहमति पत्र/आवेदन दिए जाने की समीक्षा की गई, डीएम ने कहा कि विद्यालयों की जर्जर स्थिति के दृष्टिगत शासन द्वारा मरम्मत कराए जाने हेतु अनुमानित लागत का 75 प्रतिशत शासन द्वारा बहन किया जाएगा तथा 25 प्रतिशत प्रबंधक द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपेक्षा करते हुए कहा कि इस कार्य हेतु आवेदन शीघ्र करें ताकि आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए बजट मांग पत्र शासन को प्रेषित किया जा सके।




बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी श्री तंवर ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के सभी जर्जर विद्यालय भवनों की विस्तृत सूची तैयार की जाए। इस सूची में प्रत्येक भवन की वर्तमान स्थिति, स्थान तथा आवश्यक मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण की जानकारी स्पष्ट रूप से अंकित हो। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी विद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों के लिए जन्म प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाया जाए, ताकि विद्यार्थियों को समय पर प्रमाण पत्र उपलब्ध हो सके। साथ ही शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत नामांकन बढ़ाने हेतु ठोस एवं प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं के लिए आवश्यक सुविधाओं के शत-प्रतिशत सन्तृप्तिकरण (सैचुरेशन) हेतु आवश्यक धनराशि की व्यवस्था की जाएगी, ताकि विद्यालयों में सभी मूलभूत व आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अपनी-अपनी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा लक्ष्यों की पूर्ति हेतु ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया।

## गांव-गांव कैंप लगाकर तेजी से पूरे हों फैमिली आईडी कार्यः बीडीओ

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक सभागार में मंगलवार को फैमिली आईडी की प्रगति पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) निशा तिवारी ने की, जिसमें बड़ी संख्या में पंचायत सहायकों ने भाग लिया। बैठक में बीडीओ ने निर्देश दिए कि प्रत्येक गांव और पुरवों में विशेष कैंप लगाकर परिवार पंजीकरण की प्रक्रिया को तेजी से पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी प्रत्येक परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने की आधारभूत कड़ी है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बीडीओ ने चेतावनी दी कि जिन पंचायत सहायकों की कार्यप्रणाली में शिथिलता पाई जाएगी, उनसे तत्काल जवाब-तलब किया जाएगा। उन्होंने पंचायत सहायकों से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को फैमिली आईडी के महत्व से अवगत कराएं और अधिक से अधिक परिवारों को इस योजना से जोड़ें। बैठक में फैमिली आईडी से जुड़ी तकनीकी समस्याओं और उनके समाधान पर भी विस्तार से चर्चा हुई। पंचायत सहायकों ने कार्यक्षेत्र में आ रही चुनौतियों को साझा किया।

संक्षेप

## उत्पादनकर्ता आईपीएमएस पोर्टल पर पंजीकरण कराएं

उन्नाव। जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने बताया कि सभी कीटनाशी उत्पादनकर्ता, विनिमार्ता, विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि आप आई०पी०एम०एस० पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण किया जाना है, जो भी ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त किये है, वे अपने सब कीटनाशी विक्रेता (रिटेलर) का आई०पी०एम०एस० पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करे। जिन कीटनाशी विक्रेताओ ने ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त नही किया है, वह कार्यालय में कीटनाशी लाइसेन्स पटल सहायक से सर्म्पक कर अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करेंगें। यदि किसी भी कीटनाशी विक्रेता का आईपीएमएस पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण नहीं किया जायेगा तो कीटनाशी अधिनियम 1968 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व कीटनाशी विक्रेता का होगा।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत, दूसरा गंभीर

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानपुर बालामऊ रेलवे ट्रैक पर बीती रात मालगाड़ी की चपेट में आकर थाना क्षेत्र के एक गांव के दो युवक आ गए। जिसमे एक की मौत हो गयी। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। फतेहपुर चैरासी थाना क्षेत्र के गाँव सादुल्लापुर निवासी आनन्द (19) पुत्र हरिश्चंद्र व शुभम (19) पुत्र मदनलाल दोनों गैर प्रांत में रोजगार करते थे जहां से सोमवार को सुबह ही घर आए थे। देर रात दोनों घर से निकले थे। रात्रि डेढ़ बजे के करीब बालामऊ कानपुर रेलवे लाइन पर फतेहपुर चैरासी हाल्ट के पास बने पुल पर मालगाड़ी के आने से दोनों चपेट में आ गए। आनन्द के दोनों पैर कट गए, वहीं शुभम के सिर में चोट आई। मालगाड़ी के चालक ने घटना की सूचना सफीपुर पहुंच कर स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर एम्बुलेंस से घायलों को भोर साढ़े तीन बजे के करीब सीएचसी फतेहपुर चौरासी लाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा दोनों घायलों को जिला अस्पताल हेतु रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने आनंद को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि रात नौ बजे के करीब आनन्द ने मोबाइल गायब होने की बात बताकर शुभम के साथ ढूढ़ने चला गया। सुबह ट्रेन से टकराने की सूचना मिली। मृतक बहन दो भाई में सबसे छोटा था। आनन्द की मौत से माँ दुलारा सहित परिजन का रो रोकर बेहाल हैं। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घायल शुभम को परिवारीजनों द्वारा कानपुर के निजी अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहीं मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद देर शाम गांव पहुंचा, शव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## जनपद के सभी ब्लॉकों में भाजपा की कार्यशाला आयोजित

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में जिले के सभी 19 ब्लॉकों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कार्यशालाएं आयोजित की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा महोली, पिसावां व खैराबाद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर ब्लॉक की कार्यशालाओ की अध्यक्षता की गई। महोली में आयोजित कार्यशाला में पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए आगामी चुनाव में पार्टी की जीत की रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने पदाधिकारियों से मतदाता सूची के पुनरीक्षण व लोगों को पार्टी के विजन से जोड़ने के कार्य को निदेर्शानुसार करने का आवाहन किया। साथ ही आवश्यक विषयों की तैयारी बैठक भी जिलाध्यक्ष व पदाधिकारियों के साथ की गई। सभी 19 ब्लॉकों में भाजपा द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विधानसभा प्रवासी महोली नैमिष रत्न तिवारी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष पिसावां संयोजक राहुल जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख पिसावां मिथिलेश यादव, मंडल अध्यक्ष पिसावां शिव प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अभिषेक मिश्रा, युवा मोर्चा महामंत्री तरुण मिश्रा, सम्मानित मंडल अध्यक्ष बड़ागांव रजनीश श्रीवास्तव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा सहित पंचायत चुनाव के सम्मानित संयोजक, सह संयोजक एवं वार्डो के संयोजक सह संयोजक उपस्थित रहे।

# एटीएम में धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। पुलिस ने एटीएम धोखाधड़ी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत दो शातिर ठगों, मोहम्मद सोहेल और मोहम्मद जीशान को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से कुल 41 एटीएम कार्ड, 13,700 रुपये नकद और अपराध में इस्तेमाल होने वाली एक मारुति सुजुकी वैगनआर कार बरामद हुई।

कोतवाली नगर थाना और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में इन दोनों आरोपियों को कैंची पुल के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने इनके पास से नकद और एटीएम कार्ड के अलावा फेविक्विक की बोतलें, तीन मोबाइल फोन और एक कूटरचित नंबर प्लेट वाली कार भी जब्त की। श्री भोसले ने बताया कि पुलिस ने बताया कि इन अपराधियों का एक संगठित गिरोह है और इनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यह गिरफ्तारी पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है। जिससे इस तरह के अपराधों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

### ठगी करने का तरीका

सीओ सिटी विनायक भोसले ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने ठगी के तरीके का खुलासा किया। ये अलग-अलग शहरों में जाकर एटीएम बूथों पर खड़े हो जाते थे और एटीएम मशीन के कार्ड स्लॉट में फेविक्विक लगा देते थे। जब कोई व्यक्ति अपना कार्ड डालता, तो वह मशीन में चिपक जाता था। मदद करने के बहाने ये लोग उसका पिन नंबर जान लेते थे। जैसे ही पीड़ित कार्ड निकालने की कोशिश करता, ये प्लास से चिपके हुए कार्ड को निकाल लेते और दूसरे एटीएम से पैसे निकाल लेते थे। पकड़े जाने से बचने के लिए ये लोग अपनी गाड़ी की नंबर प्लेट भी बदल देते थे।

- पकड़े गये अपराधियों के पास से 41 एटीएम कार्ड, 13700 की नगदी समेत एक कार की गई बरामद

### अपराधियों द्वारा पूर्व में की गयीं वारदातें

इन शातिर अपराधियों ने हाल ही में कई वारदातों को अंजाम दिया था। जिसमें सीतापुर में 2 सितंबर 2025 को कोतवाली नगर के चुंगी चैराहे पर एक महिला का एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकाले गए। इसी प्रकार गोंडा में 13 सितंबर 2025 को आवास विकास कॉलोनी में एक व्यक्ति के एटीएम कार्ड से धोखाधड़ी करके पैसे निकाले गए। वहीं दोनों घटनाओं के संबंध में संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

## अर्द्ध विक्षिप्त को ग्रामीणों ने चोर समझ कर पीटा

आजमगढ़। बरदह क्षेत्र के भीरा गांव में सोमवार की रात सड़क पर रात में जा रहे अर्द्ध विक्षिप्त को ग्रामीणो ने चोर समझ कर जम कर पीटाई कर दी। मारपीट कर उसे लहूलुहान कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। युवक के पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बरहद थाना क्षेत्र के भीरा गांव में हाइवे सड़क मार्ग पर रामा प्रजापति के घर के सामने सोमवार की रात करीब 12 बजे 30 वर्षीय अर्ध विक्षिप्त युवक पैदल जा रहा था। अर्धविक्षिप्त को चोर समझ कर ग्रामीणों ने लाठी डंडे से पीट कर घायल कर स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर थाने ले गए। बरदह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज कराया। पूछ ताश में पता चला कि उक्त युवक मंद बुद्धि का जयराम सिंह पुत्र रामसबद ग्राम शाहखजूरा थाना रानीकीसराय का मूल निवासी है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी रात में परिजन थाने पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि एक सप्ताह से घर से खाना पीना कर कही चला गया था।

## शिक्षक कफील अहमद खान किये गये सम्मानित



बिसवां नगर (सीतापुर)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर के प्रांगण में सोमवार को प्राचार्य उप शिक्षा निदेशक डॉ० महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा उच्च प्राथमिक स्तर पर सकरन विकास खण्ड के कलिमापुर विद्यालय के शिक्षक कफील अहमद खान को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्हें यह पुरस्कार विगत 11 से 12 सितंबर तक हुए नवाचार महोत्सव में अच्छे पर्फामेंस के लिए दिया गया है। दूसरा स्थान गोंदलामऊ ब्लाक के अरविंद गौतम तथा तीसरा स्थान बेहटा ब्लॉक के प्रकाश कुमार को प्राप्त हुआ। कफील अहमद खान को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए पुरस्कृत किए जाने पर खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह, शिक्षक बिट्टू कुमार, चांद मोहम्मद, मोहम्मद आरिफ, कृष्ण कांत, फरीद गौरी, प्रवीण श्रीवास्तव, मोहम्मद शोएब, धीरेन्द्र पटेल, रवीन्द्र मिश्र, विनोद कुमार व परवीन अंजुम सहित ब्लाक सकरन तथा जनपद के कई शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के स्तर में गुणवत्तापूर्ण वृद्धि हेतु नवीन शिक्षण पद्धतियों एवं रचनात्मक नवाचारों का आदान-प्रदान करना था।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में दिलायी गयी शपथ



महोली (सीतापुर)। 16 सितंबर को नगर के कृषक इंटर कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नपं के अधिशासी अधिकारी रामकृष्ण वर्मा के द्वारा मौजूद सैकड़ों छात्र एवं छात्राओं, सदस्य गणों, संभ्रांत लोगों व उपस्थित जन समुदाय को स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण के विषय में जानकारी दी गई। साथ ही इस जागरूकता अभियान में स्वच्छता ही सेवा के संबंध में शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान जहां विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रफुल्ल मिश्र के साथ तमाम शिक्षक, शिक्षिकाओं और छात्र, छात्राओं ने हिस्सा लिया। वहीं नपं के सदस्यों में अरविंद चैधरी, कालिंद्री देवी, भगौती, सुनील, वीरपाल, राजू, कपिल मिश्र एवं सदस्य प्रतिनिधि काशी, आशीष गुप्त, लिपिक रामेश्वर प्रसाद, आशुतोष दीक्षित, अरुण बाजपेई, मो0 हनीफ तथा स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# आपसी सौहार्द से मनाएं त्यौहार: नायब तहसीलदार



जिला संवाददाता(vol)

महोली/ सीतापुर। आगामी त्यौहार दुर्गा पूजा को लेकर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी का आयोजन किया गया। इस पीस कमेटी में नगर के संभ्रांत व्यक्ति व धर्मगुरुओं ने अपने-अपने विचार रखे।

मंगलवार को नायब तहसीलदार शिव प्रकाश व कोतवाल दिलीप कुमार चौबे की मौजूदगी में पीस कमेटी का आयोजन किया गया। इस संबंध में नायब तहसीलदार शिव प्रकाश ने कहा कि दुर्गा पूजा दृढ़ता, साहस और बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव है। यह पावन अवसर हमें याद दिलाता है कि चाहे कितनी भी कठिनाई क्यों न हो प्रकाश हमेशा अंधकार पर विजय प्राप्त करता है।

- दुर्गा पूजा के संबंध में पीस कमेटी बैठक संपन्न
- कोतवाल ने सुरक्षा देने का दिया आश्वासन

दुर्गा पूजा हिंदुओं का मुख्य त्यौहार है। इस त्यौहार पर दुर्गा पूजा पर पूरे 9 दिन तक पूजा की जाती है। कोतवाल दिलीप कुमार चौबे ने कहा कि दुर्गा पूजा से संबंधित किसी को कोई समस्या हो तो समय रहते बता दें ताकि उसका निस्तारण किया जा सके। महोली उरदौली व बड़ा गांव में मां ज्वाला जी की ज्योति आती है। वही नगर में झांकियां निकाली जाती हैं। इसको लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। वहीं शाम को होने वाली आरती के समय महिला पुलिस भी मौजूद रहेगी। रामलीला कमेटी के सदस्यों ने बताया कि 7 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक रामलीला का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान नूर हसन, जमुना प्रसाद, आसाराम, तसलीम खान, अलाउद्दीन, कमरुद्दीन, रियासत अली, दीपक गुप्ता, शिखर अग्रवाल, बृजेश त्रिवेदी अंकुर शुक्ला, दिनेश सिंह, राकेश सिंह, महेंद्र सिंह सहित नागरिक मौजूद रहे।

## एसडीएम की अगुवाई में हुई जनता दर्शन की सुनवाई

पुरवा, उन्नाव। एसडीएम की अध्यक्षता व तहसीलदार, नायब तहसीलदार की उपस्थिति में जनता दर्शन की सुनवाई शुरू हुई। इसी क्रम में तहसील क्षेत्र अंतर्गत



ग्राम बछौरा के ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि हमारे मकान ग्राम बछौरा में बने है जिनमे वह लोग रिहायस करते है। प्रार्थीगण के मकानों के सामने से रास्ता गाँव के बाहर तक जाता है प्रार्थीगण के आने जाने व निकलने कृषि यंत्र लाने ले जाने व खाद्यान लाने ले जाने का यही एकमात्र रास्ता है। जिसमे पानी भरा है। आस पड़ोस के घरो के बच्चे इसी रास्ते में लैट्रीन भी करते रहते है। पानी भरा होने के कारण कीड़ा पतींगा उड़कर खाने में गिर जाते है। प्रार्थीगण चाहते है कि रास्ते में मिट्टी डलवाकर इण्टरलाकिंग खडंजा लगवा दिया जावे जिससे प्रार्थीगणकी समस्या का समाधान हो सके। एसडीएम ने गम्भीर समस्या को देखते हुए तत्काल असोहा बीडीओ को समस्या का निदान करने के निर्देश दिए। कुल 22 शिकायत दर्ज की गई। जिनमें राजस्व 18 सप्लाई 2 विकास 2 निस्तारण 4 राजस्व विभाग से सम्बंधित रही।शेष शिकायतो का निस्तारण करने को सम्बंधित को निर्देश दिए गए। मौके पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी, राजस्व कानूनगो शिवपाल कानूनगो गुलरिहा, प्रशांत पांडेय, लेखपाल, दिनेश पटेल, वैक्रात, अरूण लाल व सप्लाई इंस्पेक्टर भावेश कुमार सिंह मौके पर मौजूद रहें।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार के अध्यक्ष के नेतृत्व में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

लहरपुर (सीतापुर)। बुधवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार के अध्यक्ष रियाज अहमद (बब्लू भैया) के नेतृत्व में लहरपुर उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि नगर के गुरखेत बाजार मैन रोड पर हो रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर जेसीबी के माध्यम से नाला की खुदाई 6 सितंबर को की गई थी। लेकिन उसके बाद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।



जिसके चलते दुकानों को काफी नुकसान पहुंच रहा है। कुछ दुकानें मिट्टी कटान के कारण गिरने की स्थिति में आ गई। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि मिट्टी कटान के कारण दुकानें गिरने और चोरी का खतरा बना है। पत्र के माध्यम से बताया गया कि यदि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना होती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी पालिका प्रशासन की होगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी ने तत्काल नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को जल्द से जल्द नाला निर्माण कार्य करवाने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष रियाज अहमद बब्लू भैया, उपाध्यक्ष हाशिम अंसारी, संगठन मंत्री जावेद अंसारी, मीडिया प्रभारी मौलाना सिराज खान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## तहसील प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया



पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील के अंतर्गत मंगलवार को तहसील प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र लालखेड़ा, मिश्रण खेड़ा, चहलहा, धरमपुर, मंझा दुलीखेड़ा आदि ग्रामों का भ्रमण किया गया। बाढ़ प्रभावित लोगों से संपर्क किया गया। हर संभव मदद करने की बात कही गई। इस समय गंगा के जल स्तर 112.17 सेमी है। जो चेतावनी बिन्दु पर है। उक्त जानकारी लेखपाल संजीव पाण्डेय द्वारा दी गई। बाढ़ चैकी शिवराज पर लेखपाल संजीव कुमार पाण्डेय, लेखपाल आनंद सिंह, लेखपाल गौरव मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आहूत





उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में 50 लाख से अधिक लागत की निमार्णाधीन परियोजनाओं के कार्य के अंतर्गत रेड कैटेगरी यलो कैटेगरी निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद के निर्माण कार्य के अंतर्गत शहीद गुलाब सिंह लोधी पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, अमृत कार्य के अंतर्गत उन्नाव शुक्लागंज गंगा बैराज के माध्यम से वितरण प्रणाली व हाउस कनेक्शन, जनपद उन्नाव के नगर पालिका शुक्लागंज के मुख्य नालों के श्राव को टैप कर एस टी पी के माध्यम से शुद्धिकरण से सम्बंधित योजना, डौडिया खेड़ा स्थिति रामेश्वर महादेव मंदिर का सौन्दरी करण का कार्य, चंद्रिका देवी मंदिर में घाटों व गेस्ट हाउस का निर्माण सहित अन्य जनपद के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर भौतिक प्रगति एवं हैंडोवर, रिपोर्ट की जानकारी लेकर कार्यदायी संस्थाओं को प्राथमिकता से गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराकर कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिया। कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं उनकी हैंडोवर रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने सभी कार्य दाई संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि जो परियोजनाओं के पूर्ण करने में छोटी छोटी कमियां है उसको पूर्ण करा कर हैंडोवर कराया जाए। बैठक के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला विकास अधिकारी देव चतुवेर्दी, चित्रा दुबे जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी जिला पर्यटन अधिकारी सन्तोष कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी और परियोजनाओं के कार्य दाई संस्थाओं के प्रभारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## महाविद्यालय को हरा भरा व प्लास्टिक मुक्त रखने की सभी की जिम्मेदारी

सीतापुर। विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर आरएमपी महाविद्यालय के ग्रीन कैम्पस क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर रजनीकान्त श्रीवास्तव ने पर्यावरणीय चेतना के विषय में संबोधित किया और कहा कि महाविद्यालय को हरा भरा तथा प्लास्टिक मुक्त रखने की सभी की जिम्मेदारी है जिसे हमें निभाना चाहिए। महाविद्यालय में गठित ग्रीन कैम्पस क्लब की इस पहल पर क्लब के संयोजक प्रो0 पवन कुमार यादव और सदस्य डा0 प्रदीप कुमार तथा डा0 रमेश कुमार को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन डा. रमेश कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा0 शिवाजी तथा अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा0 श्रद्धा गुप्ता उपस्थित रहे।

# एनडीआरएफ टीम ने आपदा पर किया संयुक्त मॉक अभ्यास



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में एडीएम सुशील कुमार गोंड की अध्यक्षता में 11 राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के डिप्टी कमाण्डेंट अनिल कुमार पाल की उपस्थिति में आपदाओ से निपटने हेतु सम्बन्धित विभागों के समन्वय से सम्बन्धित बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, सूचना विभाग, पूर्ति विभाग, विद्युत विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा किये जाने वाले दायित्वों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर बताया गया कि आपदा के समय जिला स्तरीय विभागों को आपस में तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए घटना स्थल पर पीड़ितजनों को हर सम्भव मदद करनी चाहिए। उन्होने कहा कि यह ऐसी स्थिति होती जिसमें सिर्फ मानव और मानवता याद रखना चाहिए। इस सम्बन्ध में एनडीआरएफ के निरीक्षक सभाजीत यादव द्वारा बताया गया कि जनपद उन्नाव में सम्भावित आपदाओं में बाढ़, भूकम्प, रेल दुर्घटना, सड़क दुर्घटना, लू प्रकोप तथा केमिकल लीकेज जैसी आपदाओ के लिए सम्बन्धित विभागों, जिला प्रशासन एवं नागरिकों को तैयार रहना होगा। इस सम्बन्ध में आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत 11 राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र, लखनऊ की टीम द्वारा सदर तहसील परिसर में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, स्वास्थ्य, पुलिस, राजस्व, अग्निशमन सेवा तथा अन्य हितधारकों के साथ मिलकर केमिकल इमर्जेंसी (सीबीआरएन) आपदा पर संयुक्त मॉक अभ्यास किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी द्वारा बताया गया कि आपदाओं से निपटने के लिए इस प्रकार के मॉकड्रिल समय समय पर कराये जायेंगे, जिससे जनपदवासियों को आपदाओं से निपटने के लिए जानकारी मिल सके। इस अवसर पर जिला उप निदेशक कृषि चन्द्र प्रकाश, जिला प्रोवेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, जिला पंचायतराज अधिकारी आलोक कुमार सिन्हा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 जेआर0सिंह, अग्निशमन अधिकारी अनूप सिंह जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर, आपदा विशेषज्ञ भवानी प्रसाद दुबे सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

## फांसी के फंदे से लटकता मिला युवती का शव

पहला (सीतापुर)। थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम में बीती सोमवार की रात एक 21 वर्षीय युवती ने शोहदे से परेशान होकर फांसी की फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बखारी कलां निवासी श्रवण कुमार शर्मा की 21 वर्षीय पुत्री अवध रानी ने बीती सोमवार रात घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों ने जब कमरा खोला तो उसकी लाश लटकती हुई देख घर में कोहराम मच गया। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं मृतका के पिता ने गांव के ही एक युवक पर उसे परेशान करने तथा शादी का दबाव बनाने तथा न शादी करने पर सोशल मीडिया पर वीडियो डालने का आरोप लगाते हुए हत्या करने की तहरीर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# हजारों शिक्षकों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा





सीतापुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चन्द्र शर्मा के आवाहन पर सीतापुर में प्रांतीय उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष रवींद्र दीक्षित के नेतृत्व में हजारों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री के लिए सौपा ज्ञापन।

रवींद्र दीक्षित ने कहा उच्चतम न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को दिए गए एक निर्णय के आलोक में समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया द्वारा प्रसारित प्रचारित समाचार से देश के शिक्षकों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है कि निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की प्रभावी तिथि 25 अगस्त 2010 से पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को भी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के साथ अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी) 2 वर्षों में करना अनिवार्य हो गया है तथा कि दशा में उनका अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दिया जाएगा। भारत सरकार के अधीन 25 अगस्त 2010 से पूर्व तथा उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवारत रहने अथवा पदोन्नति हेतु टी.ई.टी. उत्तीर्ण करना आवश्यक नहीं है। रवींद्र दीक्षित ने कहा कि 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों में भय व्यक्त हैं। जिला मंत्री हंसराज वर्मा ने उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को पदाधिकारी को ज्ञापन पढ़कर सुनाया और कहा कि अगर संघर्ष यहीं पर विराम नहीं हुआ तो हम लोग प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर दिल्ली में भी धरना देंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर हजारों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं इकट्ठा हुए और वह जिलाध्यक्ष रवींद्र दीक्षित के नेतृत्व में पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी के कार्यालय गए वहां पर रविंद्र दीक्षित ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी को सौंपा। इस धरने में जिला पदाधिकारी व ब्लाक के अध्यक्ष, मंत्री व पदाधिकारी और हजारों की संख्या में शिक्षक मौजूद है। ज्ञापन देने उमड़े शिक्षकों की भीड़ से शहर की रोड जाम हो गयी।

संक्षेप

## बकरा चोरी के दो आरोपी तमंचा सहित गिरफ्तार

बांदा। थाना अतर्रा पुलिस ने चोरी करने वाले दो वांछित आरोपियों को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के नग्नेधी गांव निवासी राजेश ने थाना अतर्रा में सूचना दी थी कि 14 सितम्बर को गांव के ही सलीम पुत्र बन्ना व मनीष पुत्र कल्लू ने उनके बकरे को चोरी कर उसे काटकर खा लिया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। 16 सितम्बर को अतर्रा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो आरोपी ग्राम सेमरिया मिरदहा साईं बाबा मंदिर के पास अवैध तमंचा के साथ खड़े हैं। पुलिस ने तत्काल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूंछताछ करने पर दोनो ने बकरा चोरी कर उसका मांस खा जाने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार दोनो आरोपियों के विरूद्ध कई मुकदमें दर्ज हैं।

## महिला की धारदार हथियार से हत्या

बांदा। पैलानी थाना क्षेत्र के सिंधनकला गांव में बीती रात अज्ञात लोगों ने बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी। रामा 85 घर के बाहर बने छप्पर के नीचे चारपाई में सो रही थी। सोते समय हमलावरों ने चाकू और तेज धार वाले हथियार से उनके गले और चेहरे पर वार किया। घटना के समय उनके पति गया प्रसाद कुशवाहा पास के ही घर में सो रहे थे। परिजनों का कहना है कि गांव में उनका किसी से कोई विवाद नही था। मृतका के बेटों ने बताया कि एक दिन पहले गांव में चोर आए थे। रामा ने उन्हे देखकर आवाज लगाई थी। बेटों को इस बात की आशंका है कि शायद इन्ही चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी सुखराम सिंह फारेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या के कारणों का पता चल सकेगा। मृतका के बेटे रामचंद्र ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

## अवैध खनन व परिवहन करते ट्रैक्टर व ट्रक पकड़ा

ललितपुर। अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु संयुक्त प्रवर्तन दल द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान बार थाना क्षेत्र में पारौन गांव के समीप बालू के अवैध खनन पर छापा मार कर कार्यवाही की गई। जिसमें मौके से एक ट्रैक्टर ट्रॉली को बालू भरते पकड़ा गया। जिसको पुलिस की अभिरक्षा में पारौन चौकी में दिया गया है। जिस पर खनिज नियमावली के अनुसार कार्यवाही की गई है। साथ ही सागर-ललितपुर हाईवे पर खनिज के अवैध परिवहन के आरोप में एक ट्रक यू.पी. 93 बी.टी. 9033 को गल्ला मंडी चैकी में पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।

# कोटेदार के खिलाफ लामबंद हुईं आदिवासी महिलाएं

## दुकान पर बुलाकर अभद्रता कर धमकाने के लगाये गंभीर आरोप



ललितपुर। ब्लॉक बिरधा अंतर्गत ग्राम पंचायत बछलापुर के ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। अनुसूचित जाति व आदिवासी महिलाओं ने का आरोप है कि कोटेदार ने उन्हें दुकान पर बुलाया और अभद्रता करते हुये राशन नहीं दिया और गालियां देते हुये कोटे से भगा दिया। बीती 15 सितम्बर को कोटेदार सूरज के पति सुरेश निरंजन ने सभी को दुकान पर बुलाया और दुकान पर गालियां देते हुये राशन न देने के साथ ही अपमानित कर शासन की इस महत्वपूर्ण योजना से वंचित करते हुये भगा दिया। इस दौरान जब वीरन व शिवराज मौके पर पहुंचे तो उक्त कोटेदार पति ने धक्का देकर गिरा दिया और दोबारा दुकान पर आने पर जान से मारने की धमकी दी। महिलाओं ने डीएम से प्रकरण में जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठाते हुये दुकान को निरस्त करने की गुहार लगायी। ज्ञापन देते समय रूपरानी, द्रोप्ती, सुमन, शोभारानी, प्रेमरानी, पुती, सुहागरानी, सियारानी, लाड़कुंवर, सदारानी, शारदा, सुमित्रा मौजूद रहीं। आवास दिलाने के नाम पउ दो-दो हजार रुपये लेने का भी आरोप डीएम से शिकायत करने पहुंची महिलाओं ने कोटेदार के पति पर सरकारी आवास दिलाने के नाम पर 2-2 हजार रुपये लिये जाने का भी आरोप लगाया। महिलाओं ने बताया कि गांव में रहने वाली अनुसूचित जाति व आदिवासी महिलाओं से कोटेदार ने रुपये लेकर सरकारी आवास योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक कोई लाभ नहीं मिला। जब रुपये वापस मांगे तो कोटेदार ने जान से मारने की धमकी दी। अब महिलाओं ने डीएम से कोटेदार के खिलाफ कार्यवाही कर रुपये वापस दिलाये जाने की गुहार लगायी है।

# प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चे अपनी विरासत के प्रति होते हैं जागरूक : अंजना



ललितपुर। इन्टेक ललितपुर चैप्टर द्वारा हैरिटेज क्विज सिटी राउण्ड एवं ओरल राउण्ड का आयोजन जीजीआईसी में किया गया। जिसमें 9 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगता में 12 प्रश्न राष्ट्रीय, 5 प्रश्न स्थानीय धरोहर एवं 3 प्रश्न 3 इन्टैक से संबंधित पूंछे गये थे। सिटी राउण्ड में चुनी गयी 4 टीमों में से ओरल राउण्ड में पीएम श्रीकेन्द्रीय विद्यालय की सृष्टि सिंह एवं भव्या पाठक की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान इसी विद्यालय के विमर्श आनन्द एवं सत्यम गुप्ता ने तथा तृतीय स्थान सक्षम पाल एवं अंशुमान साहू की टीम ने प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त होने वाली टीम को प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में लखनऊ जाने का मौका मिलेगा तथा लखनऊ से विजयी होने पर राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। प्रतिभागियों को आकर्षक पुरुष्कार प्रमाणपत्र एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या अंजना वर्मा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे अपनी विरासत के प्रति जागरूक होते है। इन्टैक संयोजक संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि इन्टैक अनेक वर्षों से अनेक प्रतियोगितायें आयोजित कर युवा पीढी में अपनी धरोहर प्राचीन संस्कृति, पर्यटन व गौरवशाली इतिहास के प्रति जागरूकता पैदा कर रहा है। ओ.पी.बिरथरे ने कहा कि इन्टैक अपनी विरासतों के प्रति जिम्मेवारी से कार्य कर रहा है जिसका परिणाम हुआ है कि लाखों लोग विरासत के प्रति और अधिक सजग हुये हैं। इस दौरान प्रेरणा शर्मा, नूपुर श्रीवास्तव, सीमा वर्मा, राधा निगम, नेहा गोस्वामी, प्रियंका राजपूत, श्रुति यादव, प्रसून सिंह, रोहित तिवारी, सुनील कुमार राय, इन्द्रजीत आदि मौजूद रहे।।

## सरस्वती विद्या मंदिर में प्रांतीय विज्ञान मेला शुरू



बांदा। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्या भारती कानपुर प्रांत का दो दिवसीय प्रांतीय विज्ञान मेला प्रारंभ हुआ। विद्या भारती के प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद मिश्रा, मुख्य अतिथि प्रकाश द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि संजय विभाग कार्यवाह, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासु, जिला संघ चालक सुरेंद्र पाठक, संभाग निरीक्षक कानपुर प्रांत अजय दुबे, जिला संभाग निरीक्षक शिवकरण, प्रबंधक संतोष कुमार सिंह, सीनियर एडवोकेट, प्रांतीय विज्ञान प्रमुख ज्ञानेंद्र गुप्ता ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्र-छात्राओं में रुचि को बढ़ाने का कार्य करते हैं, विज्ञान में रुचि रखने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष मार्ग निर्देशन इस प्रकार के कार्यक्रमों से प्राप्त होता है। कार्यक्रम छात्रों में विज्ञान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से शुरू किया गया। इस तरह के आयोजन छात्र-छात्राओं को नवाचार एवं आधुनिक विज्ञान की तकनीकियों के बारे में जानकारी देता है। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जिला संघ चालक सुरेंद्र पाठक ने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अंदर विज्ञान की एक महत्वपूर्ण भूमिका है और इस भूमिका को अदा करने के लिए ऐसे आयोजन होना जरूरी है। प्रबंधक संतोष कुमार सिंह सीनियर एडवोकेट ने छात्र-छात्राओं से कहा कि ऐसे आयोजनों से सीख लेनी चाहिए तथा जीवन में प्रगति करना चाहिए। छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन श्याम किशोर दीक्षित ने किया।

## डीएम ने गौशालाओं का जाना हाल, देखा निर्माण कार्य



बांदा। अस्थाई गौशाला हटेटीपुरवा और निमार्णाधीन कान्हा गौशाला का जिलाधिकारी जे0 रीभा ने निरीक्षण किया। इस दौरान गौशाला में गौवंशों के लिए हरे चारे की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने गोवंश की इयर टैगिंग कराए जाने के निर्देश दिए। गोवंश के लिए टीन शेड, पानी, भूसा तथा अन्य पोषाहार मौजूद मिला तथा भूसा भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाया गया। डीएम ने निर्देश दिए कि गोवंशों को नियमिति रूप से हरा चारा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन कान्हा गौशाला के निर्माण कार्य का जायजा लिया। गौशाला में भूसा गोदाम, पशुओं के लिए टीन शेड और चिकित्सा सुविधा के लिए डिस्पेंशरी का निर्माण किया जा रहा है। उन्होने निर्माण कार्य में मिली खामियों को शीघ्र दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद बांदा को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता का नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए नजर रखें। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, केयरटेकर तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विश्व ओजोन दिवस पर बच्चों में जगायी पर्यावरण की अलख



ललितपुर। विश्व ओजोन दिवस पर जिला गंगा समिति द्वारा स्थानीय स्कूल में नमामि गंगे परियोजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पृथ्वी की सुरक्षात्मक ओजोन परत के संरक्षण और गंगा नदी की शुद्धता के बीच के गहरे संबंध से अवगत कराना था। परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने कहा कि ओजोन परत और गंगा नदी, दोनों ही हमारे पर्यावरण की रीढ़ हैं। नमामि गंगे का लक्ष्य सिर्फ एक नदी को साफ करना नहीं, बल्कि एक सामूहिक पर्यावरणीय चेतना को जन्म देना है, जिसमें वायु, जल और भूमि सभी का संरक्षण शामिल है। इस दौरान छात्रों को जनपद में प्रवाहित नदियों और उनके पुनर्जीवन से सम्बंधित कार्यों की जानकारी भी प्रदान की गई। ओजोन की ढाल, गंगा की धार-दोनों से है जीवन अपार विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं स्लोगन राइटिंग का आयोजन किया गया, जिसमे छात्रों ने अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए इन दोनों की महत्ता को उजागर किया। छात्रों को जनपद में प्रवाहित नदियों और उनके पुनर्जीवन से सम्बंधित कार्यों की जानकारी भी प्रदान की गईद्य कक्षा 8 की छात्रा शाह नूर को नदी प्रेरक चुना गया। इस दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी भोला सिंह, कपिल कुमार, गरिमा अग्रवाल, रेनुका अग्रवाल, शिक्षक आशी जैन, संदीप अनुरागी, अन्तिमेश त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

# जमीन दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी का भंडाफोड़

## एक आरोपी गिरफ्तार



नगीना, बिजनौर। जमीन खरीद के नाम पर एक व्यक्ति से साढ़े आठ लाख की धोखाधड़ी करने के मांमले में पीडित की तहरीर पर पुलिस ने मुदकमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार जनपद मुरादाबाद के कांठ तहसील क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर निवासी भाजपा मंडल मंत्री ओमप्रकाश पुत्र विरेंद्र कुमार द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि एक माह पूर्व विनीत सैनी नामक एक व्यक्ति ने मित्रता कर उसे खेती की जमीन खरीदने हेतु बहला फुसलाकर नगीना हाईवे पर ले गया जहां दो व्यक्ति जाहिद व अंकित पहले से ही मौजूद थे अंकित भूमि का मालिक बना हुआ था जहां दोनों ने अंकित कुमार से जमीन का सौदा तैय करा दिया तथा कुछ रुपये बतौर बयाने दे दिये गये तथा आठ अगस्त को उसे फिर नगीना के निकट एक होटल बुलाकर कुछ रुपये देने के लिए जोर देने लगे और इन लोगों ने उसके परिजनों से 5 लाख रुपये मंगवा लिये तथा बाद में 3 लाख 50 हजार रुपए बैंक ट्रांसफर से और मंगवा लिए तथा धामपुर बुलवाकर उससे और रुपये मांगे गये तहरीर में कहा गया है कि धोखाधड़ी का शक होने पर जब उसने अपने आठ लाख 30 हजार रुपये वापस मांगे तो तीनों ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की नियत से उसका गला दबा दिया और भविष्य में रुपए वापस न मांगने की धमकी देते हुये भाग गये। तहरीर मे आरोप लगाया गया कि मोबाइल फोन के माध्यम से अब भी उसे लगातार धमकी दी जा रही है।

तहरीर में बताया गया है कि ये तीनों बड़े अपराधी है ओर गैंग चलाते हैं तथा इनका नेटवर्क पूरे उत्तर प्रदेश में फैला है। पीडित ओमप्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने बिजनौर के दारानगर गंज निवासी विनित पुत्र श्याम सिंह, जाहिद पुत्र हसन खान किरारखेड़ी धामपुर व अंकित कुमार पुत्र नामालूम के विरुद्ध के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल नामजद आरोपी अंकित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी संजय कुमार ने एक आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले के एक आरोपी अंकित कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है शेष दो अभियुक्तों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुक्रमपाल राणा, का0 प्रदीप कुमार, मौ0 आरिफ शामिल रहे।

## टीईटी अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों का प्रदर्शन



बांदा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने काले कपड़े पहनकर हांथों में तख्तियां व बैनर लेकर मार्च किया। जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। शिक्षकों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के शिक्षक भर्ती नियमों की अनदेखी की है। जुलाई 2011 तक नियुक्त सभी शिक्षक सरकारी मापदण्डों और योग्यता को पूरा करके ही नियुक्त हुए थे। भर्ती नियमों में समय-समय पर बदलाव आया। पहले योग्यता हाई स्कूल, बीटीसी थी बाद में इंटर और बीटीसी की शर्त रखी गयी। इसके पश्चात, स्नातक बीटीसी, विशिष्ट बीटीसी और बीएड के साथ टीईटी, सुपर टीईटी की योग्यता निर्धारित की गयी। सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितम्बर को फैसला सुनाया। इसके बाद खबरें आईं कि 25 अगस्त 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को भी टीईटी की परीक्षा देना अनिवार्य होगा। ऐसा नही करने पर उन्हे सेवा से निकाला जा सकता है। इस खबर के बाद प्रदेश के शिक्षकों में भारी आक्रोश है। शिक्षक संघ लगातार सेवा शर्तों में बदलाव का बीते कई दिनों से विरोध कर रहा है। प्रदर्शन के दौरान भारी संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण



बिजनौर। जसजीत कौर ने पिछले काफी से मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिला अस्पताल ओचक निरीक्षण किया। डायलिसिस विभाग में कुछ समय पहले बिजली भागने पर एक मरीज को इलाज न मिलने पर उस मरीज की मौत हो गई थी।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बीते दिन जिला अस्पताल में सबसे पहले ब्लड बैंक में पूरी जांच पड़ताल करते हुए डायलिसिस विभाग में एक-एक रजिस्टर को चेक किया और संबंधित विभाग को इसे और सुचारू करने के लिए निर्देश दिए। जिलाधिकारी बाद में महिला अस्पताल में महिलाओं को कोई असुविधा न हो यह जानकारी लेने के लिए गई और वहां पर सभी मरीजों से वार्ता की उसके बाद बच्चा वार्ड में भी बच्चों की अच्छी तरह इलाज चल रहा है या नहीं जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी को बताया गया कि इस महिला अस्पताल में मरीज को ऊपर नीचे जाने के लिए लिफ्ट लगी हुई है जबकि वह पिछले 5 सालों से कार्य नहीं कर रही है और बंद पड़ी है। जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए लिफ्ट को कौन सा डिपार्टमेंट देखता है जानकारी करने के आदेश दिए और लिफ्ट को जल्दी ही सही कलाकार चलाने के लिए कहा। जिलाधिकारी से एक महिला ने मिलकर बताया कि महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के नाम पर मना कर दिया जाता है इसकी शिकायत की जिलाधिकारी ने तुरंत अल्ट्रासाउंड विभाग की भी जांच पड़ताल की और संबंधित सीएमएस को प्रतिदिन अल्ट्रासाउंड चलाने के आदेश दिए। जिलाधिकारी को शिकायत मिली कि जो दवाइयां वहां बट रही हैं वह एक्सपायर डेट की है उनको भी जिलाधिकारी को दिखाया गया। जिलाधिकारी ने इस बारे में सीएमओ कौशलेंद्र सिंह को उचित कार्रवाही के लिए आदेशित किया।

# स्वच्छता सेवा अभियान का शुभारंभ आज से

ललितपुर। स्वच्छोत्सव, थीम के साथ आज से स्वच्छता सेवा अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसमें स्वच्छता लक्षित इकाइयों का मानचित्रण और रूपांतरण, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, स्वच्छ हरित उत्सव, स्वच्छता भागीदारी पक्षपोषण जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर स्वच्छता ईकाइयों का सौन्दर्यीकरण, नागरिकों राजनीतिक नेतृत्व के साथ युवा समूहों, स्वयंसेवी संगठनों आदि के द्वारा श्रमदान भी किया जायेगा। जानकारी देते हुये जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव ने बताया कि इस अभियान की शुरूआत 17 सितम्बर यानि आज से होगी और यह अभियान 02 अक्टूबर तक चलाया जायेगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य फोकस हरित और शून्य अपशिष्ट उत्सव की भावना, स्वच्छता कर्मियों के लिए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, गरिमा शिविर का आयोजन, नागरिक एवं साझेदारों के सहयोग से वृहद स्वच्छता अभियान, सभी ग्राम पंचायतों में दुर्गम और उपेक्षित, डमपिंग कचरा स्थलों पर साफ सफाई आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। स्वच्छता के लिए श्रमदान से लेकर, शिविरों के दौरान स्थानीय सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण, पीपीई किट का वितरण सहित उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्ड एवं स्वीकृति पत्रों का वितरण भी किया जायेगा। उन्होंने सभी जनपदवासियों से स्वच्छता सेवा अभियान में भाग लेकर उसे सफल बनाने का आह्वान किया है।

## 15 दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन आज से

ललितपुर। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व, कृतित्य व न्यू इण्डिया/2047 एवं प्रदेश सरकार सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों से संबंधित 15 दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का आयोजन 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक शहर के तुवन मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है।

प्रदर्शनी का उद्घाटन आज जनपद के जनप्रतिनिधिगण व आलाअधिकारियों द्वारा किया जाएगा। इस प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा तथा लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु जागरूक किया जाएगा।

## पुलिस की गिरफ्त में आया शातिर साइबर ठग



महोबा। जनपदीय पुलिस ने साइबर ठग को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। घटनाक्रम के अनुसार शिकायतकर्ता कुणाल हरदया पुत्र विनोद कुमार हरदया निवासी मोहल्ला जारीगंज थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना महोबा को सूचना दी गयी कि उनके श्याम एनर्जी सोल्यूशन पेट्रोल पम्प चरखारी बाईपास रोड पर कुछ अज्ञात व्यक्ति आकर पेट्रोल पम्प के क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन साइबर फ्रॉड का पैसा डलवाते थे, जिसमें पम्प का सेल्समैन विकास अनुरागी पुत्र बाबूलाल अनुरागी निवासी बजरिया थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा भी सहयोग करता था। प्राप्त धनराशि का प्रयोग उक्त अभियुक्त व अज्ञात व्यक्ति आपस में बांटकर कैश व पेट्रोल के रूप में करते थे। उक्त सूचना के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस थाना महोबा पर धारा 318(4) बीएनएस व 66सी/66डी आईटी एक्ट पंजीकृत कर तत्काल कार्यवाही प्रचलित कर दी गयी। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा घटना का संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी व संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना मोहम्मद फहीम अख्तर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का संकलन करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त विकास अनुरागी पुत्र बाबूलाल अनुरागी उम्र 21 वर्ष निवासी बजरिया थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा व 3 बाल अपचारियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

# डॉ. मयंक शुक्ला बने ललितपुर ऑर्थोपेडिक क्लब के मानद सदस्य

ललितपुर। जनपद की संस्था ललितपुर ऑर्थोपेडिक क्लब ने चिकित्सा के क्षेत्र में महत्पूर्ण योगदान के लिये ललितपुर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला को क्लब की मानद सदस्यता प्रदान कर सम्मानित किया। डा.शुक्ला ने इस मौके पर कहा कि ललितपुर ऑर्थोपेडिक क्लब का इस छोटे शहर होना जनपद के लिये एक बड़ी उपलब्धि है। ऐसा क्लब देश के कई बड़े शहरों में नहीं है। ऐसी संस्था अत्याधुनिक और विकासपरक नई तकनीकि से सदा जागरूक रहती है, जो विशिष्ट चिकित्सा जगत के लिये अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने इस सम्माननीय संस्था का उन्हें मानद सदस्य बनाने के लिये पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान डा.शुक्ला को डा.दिवाकर द्वारा लिखित इण्टरनेशनल पब्लिकेशन की पुस्तक बायोलॉजिकल मैथड्स ऑफ फैक्चर मैनेजमेंट भेंट की गयी। जिसे प्रिंसिपल ने कॉलेज की लाइब्रेरी में उपयोग हेतु संरक्षित करा दिया। इसके पूर्व सतत चिकित्सा शिक्षा के सेमिनार में चिकित्सा विशेषज्ञों ने हड्डी रोग प्रबंधन के अपने नये ईजाद किये तरीके साझा किये। इस दौरान ट्रैश एल्बो इंजरी और इंजेक्शन तकनीकि के विशिष्ट प्रयोगों की जानकारी दी गयी। स्थानीय में आयोजित सतत चिकित्सा शिक्षा की व्याख्यानमाला के दौरान आयोजित सेमिनार में डा.दिवाकर ने इंजेक्शन तकनीकि पर विशेषज्ञ जानकारी दी। बताया कि कैसे यह तकनीकि दर्द निवारक का काम करती है। डा.आकाश खैरा ने बताया कि बच्चों में कुहनी की वह चोट जो एक्सरे में परिलक्षित नहीं होती, ऐसी जटिल चोटों की पहचान कैसे करें। जानकारी दी इस चोट को ट्रैश एल्बो इंजरी कहते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसी हड्डी की चोटों को विशषज्ञ भी आसानी से नहीं पकड़ पाते। सही इलाज न होने की दशा में कुहनी सदा के लिये अकड़कर रह जाती है।

# वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ खूंखार गुलदार

## खतरा पूरी तरह से टला नहीं



बिजनौर। वन विभाग के पिंजरे में लोगो को मौत के घाट उतारने वाला खूंखार गुलदार कैद हो गया। गुलदार ने इसी जगह के पास दो दिन पहले महिला को मौत के घाट उतारा था। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने गुलदार को रेस्क्यू कर कब्जे में लिया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की सवेरे नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम महावतपुर इस्सेपुर के जंगल में वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में एक गुलदार कैद हो गया। गुलदार के पकडे जाने की सूचना जैसे ही मिली तो भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर सामाजिक वानिकी के डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह भी अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और गुलदार को सुरक्षित कब्जे में लिया। गुलदार ने इसी जगह के नजदीक बीती 14 सितंबर को 35 वर्षीय महिला मीरा देवी पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया था। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों और भाकियू राजनीतिक से जुड़े किसानों ने मृतका के शव को लेकर नजीबाबाद डीएफओ कार्यालय पर घंटों प्रदर्शन किया था। किसान नेता दिगंबर सिंह ने वही चिता में आग लगाने की चेतावनी दी थी। सोमवार से भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने डीएफओ कार्यालय पर पशुओं को बांधकर धरना जारी कर रखा है। हरकत में आए वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया था। अभियान के दौरान एक दर्जन से अधिक पिंजरे, ट्रैप कैमरे लगाए गए और 10 टीमों को सर्च ऑपरेशन में लगाया गया। मंगलवार को गुलदार पिंजरे में कैद होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। हालांकि ग्रामीण अपने क्षेत्र में एक और गुलदार होने की बात कह रहे है। डीएफओ अभिनव राज का कहना है कि एक गुलदार को पिंजरे में पकड़ लिया गया है, अभी दूसरे गुलदार की तलाश जारी है उसे भी बहुत जल्द पकड़ लिया जाएगा।

# पीड़ितों के जख्म पर मरहम

अदालत के एक फैसले के बाद मणिपुर में हिंसा, आगजनी और हत्याओं का जो लंबा दौर चला, आदिवासी समुदायों के बीच जैसी दुश्मनी और अविश्वास की खाई देखने को मिली उसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। बहरहाल मणिपुर में शांति लौट रही है और ऐसे मौके पर प्रधानमंत्री की मणिपुर यात्रा, पीड़ितों की मदद और राज्य के विकास का आश्वासन देना, एक तरह से लोगों के जख्मों पर मरहम लगाने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर को भारत माता के मुकुट का 'सुशोभित रत्न' माना है। उन्होंने हिंसा को न केवल दुर्भाग्यपूर्ण बताया बल्कि आने वाली पीढ़ियों से घोर अन्याय भी करार दिया है। प्रधानमंत्री ने शांति और स्थिरता का आह्वान किया है, क्योंकि यही विकास का रास्ता है। बेशक प्रधानमंत्री के कथन उचित हैं, क्योंकि देश के नेता को तनावग्रस्त, हिंसक, विभाजक समुदायों को ऐसी ही तसल्ली देनी चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्रालय भी बीते दो सालों में मणिपुर के मैतेई और कुकी समुदायों को मेज पर लाया है और उनमें संवाद का



सिलसिला शुरू कराया है। संवाद की सफलता अभी दूर की कौड़ी है, क्योंकि कुकी समुदाय के 10 विधायकों ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन देकर स्पष्ट किया है कि दोनों समुदाय एक छत के नीचे, साथ-साथ, नहीं रह सकते, लिहाजा उन्हें संघ शासित क्षेत्र बना दिया जाये और विधानसभा भी दी जाये। दोनों अच्छे पड़ोसी की तरह रह सकते हैं। प्रधानमंत्री ने अभी कोई आश्वासन नहीं दिया है, लेकिन जिन 10 विधायकों ने ज्ञापन दिया है, उनमें 7 भाजपा विधायकों के हस्ताक्षर हैं। प्रधानमंत्री मोदी, अंततः, मणिपुर गये। यह स्वागतयोग्य है। विपक्ष की आलोचना अपनी जगह, लेकिन सरकार ने मणिपुर के तनाव और हिंसा को अनदेखा कभी नहीं किया। खुद गृहमंत्री अमित शाह कई दिन मणिपुर में डेरा डाले रहे। जो अधिकारी गृह सचिव होते थे, उन्हीं अजय भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल बनाया गया। वह समस्याओं को बारीकी से समझते हैं। फिर भी सवाल किए जा सकते हैं कि 2023 की जातीय हिंसा, मार-काट, बलात्कार, महिलाओं का नग्न प्रदर्शन, हथियारों की लूट और अवैध जमावड़े के खौफनाक परिदृश्य के बाद ही प्रधानमंत्री को अब समय क्यों मिला? मणिपुर के जातीय तनाव और हत्यारी हिंसा में 260 लोग मारे गये। 1500 से अधिक घायल हुए। करीब 60,000 लोगों को विस्थापित होना पड़ा। सैकड़ों गांव जला दिए गये। हजारों लोग अब भी राहत शिविरों में हैं। चुराचांदपुर जाने वाले प्रधानमंत्री मोदी, 1988 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के प्रवास के बाद, दूसरे प्रधानमंत्री हैं। अलबत्ता 2014-22 के दौरान प्रधानमंत्री मोदी 7 बार पूर्वोत्तर राज्यों में गये और उनके सरोकारों को साझा किया। बेशक पूर्वोत्तर, शेष देश के साथ उसका जुड़ाव और चौतरफा विकास मोदी सरकार की गंभीर प्राथमिकताओं में शामिल रहे हैं। सबसे ताजा उदाहरण यह है कि मिजोरम को राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन के जरिए नई दिल्ली से जोड़ना गौरवमय प्रयास है और पहाड़ी राज्यों को रेलमार्ग से जोड़ने की क्रांतिकारी पहल भी है। ऐसा ही एक कठिन और दुर्लभ प्रयास कश्मीर में भी किया गया है, लेकिन ऐसी संभावनाएं हिमाचल में साकार नहीं हो पा रही हैं। बहरहाल मणिपुर का मुद्दा फिलहाल घोर संवेदनशील है। 2023 में मणिपुर उच्च न्यायालय ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने पर विचार करने का जो फैसला सुनाया था और जिसके बाद मैतेई-कुकी समुदाय एक-दूसरे के खून के प्यासे हो गए थे, वह मुद्दा आज भी यथावत है। ऐसे में सरकार को दोनों समुदायों के बीच शांति और विश्वास बहाली के लिए लगातार प्रयास करने होंगे।

# 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के योजनाकार मोदी



प्रो. आर. एन. त्रिपाठी

हर देश में नरेंद्र मोदी के शांति, पर्यावरण, नारी सशक्तीकरण व रक्षा नीति की मांग हो रही है। विश्व अपलक निहार रहा है भारत के गौरव को। भारत के उस गौरवशाली प्रधान मंत्री को जो आज अपने 75 वर्ष पूरे कर रहा है। एक नागरिक के नाते हम अविनाशी काशी से काशीश और मां गौरी से इस महानायक की सुखद शतायु जीवन यात्रा की कामना करते हैं।

भारत भूमि वीर प्रसविनी है। इसकी सेवा के निमित्त समय-समय पर तपस्वियों और मनस्वियों का जन्म होता रहता है। ऐसे ही एक महानायक ने सन 1950 में गुजरात के बड़नगर में बेहद सामान्य परिवार में जन्म लिया जिसे शायद प्रकृति ने स्व परीक्षण के लिए गरीबी जैसे विपरीत हालात में पैदा किया। शायद नियति उन्हें इतना मजबूत बनाना चाहती थी ताकि वे आगे चलकर भारत के भविष्य के सपनों को संभालने में सशक्त और समर्थ हो सकें। पिता का सहचर बनने का भाव लेकर संपूर्ण परिवार के पालन पोषण की जिजीविषा रखने वाला वह महामानव दिन में समय निकालकर पढ़ाई करता और सुबह-शाम प्लेटफार्म पर चाय बेचता। मतलब व्यापार और विद्यार्जन एक साथ।

ईश्वरीय प्रेरणा से राष्ट्रवाद की भावना उनके अंतःकरण में बचपन से ही घर कर गई थी। इस देश के लिए हमें कुछ करना है, केवल अपने छोटे से परिवार के भरण पोषण का मैं सहारा बनूं, यह उचित नहीं है, इसी भावभूमि के साथ वे आगे बढ़ते रहे। घर के बगल में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखा थी, उसमें जाकर पहले तो अपने मन, मस्तिष्क और शरीर को स्वस्थ किया और फिर मन ही मन राष्ट्र-समर्पित भाव लेकर उसमें पूर्ण प्रशिक्षित हुए। कुछ ही दिनों में आगे चलकर के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सदस्य बने और छोटी सी उम्र में ही सोच लिया कि हमें इस संपूर्ण वसुधा में भारत के उस महान गौरव को, भारत की उस महान परम्परा को, जिससे भारत विश्व गुरु था, पुनर्स्थापित करना है। हमारी ऋषि-कृषि परंपरा को आगे बढ़ाना है। नियति के अनुरूप उस महायात्री ने घर-परिवार छोड़ दिया और चल पड़े एक महायात्रा की ओर, जिस यात्रा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ था, जिस यात्रा में हिमालय की तपस्या थी, जिस यात्रा में अयोध्या, प्रयाग, काशी, कांची जैसे तमाम तीर्थ स्थल थे, जिस यात्रा में भारत माता के कण-कण से मिलने की आतुरता थी। मन में उत्कंठा थी भारत माता के उस सच्चे स्वरूप का दर्शन पाने की। यात्रा चलती रही और अंततः सेवा-समर्पण के भाव के अनुप्रयोग में राष्ट्रवाद की उस बलवती भावना ने उन्हें एक



प्रचारक बना दिया। फिर क्या था? जो कुछ है, भारत माता का है, यह सोचकर राष्ट्र सेवा का कार्य प्रारंभ कर दिया। होनहार विरवान के होत चीकने पात। मां हीरा बेन का यह बिरवान अब हीरा बेन का ही नहीं अपितु संपूर्ण राष्ट्र का बेटा हो गया। राष्ट्रसेवा और नेतृत्व में उसकी वाक्पटुता और उसकी कर्मठता को देखते हुए राजनीति के शिखर पुरुषों ने उसे अपनाया। 'आओ हम एक साथ मिलकर राष्ट्र की सेवा करें' और समय भी था डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के भारत का नवनिर्माण करने के लिए 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई मानो उसी दिन इसके परम वैभव का भविष्य इस महानायक के हाथों ही बनेगा, ईश्वर ने पूर्व में ही यह निर्णय ले लिया हो।

**जन्म दिवस पर विशेष**

कार्यकर्ता बनकर निचले स्तर से राजनीतिक यात्रा शुरू की। दरी बिछाने और सेवा करने का कार्य करते-करते अंततः अपना मुकाम पार्टी के संगठन सचिव के रूप में स्थापित किया और वहां पर संगठनात्मक शक्ति का ऐसा सुसंगठित प्रयोग किया कि मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात जैसे प्रदेश का दायित्व मिला। दायित्व मिल जाने के साथ ही गुजरात के उस स्वर्णिम भविष्य का उदय हो गया जहां पर आवश्यकता थी समाज सुधार की, व्यापार की, जहां आवश्यकता थी सुरक्षा-संरक्षण की और राष्ट्रवाद की अलख जगाने की। वहां का ऐतिहासिक कार्यकाल पूरा करने के बाद विभिन्न झंझावातों को झेलते हुए अंत में संपूर्ण भारत का एक स्वर, एक मांग उस महामानव के लिए चारों तरफ से आयी कि आइये गुजरात से बाहर और इस देश का नेतृत्व करिए, फिर देश का नेतृत्व करने के लिए वह महामानव गुजरात छोड़कर दिल्ली की तरफ चल पड़ा। हजारों-हजार सभाएं और यात्राएं कीं। स्वप्न था एक भारत-श्रेष्ठ भारत का निर्माण। रात-दिन चलता रहा केवल इसी बात के लिए कि अगर हमने कुछ किया है, हमारे विकास का मॉडल आपको अच्छा लगा है तो क्यों न इसे पूरे देश में लागू किया जाए। क्यों न राष्ट्रवाद और अपनी प्राचीन संस्कृति को पुनर्जीवित किया जाए? क्यों न भारत की जो विराट विश्व कल्याण की भावना थी जिसमें भारत की संस्कृति भारत के वेद-उपनिषद, भारत के धर्मस्थल, शिक्षा संस्थान, भारत के ऋषि कल्प थे, उसे पुनर्स्थापित किया जाये और परिणाम यह हुआ कि भारत माता के सपूतों ने एक मत से प्रचंड बहुमत के साथ 2014 में राष्ट्रीय भाव भूमि पर प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को स्थापित कर दिया, अब नेतृत्व था एक फौलादी सीने का, जो गरीबी में तपा था, राष्ट्रवाद के भाव से ओत-प्रोत था। फिर देश में शुरू हुआ सुधार कार्य। नोटबन्दी हुई। व्यापार सुधार के लिए जीएसटी लायी गयी जिसका परिणाम आज सबके सामने है। देश में सड़कों के संजाल बिछाये गए। आयुध, शस्त्र-शास्त्र, अंतरिक्ष, सबमें मानो क्रांति सी आ गयी। जनता ने पूर्ण बहुमत दिया था, उस गरीब अवाम की पीड़ा जो मन मे थी, उनके लिए शुरू हुई जन धन योजना, जिसमें आज 50 करोड़ खाता धारक हैं जो सीधे तौर पर सरकार की योजनाओं से जुड़े हैं। कुचक्रकारी गंदे पड़ोसियों को भरपूर दण्ड देकर सबक सिखाया गया। चीन जैसे विस्तारवादी देश को गलवान में जैसे को तैसा जवाब देने वाला प्रतिद्वंद्वी महानायक मिला। सड़कों का संजाल, नदियों, मन्दिरों का पुनरुद्धार, सबमें मानो विकास की बयार आ गयी हो। जनता ने अपने इस महानायक को फिर एक बार सिर आंखों पर लिया और पिछली बार से ज्यादा बहुमत से 2019 में गद्दी अपने सपूत को सौंप दी। फिर क्या था भारत से वंशवाद, परिवारवाद का दंश समाप्त होने लगा। विजययात्रा अविराम चलने लगी। प्रदेशों की कमान समाज के दबे-कुचले तबकों को दी जाने लगी।

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का सपना साकार होने लगा। पड़ोसियों को सम्मान दिया, गद्दारों को भरपूर दण्ड दिया। विश्व विरासत में फिर वही भारत था जो पूर्व का था, राममंदिर की पांच सौ वर्षों की लालसा पूरी हुई। आम आदमी की उड़ान शुरू हई। महामारी के दौर में दुनिया के 80 देशों की निःशुल्क सेवा की। आज दुनिया का हर देश भारत की तरफ देख रहा है। अपने देश का सर्वोच्च सम्मान देकर मोदी का स्वागत करना चाह रहा है। 50 प्रतिशत टैरिफ के बाद भी हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया की सर्वाधिक जीडीपी वाले देशों में है। चीन फिर से सुखद पड़ोसी बनना चाहता है। रूस अपने प्राच्य मित्र धर्म को बखूबी निभा रहा है। हर देश में नरेंद्र मोदी के शांति, पर्यावरण, नारी सशक्तीकरण, रक्षा नीति की मांग हो रही है। विश्व अपलक निहार रहा है भारत के गौरव को। भारत के उस गौरवशाली प्रधान मंत्री को जो आज अपने 75 वर्ष पूरे कर रहा है। एक नागरिक के नाते हम अविनाशी काशी से काशीश और मां गौरी से इस महानायक की सुखद शतायु जीवनयात्रा की कामना करते हैं।

**(लेखक बीएचयू में प्रोफेसर हैं)**

## सोशल मीडिया

जनता हमे सरकार में भेजेगी या सड़क पर। विपक्ष में रहने से अच्छा है मैं पांच साल फिर से सड़क पर रहूंगा, जितनी मेहनत अभी कर रहे हैं उससे दुगुनी मेहनत करेंगे। -प्रशान्त किशोर.



उत्तराखंड राज्य के जनपद देहरादून में टोंस नदी में दुर्भाग्य पूर्ण दुर्घटना में हुई जन हानि अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ है। सीएम योगी.



ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट में मुश्किल से मुश्किल इलाकों में नक्सलियों के खिलाफ लड़ने वाले बहादुर सुरक्षा कर्मियों से मुलाकात कर उनका सम्मान किया। - अमित शाह.



# राष्ट्र का उत्थान

**अंतर्दृष्टि**

नागरिकों का चरित्र समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में महती भूमिका निभाता है। राष्ट्र के उत्थान के लिए यह जरूरी है कि बालकों के व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण की कोशिश होनी चाहिए। बालकों के चरित्र निर्माण के लिए यह जरूरी है कि उनमें दुनियादारी की समझ विकसित होने का पूरा मौका देना चाहिए। ऐसा न हो कि हम उन्हें हमेशा बालक ही समझकर व्यवहार करते रहें। चरित्र निर्माण के विषय में एक खास बात यह है कि हम उसे सदैव निष्क्रिय और पराश्रित बनाये रखने का प्रयत्न न करें। यह सच है कि बालक मनुष्य के लिए परम आनन्द का साधन होता है। जिसके घर में बालक नहीं, उसके घर में आनन्द नहीं। आनन्द का ऐसा यथेष्ट उपयोग करने के लिए मनुष्य आकाश-पाताल एक कर देता है। हमारे समाज में भी बांझपन, अपशकुन और अभाग्य का कारण माना जाता है। बांझपन का कलंक टालने के लिए स्त्री-पुरुष अपने वश भर कोई बात उठा नहीं रखते। घर में पालना बंध जाने से जो आनन्द प्राप्त हो सकता है, उसकी तुलना में दूसरे किसी आनन्द से नहीं की जा सकती। यह आनन्द देह अैर देही दोनों का है। इस परम आनन्द ने ही संसार की सततृता को बनाये रखा और मनुष्य की शुभ वृत्तियों को हमेशा ऊपर चढ़ाया है। ऊर्ध्वगामी बनाया है। यह मनुष्य के आनन्द का जनक है। जब ऐसे आध्यात्मिक आनन्द को देने वाला कोई पात्र परिवार में जन्म लेता है तो वह न केवल अपने माता-पिता के, बल्कि सब किसी के आनन्द का साधन बन जाता है। उसे देखकर सब आनन्द मग्न हो जाते हैं। उसे गोद में लेकर सब कोई तृप्ति का अनुभव करते हैं। उसके कारण सारा परिवार आनन्द से परिप्लावित रहता है। बालक के आनन्द में माता-पिता का सच्चा आनन्द समाया हुआ है। जब बालक का आनन्द लुप्त होता है, तो माता-पिता का आनन्द भी जाता रहता है। बालक सममूचे कुटुम्ब के आनन्द का केन्द्र बन जाता है। कुटुम्ब के परिचित लोग भी बालक को देखकर खुश होते हैं और एक प्रकार के गहरे आनन्द का अनुभव करते हैं। किन्तु जैसे-जैसे समय बीतता गया, वैसे-वैसे इस आनन्द की कक्षा और इसका प्रवाह बदलता रहता है। सब किसी के आनन्द का कारण बनने वाला धीरे-धीरे सबके आनन्द का स्थूल और स्वार्थी साधन बनने लगता है। माता-पिता और बड़े-बूढ़े समझते नहीं कि बालक का भी अपना आननद होता है। जन्म के बाद तुरंत ही जो बालक अपनी रक्षा और अपने पोषण की अपेक्षा रखता है और अपने ढंग से अपना विकास करने लगता है। वह धीरे-धीरे समझदार और सशक्त भी बनता जाता है। बालक के लिए कामों को करने में माता-पिता को जो आनन्द मिलता है अथवा घर के बड़ों बूढ़ों द्वारा जो काम या आयोजन बच्चों के लिए, बच्चों का पोषण करने की दृष्टि से किये जाते हैं उनसे हमेशा आनन्द मिलता ही है।

# मुझसे इमोशनली मत खेलो

**व्यंग्यलोक**

हे प्रभु! ये कैसा कलियुग आ गया! जिस चीज को भी छूने की कोशिश कर रहा हूं दूर भागी जा रही है। सपनों को छूने की कोशिश करता हूं तो सपने दूर भागे जा रहे हैं। अपनों को छूने की कोशिश करता हूं तो अपने दूर भागे जा रहे हैं। शिमला मिर्च को छूने की कोशिश करता हूं तो शिमला मिर्च हाथ से मछली की तरह फिसली जा रही है। टमाटर छूने की कोशिश करता हूं तो टमाटर बहुत दूर भागे जा रहे हैं। अदरक छूने की कोशिश करता हूं तो अदरक दूर भागा जा रहा है। आखिर ये रोजमर्रा की चीजें आम जनता से इतनी दूर क्यों हो गई रही हैं प्रभु! क्या मेरी बिरादरी की तकदीर में सब कुछ दूर से ही देखना लिखा है प्रभु? लाख पकड़ने की जद्दोजहद के बाद भी मेरे हाथ में आखिर ये टमाटर क्यों नहीं आते? क्या इन दिनों मेरे मुंह के भाग्य में टमाटर, अदरक खाना नहीं लिखा है? प्रभु! इस उम्र में अब पत्नी से प्रताड़ित होकर तुलसीदास भी नहीं हो सकता। हो भी जाऊं तो आदिपुरुष की तरह अनाप शनाप लिख मारा तो....ऐसे घोर कलिकाल में समझ नहीं आ रहा मैं किसको कोसूं? केंद्र सरकार को कि राज्य सरकार को? अपने को या फिर बीवी को! किसान को या बिचौलिए को? मैंने प्रभु के चरण पकड़े कहा तो प्रभु पसीजे, उठो वत्स! बहुत रो लिए टमाटर का रोना। बहुत रो लिए अदरक का रोना। मेरा आदेश! फिलहाल टमाटर त्याग दो। अदरक त्याग दो। प्रभु! बिना आत्मा के शरीर की कल्पना की जा सकती है, पर टमाटर के बिना दाल की कल्पना नहीं की जा सकती। बिना हृदय के जीव की कल्पना की जा सकती है, पर बिन अदरक सब्जी की कल्पना नहीं की जा सकती। तो ऐसे में आप कह रहे हैं कि टमाटर त्याग दूं?



अशोक गौतम

सच पूछो तो प्रभु मैं शरीर त्याग सकता हूं, पर टमाटर नहीं। मैं शरीर त्याग सकता हूं, पर अदरक नहीं। मेरी रग रग में अब पचासियों विषैली स्प्रे किए टमाटरों का स्थाई वास हो चुका है और एक आप हो कि जनहित में बाजार में टमाटर सस्ते करने के बदले अपने भक्त को टमाटर, अदरक का त्याग करने को कह रहे हो? इंपॉसिबल प्रभु! इंपॉसिबल! हे वत्स! जनहित की दुहाई दे मुझसे इमोशनली मत खेलो। पॉलिटिक्स न करो! क्योंकि जिन्होंने आज तक जनहित की बात की, फाइनली अपने हित ही साधे। हैप्पी लाइफ का सिंपल सा फंडा ये है कि जो भी समाज में भाव दिखाए, उस हर एक को त्याग दो। वह चाहे बीवी ही क्यों न हो! कह प्रभु अंतरध्यान। बंधुओ! आखिर प्रभु का कहने का तात्पर्य क्या है? ये तो नहीं कि मैं टमाटर खाने छोड़ दूं? ये तो नहीं कि मैं अदरक दाल में पाना छोड़ दूं? या फिर ये जीभ ही त्याग दूं? न रहे जीभ, न सताए स्वाद!

# विश्वकर्मा पूजाः तकनीक श्रम व नवाचार का अनुष्ठान



**धर्म/संस्कृति**

भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का प्रथम शिल्पकार और दिव्य वास्तुकार माना जाता है। माना जाता है कि इन्होंने ही इंद्रपुरी, द्वारका, हस्तिनापुर और लंका का भव्य निर्माण किया था। इसलिए हर साल विश्वकर्मा जयंती को भारत में मशीनों, काम के उपकरणों और शिल्प गढ़ने वाले औजारों की भारत में पूजा का चलन है। इस साल विश्वकर्मा जयंती 17 सितंबर 2025 को पड़ रही है। इस दिन दफ्तरों, कारखानों आदि में विश्वकर्मा जयंती मनायी जाती है, जिसके तहत भगवान विश्वकर्मा की आराधना के साथ साथ मशीनों, उपकरणों और रोजी रोटी के विभिन्न संसाधनों की पूजा की जाती है और पूजा के बाद उस दिन इन उपकरणों, औजारों आदि का उपयोग नहीं किया जाता ताकि उन्हें आराम मिले। इसलिए उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के ज्यादातर कारखानों, उद्यमी स्थलों आदि में विश्वकर्मा जयंती के दिन सार्वजनिक अवकाश होता है।

संयोग से इस दिन भारत के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। इसलिए यह दिन देश के मजदूरों, शिल्पियों, इंजीनियरों, मैकेनिकों और आर्किटेक्ट आदि के लिए विशेष दिन होता है। यह मेहनत और कौशल का दिन है। इस दिन पश्चिम बंगाल, ओड़िसा, महाराष्ट्र, असम, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियां लगभग बंद रहती हैं। कारखाने, कार्यशालाएं, दफ्तर और तकनीकी संस्थान खूब सजाये जाते हैं। क्योंकि आज के दौर में दफ्तरों में ज्यादातर कामकाज कंप्यूटर, लैपटॉप, और विभिन्न आधुनिक मशीनों के जरिये होता है, इसलिए इस दिन इन तकनीकी मशीनों की भी पूजा की जाती है। यह दिन वास्तव में कामगारों के सामूहिक भोज, मेल-मिलाप और आराम का अवसर माना जाता है, जिससे औद्योगिक सद्भाव और सामाजिक एकजुटता बढ़ती है। देश में कई जगहों पर सरकार साल 2023 से विश्वकर्मा योजना के तहत जो कि पारंपरिक कारीगरों व शिल्पों को समर्थन देने वाली योजना है, के संबंध में कई तरह के आयोजन करती है। भारत के स्टार्टअप जगत में भी इस दिन को इनोवेशन डे की तरह मनाने की प्रवृत्ति है। संक्षेप में विश्वकर्मा पूजा भारत में महज धार्मिक अनुष्ठान नहीं है। इस दिन श्रम, तकनीक, कारीगरी और नवाचार की पूजा और प्रतिष्ठा का दिन है। कोई भी समाज चाहे कितना ही विकसित हो, उसकी नींव में मेहनतकश हाथों की मेहनत और कारीगरी मौजूद होती है। ऐसे में विश्वकर्मा का दिन देश के निर्माण में महती भूमिका निभाने वाले श्रमिकों और कारीगरों की प्रतिष्ठा का दिन है। भगवान विश्वकर्मा को भारतीय परंपरा में प्रथम इंजीनियर और प्रथम शिल्पी माना जाता है। इसलिए विश्वकर्मा पूजा को आधुनिक भारत में सम्पन्न होने वाली औद्योगिक श्रम की पूजा का दिन माना जाता है। आजादी के बाद भारत में बड़े पैमाने पर जो देश के नवनिर्माण का सिलसिला चला, यह दिन उस सिलसिले के लिए कृतज्ञता ज्ञापन करने का दिन भी है। माना जाता है कि जहां औजार पूजे जाते हैं, वहीं सृजन संभव है और वहीं समृद्धि का बसेरा होता है। इस तरह देखें तो विश्वकर्मा पूजा का दिन वास्तव में लक्ष्मी पूजा का भी दिन है। देश के शेयर बाजार में भी विश्वकर्मा पूजा के दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा होती है, उनकी प्रतिमा पर पुष्प हार चढ़ाये जाते हैं और शेयर बाजार भी एक दो घंटे इस पूजा की प्रतिष्ठा में कामकाज रोके रखता है।

इस तरह देखें तो निवेश की दुनिया में भी भगवान विश्वकर्मा के प्रति सम्मान व्यक्त किया जाता है। 20वीं सदी अगर विशुद्धता निर्माण की सदी थी तो 21वीं सदी निर्माण के नये नवाचार और तकनीकी श्रेष्ठता की सदी है और इन दोनो ही सदियों में श्रम और शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा देखी जाती है। क्योंकि खुशहाली की संस्कृति श्रम की प्रतिष्ठा पर ही टिकी है। यही कारण है कि तकनीकी उत्थान और नवाचार का नया विधान भगवान विश्वकर्मा की प्रतिष्ठा के साथ जुड़ता है। भगवान विश्वकर्मा हमें याद दिलाते हैं कि कोई भी देश सिर्फ विचारों से महान नहीं बनता बल्कि उसे महान बनने के लिए श्रम और कौशल के बल पर भरोसा करना होता है। यही बल किसी देश को महान बनाता है। औद्योगिक मजदूरों की मेहनत से ही कोई देश समृद्धि की रोशनी से जगमगाता है। विश्वकर्मा पूजा हमारे लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दिन हमें सिर्फ काम करने का उपदेश ही नहीं देता बल्कि इस बात की सीख भी देता है कि काम केवल जीविका नहीं होता, यह भव्यता, सुंदरता और मानवीय मूल्यों का सृजन भी होता है जिसे ईश्वरीय सृजन की प्रतिष्ठा दी जाती है। **धीरज बसाक.**

## विचार

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

-संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

-जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।

-चाणक्य.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

-फ्रेंकलिन.

## आप की बात

### सड़कों पर लापरवाही

हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोंगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। दरअसल देश में जिस तरह सड़क नेटवर्क बढ़ रहा है, हाइवे और एक्सप्रेस वे बढ़ रहे हैं, उसी तरह यह भी जरूरत है कि लोगों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण भी दिया जाये। फिलहाल अभी ड्राइविंग प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

**गिरीश चन्द्र वर्मा, लखनऊ.**

### बेरोजगारी चिंताजनक

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए।

**अशोक कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## जानकी प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति का हुआ वार्षिक अधिवेशन

अयोध्या। जानकी प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति द्वारा वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया।कार्यक्रम में पहुंचकर शाखा प्रबंधक ने बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर कार्यक्रम को और भी रोचक बना दिया। सोमवार को रानी बाजार में जानकी प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति द्वारा वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया जिसमे बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के निदेशक पुरुषोत्तम जी के द्वारा उपस्थित लोगों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम लेखाकार ज्योति दीदी के द्वारा वर्ष भर के कार्यों पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूह सखी मिथलेश (सिडहिर)प्रथम , ममता साहू (महावा)द्वितीय अंकिता (कादीपुर) तृतीय एवं बैंक सखी निशा दीदी को सम्मानित किया गया।एफ़एलएनडब्लू किरनवती (सरियावा) प्रथम, पूनम (द्वितीय), ज्योति (तृतीय) रही।उक्त कार्यक्रम में पहुंचे शाखा प्रबंधक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा रानी बाजार अवनीश कुमार श्रीवास्तव को आयोजन समिति द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।तत्पश्चात शाखा प्रबंधक ने सरकार द्वारा चलाई जा रही बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगों को बड़े ही सरलतम ढंग से विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान कर कार्यक्रम को और भी रोचक बना दिया। कार्यक्रम के आयोजन समिति एवं उपस्थित लोगों द्वारा शाखा प्रबंधक की कार्यशैली से प्रभावित होकर प्रशंसा किया।

## राष्ट्रीय सेवा सम्मान से सम्मानित हुईं स्मिता सहाय

अयोध्या। रामकृष्ण सेवा फाउंडेशन द्वारा दर्शन नगर के एव आर पैलेस में आयोजित राष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव एवं राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान कार्यक्रम में स्मिता सहाय श्रीवास्तव को राष्ट्रीय सेवा सम्मान - 2025 से विधायक गोसाईगंज अभय सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। विधायक अभय सिंह ने श्रीमती श्रीवास्तव के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके द्वारा सामाजिक हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के आयोजक फाउंडेशन के आकाश गुप्ता बब्लूमैन व समाजसेवी राजेश चैबे ने बताया कि महिला कल्याण विभाग में कार्यरत और जनपद की वरिष्ठ महिला पत्रकार (ब्यूरो चीफ दैनिक लोहिया भूमि) को ये सम्मान संस्था द्वारा उनके समाज के प्रति समर्पित सेवा, महिला कल्याण एवं बाल उत्थान और मजबूत लेखनी के द्वारा असहायों की मदद करते रहने के लिए प्रदान किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित तीनदिवसीय रक्तदान महोत्सव में भारतवर्ष के विभिन्न प्रदेशों,जनपदों से सैकड़ो की संख्या में आए रक्तवीरों एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा रक्तदान उपरांत उनको फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक रुदौली रामचंद्र यादव, विधायक हरैया अजय सिंह, महारानी सिंगरामऊ स्टेट डॉव मंजू सिंह,मांडवी फाउंडेशन लखनऊ की डॉव सुनीता सिंह,पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन वरिष्ठ भाजपा नेता अभिषेक मिश्रा, जितेंद्र कुमार दूबे मिंटू प्रधान, सहित तमाम गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# स्वच्छता शपथ के साथ नगर निगम ने छेड़ा सफाई अभियान

## महापौर ने समारोहपूर्वक पार्षदों एवं कर्मचारियों को दिलायी शपथ



अयोध्या। मंगलवार को नगर निगम परिसर स्थित तिलक हाल में महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने पार्षदों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।इसी के साथ आगामी दो अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आगाज हुआ। महापौर ने इस मौके पर कहा कि हर नागरिक हर सप्ताह महज दो घंटे स्वच्छता पर दें तो नगर निगम जनसहयोग से स्वच्छता के लक्ष्य को हासिल कर लेगा। उन्होंने मिशन ह्लसुनहरा कलह्ल की चर्चा करते हुए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर हर नागरिक जागरूक हो और सड़कों पर कूड़ा न फेंकें, अपने घर के गीले एवं सूखे कचरे, घरेलू हानिकारक कचरे को अलग-अलग रखें तो अयोध्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों के अनुरूप जल्द ही देश के साफ-सुथरे नगर की श्रेणी में टॉप पर होगा।

उन्होंने डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लक्ष्य को हासिल करने पर जोर दिया। इसके लिए नगर निगम द्वारा जारी पत्रक भी घर-घर पहुंचने की आवश्यकता जताई। उन्होंने विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं गोष्ठियों का आयोजन करने पर जोर दिया। सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडेय ने गांधी जयंती तक सफाई को लेकर चलने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडे ने बताया कि इस मौके पर उपसभापति राजेश गौड़, पार्षद अखिलेश पांडेय, सूर्या तिवारी, सौरभ सूर्यवंशी, रमाशंकर निषाद, अजय पांडे, धर्मेंद्र मिश्र, सुनील यादव, सोनू यादव, अपर नगर आयुक्त भारत कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, मुख्य सफाई निरीक्षक कमल कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शुभम मिश्र ने किया।

# शिक्षकों के लिए टेट का प्राविधान समाप्त किए जाने की मांग

अयोध्या।29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टेट का प्राविधान समाप्त किए जाने हेतु प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह को सोंपा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद अयोध्या के बैनर तले जनपद के शिक्षकों, ब्लॉक व जिले के संगठनिक पदाधिकारियों द्वार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजे जाने हेतु ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन सौंपते हुए ज्ञापन के बिंदुओं का उल्लेख करते हुए शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय ऑडिटर नीलमणि त्रिपाठी ने कहा शिक्षकों के विभाग में बने रहने के लिए टेट की अनिवार्यता संबंधी जो निशुल्क वअनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार संशोधन अधिनियम 2017 लागू किया गया वह न्याय सम्मत न होने के कारण अविलंब वापस लिया जाए इससे देश के लाखों शिक्षकों की सेवाओं को खतरा उत्पन्न हो गया है श्री त्रिपाठी ने कहा कि यह तो ठीक उसी प्रकार है जैसे खेल के बीच में नियम बदल देना। यदि इए इसी प्रकार हर विभागों में होगा है निश्चित रूप से जहां गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा वही कर्मचारियों की सेवाओं पर संकट उत्पन्न हो जाएगा। जिला मंत्री डॉ चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि उक्त निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण एवं अव्यावहारिक है।दशकों से शिक्षण कार्य में संलग्न शिक्षक लगातार विभागीय प्रशिक्षण तथा अपने अनुभव से शिक्षण कार्य में प्रवीण हो चुके हैं।टेट की परीक्षा का निर्णय अपमानजनक है। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार से अनुरोध है कि उक्त जटिल समस्या से शिक्षकों को निजात दिलाने हेतु विकल्प की तलाश करें। जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती ने टेट की परीक्षा से मुक्त करने की मांग किया।उक्त जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने बताया कि मोहम्मद आरिफ, संजय सिंह, प्रहलाद गौतम, अविनाश पांडे, सत्येंद्र पाल सिंह, मोहम्मद गयास, उद्धव श्याम तिवारी, प्रेमनाथ, मुकेश प्रताप सिंह,नम्रता शुक्ला समेत हजारों शिक्षक शिक्षिका शामिल हुए।

## मोदी के जन्मदिन पर भाजपाई आज करेंगे रक्तदान



बहराइच। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे की अध्यक्षता में 17 सितंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर प्रदेश संगठन के मार्गदर्शन में मनाया जाने वाला सेवा पखवाड़ा कर्यक्रम की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी व कार्यकताओं को अवगत कराते हुए कहा कि मोदी जी के 75वां जन्म दिवस के अवसर पर प्रात काल 8:00 बजे घंटाघर पार्क पर सभी पदाधिकारी का कार्यकताओं के द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जाएगा। उसके बाद एक प्रदर्शनी का आयोजन घंटा घर पार्क में किया जाएगा इसी उपलक्ष्य में किसान महाविद्यालय में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा । मोदी जी के 75 वें जन्म दिवस के अवसर पर युवा मोर्चा के कार्यकताओं के द्वारा 75 कार्यकताओं के द्वारा रक्तदान कराया जाएगा इसके लिए लगभग 200 से अधिक रजिस्ट्रेशन युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने कराया है । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, राहुल राय, सुरेश गुप्ता, महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, नन्हेंलाल लोधी ,मनीष आर्य, हेमलता निगम, युवा मोर्चा संयोजक अरुडेन्द्र सिंह अंकित अखिलेश यादव मंदीप सिंह वलिया सौरभ मिश्रा राम कृपाल मिश्रा नगर अध्यक्ष प्रथम अमित शर्मा जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा पंकज केवट प्रभात शुक्ला सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दुर्गा पूजा महासमिति के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

बहराइच ।आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को धूमधाम से मनाने,प्रतिमा स्थापना एवं भव्य पूजन, अर्चन के लिए श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा के काजीकटरा स्थित आवास पर सम्पन्न हुई ।बैठक में विभिन्न मुद्दों पर ध्यान आकर्षण किया गया ।महासमिति के महामंत्री कन्हैया सोनी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 22 सितम्बर से दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जायेगा ।उन्होंने दुर्गा पूजा उप समितियो से अपील की कि दुर्गा पूजा प्रतिमा स्थापना को लेकर किसी तरह की समस्या आ रही है 19 सितम्बर तक महासमिति के पदाधिकारियों को अवगत करवा दे ।महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने कहा कि पूरे जनपद में दुर्गा पूजा का पर्व बड़े ही श्रद्धा, उल्लास व भक्तिमय माहौल में मनाया जाएगा ।उन्होंने दुर्गा पूजा उप समितियों से आग्रह किया कि दुर्गा प्रतिमा स्थापना, स्थान, रास्ता, सड़क या विधुत से सम्बंधित कोई समस्या आ रही है तो तत्काल महासमिति के पदाधिकारियों को अवगत करवाये जिससे समस्या समाधान किया जा सके ।उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से दुर्गा पूजा महोत्सव उल्लासपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न करवाया जाएगा ।महासमिति के पदाधिकारी दुर्गा पूजा महोत्सव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तैयारी में लगे हुए है ।बैठक में विनोद कुमार रस्तोगी एडवोकेट, सुधाकर प्रसाद मिश्रा एडवोकेट,शिवशरण सिंह,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, रामजी शुक्ला,लव कुमार द्विवेदी,बैजनाथ रस्तोगी,राजकुमार सोनी,हरि शंकर गुप्ता,पवन जायसवाल,आत्माराम यादव,सत्येंद्र शुक्ला,विमल मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए जागरूकता जरूरी: डॉ.साधना सिंह

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मानव विकास एवं परिवार अध्ययन विभाग तथा यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर ह्लजीवन की रक्षा, गरिमा का संरक्षण: आत्महत्या एवं यौन उत्पीड़न की रोकथामह्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। अधिष्ठाता डा. साधना सिंह ने आत्महत्या से जुड़े मिथक, तथ्य एवं जोखिम कारकों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यौन उत्पीणन की रोकथाम के लिए यौन उत्पीड़न के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण जरूरी है।यौन उत्पीड़न के मामलों को संभालने के लिए स्पष्ट नीतियों और प्रक्रियाओं का विकास करना होगा। कहा कि आत्महत्या एक गंभीर समस्या है और इसके लिए सहायता लेना महत्वपूर्ण है। आशा देवी महाविद्यालय और चन्द्रबलीसिंह उर्मिला महाविद्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों,शिक्षकों को आत्महत्या एवं यौन उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी ज्ञान,कौशल और संवेदनशीलता प्रदान करना था। डा. रागिनी मिश्रा ने कार्यशाला में पहुंचे सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला की सह-आयोजन सचिव के रूप में डा. पूनम सिंह, डॉ. विभा परिहार, डॉ. श्वेता चैधरी एवं डॉ. ममता आर्या का मुख्य योगदान रहा। इस मौक पर डॉ. प्राची शुक्ला, डा. श्वेता सचान, सरिता श्रीवास्तव, डॉ. मीनल राय, ऋतिका पाण्डेय, अनुराधा एवं प्रियंका चैहान, डॉ. सुप्रिया, डॉ. आशा कुमारी वर्मा, डॉ. विजयलक्ष्मी राय सहित 250 छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

# शिक्षा भवन पर शिक्षकों ने किया धरना-प्रदर्शन

अयोध्या। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (पांडे गुट) का मंडलीय धरना-प्रदर्शन मंगलवार को शिक्षा भवन अयोध्या पर सम्पन्न हुआ।जिलाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता और जिला मंत्री अमरनाथ सिंह के संचालन में आयोजित हुआ। धरने में मंडल भर से शिक्षक भारी संख्या में शामिल हुए।

अयोध्या जिलाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि ज्ञापन की प्रमुख मांगें पुरानी पेंशन योजना की बहाली, ऑफलाइन स्थानांतरण, शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम की धाराओं की पुनर्स्थापना, वर्ष 2000 से पूर्व व बाद नियुक्त तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण व सेवा सुरक्षा, सरप्लस समायोजन आदेश की समाप्ति, विषय विशेषज्ञ व व्यवसायिक शिक्षकों को पूर्ण शिक्षक का दर्जा, वित्तविहीन शिक्षकों को अधिनियम 1921 के दायरे में लाना, सिटीजन चार्टर लागू करना तथा एनपीएस का राज्यांश नियमित वेतन के साथ भुगतान है।

धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री अजय सिंह ने कहा कि शिक्षक समस्याओं के समाधान हेतु संगठन किसी भी स्तर तक संघर्ष के लिए तैयार है। सुल्तानपुर के जिलाध्यक्ष ने कहा कि सेवा सुरक्षा के लिए संघ पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसे हासिल किए बिना चैन से नहीं बैठेगा। बाराबंकी के जिलाध्यक्ष ने कहा कि वेतन वितरण



अधिनियम, पेंशन और सुविधाएं शिक्षकों को लंबे संघर्ष से मिली हैं, इन्हें किसी भी हाल में समाप्त नहीं होने दिया जाएगा। जिला मंत्री सुल्तानपुर ने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो समस्याओं के समाधान के लिए बलिदान तक देने को शिक्षक तैयार हैं।शिक्षक नेता दान बहादुर सिंह ने कहा कि कार्यालयों में भ्रष्टाचार तभी समाप्त होगा जब शिक्षक एकजुट होकर संघर्ष करेंगे।जिला उपाध्यक्ष अनिल मिश्रा ने विपरीत मौसम के बावजूद भारी उपस्थिति को संगठन में शिक्षकों के गहरे विश्वास का प्रतीक बताया।जिला संगठन मंत्री रणदीप सिंह ने कहा कि एकजुट होकर शिक्षा कार्यालयों में संघर्ष करने से ही समस्याओं का समाधान संभव है। धरने के उपरांत शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक डा पवन कुमार तिवारी को सौंपा।

## पितृ पक्ष में गौ माता की सेवा का कार्यक्रम आयोजित



बहराइच ।समाज सेवा में अग्रणी रोटरी क्लब द्वारा समाज सेवा में अनेकों कार्य किए गए हैं जैसे शिविर लगा कर वृद्धों की सेवा की है जैसे डॉक्टरों से निःशुल्क इलाज करना उनका फिजियोथेरेपी कराना, महिलाओं को निःशुल्क सिलाई कढ़ाई की ट्रेनिंग दिलाना, बच्चों को निःशुल्क कम्प्यूटर की ट्रेनिंग दिलाना आदि राष्ट्रीय भावना से ओत प्रोत संस्था ने इसी क्रम में पितृ पक्ष में गौ सेवा कार्यक्रम रखा जिसमें अध्यक्ष श्री कैलाश जालान, सचिव रामेश्वर रस्तोगी जी सहित सभी रोटेरियन ने पूरे उत्साह से हमारे गो सेवा का कार्यक्रम किया जो अत्यंत सफल और पुण्य कार्य रहा। अग्रसेन गौशाला निकट देवी गुल्लाबीर मंदिर में बड़ी संख्या में रोटेरियन एकत्रित होकर पूरे मन से गो सेवा की गई इस पुनीत कार्य में शीतल प्रसाद अग्रवाल जी के कुशल प्रबंधन के तहत, गौ माताओं को रोटी, गुड़, चना, फल और हरा चारा खिलाया गया।इस कार्यक्रम में रोटेरियन अनिल सिंघल, रोटेरियन प्रदीप केडिया,रो.कैलाश जालान (अध्यक्ष),कुसुम जलान रोटेरियन कुलभूषण अरोड़ा, रोटेरियन सुशील ड्रोलिया. रामेश्वरनाथ रस्तोगी (सचिव)पुष्पा रस्तोगी, ओम प्रकाश जलान, विनय जलान.लता जालान, विकास जलान .रचना जालान , विराट अग्रवाल सपरिवार, अमित अग्रवाल जी, महेश गुप्ता पत्रकार, डीपी सिंह जी, हिमांशु कंसल आदि कई लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# बहराइच में एमआईएम प्रदेश अध्यक्ष पर एफआईआर

## महाराजा सुहेलदेव को लुटेरा कहने से मचा संग्राम

बहराइच। जिले में सियासत के आसमान पर इस वक्त सबसे बड़ा तूफान एमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के बयान से उठा है। आरोप है कि शौकत अली ने बिना अनुमति आयोजित कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान महाराजा सुहेलदेव को लूटेरा कह डाला। इस विवादित टिप्पणी ने जनमानस को भड़काने का काम किया और इलाके में गहरा आक्रोश फैल गया। मामला तूल पकड़ते ही हिंदू रक्षा दल के जिला महामंत्री तिलक राम मिश्र ने थाना कोतवाली देहात में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर शौकत अली व उनके सहयोगी फिरोज बागवान के खिलाफ भारतीय न्याय दंड संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 196(1)बी व 353(2) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि यह विवादित टिप्पणी 14 सितंबर को त्रिमुहानी रोड स्थित फिरोज बागवान के घर पर हुए कार्यक्रम में की गई थी। खास बात यह है कि यह सभा बिना प्रशासनिक अनुमति के आयोजित की गई थी। इस पूरे घटनाक्रम ने शहर की सियासत को गरमा दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महाराजा सुहेलदेव हमारे आराध्य हैं, उन पर अभद्र टिप्पणी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आज से 16 अक्टूबर तक संचालित होगा स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान



बहराइच ।जनपद में 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक संचालित होने वाले स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान के सफल संचालन के दृष्टिगत सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने सीएमओ डॉ संजय कुमार को निर्देश दिया कि अभियान के सफल संचालन के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो व अरोग्य मन्दिरों आदि पर आयोजित होने वाले अभियान की कार्ययोजना तैयार कर सभी सम्बन्धित विभागों से समन्वय के साथ सफलता पूर्ववक संचालित किया जाय। सीडीओ ने यह भी निर्देश दिया कि अभियान अन्तर्गत आयोजित होने वाले शिविरों का मा. जनप्रतिनिधियों से उद्घाटन कराया जाय।

बैठक के दौरान सीएमओ ने बताया कि सरकार का मानना है कि जब महिलाएँ स्वस्थ होंगी तो आने वाली पीढ़ियाँ भी सुरक्षित और सशक्त होंगी और परिवार में समृद्धि आएगी। शासन की मंशानुसार जिले के 411 स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष जांच, परामर्श और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम में एक दिन विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएँ भी उपलब्ध रहेंगी। अभियान का उद्घाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चित्तौरा में सांसद आनंद गोंड द्वारा किया जायेगा। जबकि जिले के अन्य सीएचसी, पीएचसी व आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित पोषण माह के साथ जुड़ा हुआ है और इसके अंतर्गत एक ही छत के नीचे 12 प्रकार की सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।

## सीमावर्ती जिलों में पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश



बहराइच।नेपाल में हिंसा भड़कने के बाद डीजीपी राजीव कृष्ण ने यूपी के सभी सीमावर्ती जिलों में पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है।वहीं, नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए विशेष नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया है।इसकी जिम्मेदारी एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश को सौंपा गया है।एडीजी अमिताभ ने बताया कि सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।पुलिस गश्त और निगरानी को सुदृढ़ किया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।डीजीपी मुख्यालय की कानून-व्यवस्था शाखा में स्थापित विशेष नियंत्रण कक्ष में तीन हेल्पलाइन नंबर और एक व्हाट्सएप नंबर दिन-रात संचालित रहेंगे। इसके जरिये लोग सीधे मदद प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय की सोशल मीडिया इकाई को निर्देशित किया गया है कि नेपाल से संबंधित किसी भी संवेदनशील सूचना अथवा पोस्ट की लगातार निगरानी करने के साथ आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्यवाही की जाए।

# परिवहन व यातायात विभाग ने वृहद स्तर पर चलाया अभियान

- 9 मोडिफाई ई-ऑटो समेत कुल 13 वाहन सीज, बिना हेलमेट के 10 चालान

बाराबंकी। नियमो का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ परिवहन एंव यातायात विभाग की संयुक्त टीम ने



वृहद स्तर पर अभियान चलाया। इस दौरान पेट्रोल पम्प पर बिना हेलमेट ईधन भरवाने आये दोपहिया वाहन के चालान, क्षमता से अधिक सवारी भरने वाले माड़िफाइड़ ई-आटो पर कार्यवाही की गई। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि आज मंगलवार को यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी व यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने बहराइच-गोण्ड़ा-बाराबंकी मार्ग पर 5 सीटर मे 11 सवारी मिलने पर 9 माडिफाइड ई-आटो को थाना मण्ड़ी को सीज किया गया।इसके अतिरिक्त पीटीओ द्वारा लखनऊ-बाराबंकी मार्ग पर अन्य अभियोगो मे 4 वाहनो को थाना मोहम्मदपुर चैकी पर सीज व बिना हेलमेट के ईधन भरवाते मिलने पर 10 दोपहिया वाहनो के चालान किये गये।

# सपना था फाइटर पायलट का, बने मुख्य अग्निशमन अधिकारी

- 24 साल की उम्र में ओएनजीसी कम्पनी से शुरू किया लोकसेवा आयोग का सफर
- डीजीपी सराहनीय पदक से सम्मानित हो चुके है मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनिमेश सिंह

भूपिन्दर पाल सिह शैन्की

**बाराबंकी**। ओएनजीसी से वर्ष 2006 में नौकरी की शुरूआत कर 2011 में लोकसेवा आयोग से चयनित होकर मुख्य अग्निशमन अधिकारी बने अनिमेश सिंह प्रवासी भारतीय दिवस पर डीजीपी सराहनीय पदक और डीजी फायर से सिल्वर सराहनीय पदक भी प्राप्त कर चुके है। वर्तमान में जनपद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी पद पर हाल ही में इनकी तैनाती भी हुई है। श्री सिह इससे पूर्व बुलदशहर, बहराइच, हापुड़, बनारस, अलीगढ़ समेत अग्निशमन मुख्यालय पर भी अपनी सेवायें दे चुके है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री सिंह को तत्कालीन एडीजी बनारस जोन रहे पी0वी रामाशास्त्री की डायरेक्ट संतुति पर तत्कालीन डीजीपी ओ.पी सिंह द्वारा प्रशासनिक कार्यों में



उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रवासी भारतीय दिवस पर सराहनीय पदक भी मिल चुका है। मूल रूप से गोरखपुर के निवासी श्री सिंह का नागपुर में

### साक्षात्कार

इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान ही कैम्पस से ही चयन हो गया था।मात्र 24 साल की उम्र में ही उन्होने पढ़ाई मे महारत के साथ प्रशासनिक सेवाओं में भी कदम रख दिया था। हालाकि उनका सपना फाइटर पायलेट बनने का था। लेकिन अग्निशमन विभाग मे चयन हो जाने के कारण आज भी एयरफोर्स से सम्बधित साहित्यिक पुस्तके भी पढ़ने का शौक है। उन्होंने अपनी प्राथमिकता के बारे में बताया कि उनके विभाग में सेवा नियमावली बन रही है।जनपद के 6 तहसीलों में जहां फायर स्टेशन संचालित है। उसके अतिरिक्त भी कुर्सी रोड़ व फतेहपुर में फायर स्टेशन बनाने की कार्यवाही चल रही है। हालाकि जनपद के अग्निशमन विभाग में तैनात कर्मचारियों की संख्या में कमी है।जिसके लिये शासन को अवगत कराया गया है। जनपद के 7 अग्निशमन वाहन चालक है।जोकि मानक से कम है।जिसकी बढ़ोत्तरी के लिये शासन को बताया गया है। उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान मे अग्निशमन विभाग फायर सर्विस इमरजेन्सी सर्विस के नाम से जाना जाता है। उन्होने अग्निशमन लाइसेन्स लेने के लिये भविष्य मे स्कीम चलाने और जागरुकता अभियान के माध्यम से लाइसेन्स प्राप्त करने मे की जाने वाली सरलता को भी अवगत कराया। उन्होने बताया कि हास्पिटल, होटल, पटाखों, पंडालों और अस्थाई पंडालों के लिये प्रक्रिया की सरलता व स्कीम को भी बताया।

## सेक्टर प्रभारियों के नेतृत्व में वन्य जीव सक्रियता क्षेत्र में गश्त कर रही टीमें

बहराइच ।वन प्रभाग, बहराइच के कैसरगंज रेंज अन्तर्गत तहसील कैसरगंज एवं महसी के ग्रामों में अज्ञात वन्य जीव द्वारा किये गये हमले के दृष्टिगत नियंत्रण/शमन की कार्यवाही के दृष्टिगत हिंसक वन्य जीव के सक्रियता/प्रभावित क्षेत्रों को 04 सेक्टरों में विभाजित कर अधिकारियों द्वारा दिवारात्रि में गश्त कर प्रभावित क्षेत्र को निगरानी में रखा गया तथा क्षेत्र में तैनात समस्त टीमों द्वारा सेक्टर प्रभारियों की देख-रेख रणनीति के तहत रेस्क्यू कार्यवाही का संचालन किया जा रहा है। डीएफओ श्री यादव ने बताया कि वन विभाग द्वारा 15/16 सितम्बर को तहसील कैसरगंज व महसी के अज्ञात वन्य जीव आतंक प्रभावित क्षेत्र के सभी 04 सेक्टरों में वन्य जीव को खोजने/रेस्क्यू के उद्देश्य से सेक्टर प्रभारियों की अगुवाई में विशेषज्ञ टीम द्वारा दो थर्मल ड्रोन एवं एक अन्य ड्रोन कैमरे तथा गश्ती दलों द्वारा वन्य जीव को खोजने की कार्यवाही की गयी। गश्ती दलों द्वारा संवेदनशील स्थलों पर कैमरा ट्रैपस को स्थापित कर उपद्रवी वन्य जीव के आवागमन को खोजने की कार्यवाही की गयी।

## भाकियू के बैनर तले 18 किसानों ने किया रक्तदान



बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन द्वारा प्रतिमाह आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर मे 25 किसानो ने पंजीकरण कराते हुये जांचोपरात 18 किसानो सुनील कुमार, ओमकार, राम शंकर, अजय कुमार, सुशील कुमार, ममता देवी, जितेन्द्र कुमार, रामलाल, दिलीप कुमार, हर्षित वर्मा, रमेश चन्द्र, मो इरफान, प्रवीण कुमार, अनूप कुमार, अरुण कुमार, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, मंगलेश, आदित्य कुमार, रवि ने रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव हासिल किया। इस अवसर पर शिवनरायन सिंह, राम किशोर पटेल,मीडिया प्रभारी सतीश वर्मा रिन्कू, प्रमोद कुमार, रामानन्द वर्मा, राम मदन, विशेष कुमार, पप्पू वर्मा, सन्दीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# छात्र की पशु तस्करों ने की निर्मम हत्या

## भागने के दौरान एक पशु तस्कर पकड़ाया, आक्रोशित भीड़ ने बेरहमी से पीटा

- घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन, जमकर काटा बवाल
- ग्रामीणों के हंगामें के दौरान पत्थरबाजी से एसपी व थानेदार समेत चार पुलिस कर्मी भी चोटिल

जिला संवाददाता





**गोरखपुर।** पिपराइच थाना क्षेत्र में बीती रात एक दिल दहला देने वाली घटना से सनसनी मच गई। इलाके के जंगल धूसड़ चौराहे पर चोरी करने से रोकने पर पशु तस्करों के गिरोह ने दीपक नाम के एक युवा छात्र को बंधक बनाने के बाद गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। सनसनीखेज वारदात के बाद गांव में भारी बवाल मच गया। आक्रोशित ग्रामीणों और पुलिस के बीच देर रात झड़प हुई, जिसमें एसपी नॉर्थ, थानेदार समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। देर रात ग्रामीणों ने घेराबंदी कर एक पशु तस्कर को पकड़ लिया। उनके पिकअप को कब्जे में लेने के साथ ही आग के हवाले कर दिया। पुलिस की लापरवाही से घटना होने का आरोप लगाते हुए, मंगलवार की सुबह ही ग्रामीणों ने सड़क जाम कर जमकर प्रदर्शन किया। डीएम, डीआईजी व एसएसपी ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच खुद मोर्चा संभाला फिर घंटो बाद सड़क जाम खुल पाया एहतियात के तौर पर गांव में और मौके पर पीएसी के साथ ही भारी संख्या में फोर्स तैनात है।

चरगांवा संवाददाता के अनुसार, पिपराइच इलाके के जंगल धूसड़ निवासी दीपक गुप्ता इंटरमीडिएट के बाद डाक्टर बनने की चाहत रखते हुए नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मामले की शुरूआत सोमवार रात साढ़े 11 बजे हुई। 10-12 पशु तस्कर दो गाड़ियों (पिकअप) से पिपराइच के मऊआचापी गांव पहुंचे। गांव के एंट्री पॉइंट पर ही मृतक के पिता दुर्गेश गुप्ता की जय फर्नीचर नाम की दुकान है। तस्करों ने जब सुनसान जगह देखी तो लूट के इरादे से दुकान का ताला तोड़ने लगे। उस वक्त दुकान के ऊपरी मंजिल में ट्रैवल का ऑफिस था। यहां दुर्गेश की बहन का लड़का सो रहा था। शटर खड़खड़ाने की आवाज हुई तो वह उठ गया। उसने देखा तो नीचे 10-12 लोग खड़े थे। उसने तुरंत मामा दुर्गेश के बेटे दीपक को कॉल किया। दीपक ने शोर मचाया। वह तुरंत स्कूटी से दुकान की तरफ भागा। पीछे-पीछे 10-15 ग्रामीण भी वहां पहुंच गए। शोर शराबा सुनकर तस्कर भागने लगे, तभी उनका ग्रामीणों से आमना-सामना हो गया। तस्करों ने फायरिंग कर दी। दीपक सबसे आगे था, ऐसे में तस्करों ने उसको अपनी गाड़ी में खींचकर भर लिया। इसके कुछ देर बाद वहां से चार किमी दूर खून से लथपथ उसकी लाश मिली। बताया जा रहा है कि तस्करों ने मुंह के अंदर गोली मारी थी। आरोपी तस्कर खून से लथपथ युवक को गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरैया गांव में फेंककर भाग गए। घटना की जानकारी होने पर पीछा करते हुए पहुंचे परिजन व गांव के लोग गंभीर हालत में दीपक को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

हत्या की खबर फैलते ही गांव में आक्रोश फूट पड़ा। घेराबंदी कर गांव के लोगों ने एक पशु तस्कर को पकड़ लिया। पिकअप को छोड़कर दूसरे तस्कर फरार हो गए। आरोपी की पिटाई कर गांव के लोगों ने बंधक बना लिया। घटना की जानकारी होने पर पहुंची पिपराइच पुलिस ने तस्कर को हिरासत में लेने का प्रयास किया तो ग्रामीणों ने घेर लिया। बात बढ़ी तो पुलिस और ग्रामीणों में झड़प हो गई, जिसमें एसपी जितेंद्र कुमार, पिपराइच थानेदार पुरुषोत्तम आनन्द समेत चार पुलिसकर्मी घायल हुए। घटनास्थल पर एसपी उत्तरी, सीओ कैंप कर रहे हैं। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं और पुलिस अन्य तस्करों की तलाश में दबिश दे रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में सभी आरोपी जल्द पकड़ लिए जाएंगे। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में दहशत है और ग्रामीण सुरक्षा इंतजाम की मांग पर अड़े हुए हैं। दीपक के अंतिम संस्कार के वक्त पूरे गांव के लोग मौजूद रहे। डीआईजी, एसएसपी भी गांव में बने हुए हैं। रोते हुए पिता ने दीपक को मुखाग्नि दी।

### दो दिन के भीतर हत्यारों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर परिजन माने



हालात बिगड़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर पीएसी की तैनाती करनी पड़ी। तस्कर को हिरासत में लेकर पुलिस ने बीआरडी में भर्ती कराया। अगले दिन मंगलवार को सुबह होते ही आक्रोशित ग्रामीण ने गोरखपुर पिपराइच मार्ग पर स्थित चरगांवा विकास खण्ड के अंतर्गत आने वाले जंगल धूसड़ चौराहे को सुबह 7 बजे ही जाम कर दिया मौके पर पहुंचे एस डी एम सदर दीपक कुमार व चार थाने के पुलिस बल सहित पी ए सी बटालियन पर भी ग्रामीणों ने पत्थराव किया।मौके पर पहुंचे एसएसपी राजकरन नैय्यर ने कहा कि पशु तस्करों ने चलती गाड़ी से दीपक को नीचे गिरा दिया था। इससे दीपक को चोट लग गई और उसकी मौत हो गई। जिलाधिकारी दीपक मीणा दोपहर बारह बजे दो दिन के भीतर दोषी पशु तस्करों के गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम समाप्त किया।

### डीएम बोले- परिवार की मांगों को पूरी कराने की कोशिश करेंगे

गोरखपुर डीएम दीपक मीणा ने कहा- काफी दुखद घटना है। पुलिस की ओर लगातार कार्रवाई की जा रही है। एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया है। परिवार से बातचीत हुई। परिवार की जो मांग है, उन पर चर्चा हुई है। जितनी भी सहायता स्थानीय स्तर और ऊपर से हो सकती है। अलग-अलग मदों में हम लोग उसे पूरी कराने की कोशिश करेंगे। परिवार की मांग है कि दोषियों पर कार्रवाई हो। आर्थिक सहायता दी जाए और परिवार के एक सदस्य को नौकरी मिले।

### योगी का परिवार को आश्वासन- दोषियों को बख्शेंगे नहीं

पिपराइच इलाके में छात्र की हत्या का मामला सीएम योगी तक पहुंच गया। उन्होंने अफसरों को जल्द से जल्द मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। कहा- दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। इसके बाद डीआईजी शिवसिंपी चनप्पा और एसएसपी राजकरण नय्यर घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों से बात की। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद परिजन धरना खत्म करने के लिए राजी हुए। करीब पांच घंटे रोड खुला।

### अखिलेश बोले- गोरखपुर में अपराधियों का सिक्का चल रहा

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पर लिखा-गोरखपुर में शासनिक-प्रशासनिक मिलीभगत से सत्ता संरक्षित पशु तस्करों के खिलाफ जनता का जो गुस्सा फूटा है, उसकी जिम्मेदार भाजपा सरकार खुद है। जिन पशु तस्करों ने युवक की जान ले ली है, उनको बचाने के लिए पुलिस आएगी तो तस्करी के इस कुकृत्य में सत्ताधारियों की साठ-गांठ का भंडाफोड़ होगा ही। जनता आक्रोशित भी होगी।

अगर यूपी के मुख्यनगर (गोरखपुर) में ऐसा हो रहा है तो इसका मतलब है कि इस गोरखधंधे में किसी की मुख्य साझेदारी है। क्या उनके हाथ से ये नगर भी निकल गया है। पूरे यूपी की तरह यहां भी अपराध चरम पर है। यहां भी अपराधियों का ही सिक्का चल रहा है। दोनों हालातों में ये 'मुख्य नाकामी' है। मृतक के पीड़ित परिजनों को न्याय मिले। भाजपा जाए तो इंसाफ आए।

### मां ने कहा, बेटे के हत्यारों को जान से मार दें... तभी शांति मिलेगी'



बेटे दीपक की मौत के बाद मां सीमा का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने कहा- सभी चोरों को मार दिया जाए, तभी मुझे शांति मिलेगी। ये दर्द गोरखपुर में अपने बेटे दीपक गुप्ता को खोने वाली मां का है। पिता दुर्गेश गुप्ता का भी रो-रोकर बुरा हाल है।

## मृतक के पिता ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



*मृतक छात्र दीपक गुप्ता के पिता श्री दुर्गेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एस डी एम सदर दीपक गुप्ता को सौंपते हुए परिवार में एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी,एक करोड़ रुपए धनराशि की शासन से मदद ,दोषियों की सजा ,परिवार की पुलिस उत्पीड़न से सुरक्षा सहित सम्बंधित पुलिस चौकी को बर्खास्त करने की मांग की है।*

## काला कानून वापस लो, टेट की अनिवार्यता खत्म करो स्लोगन के साथ शिक्षकों का विरोध



**गौरीगंज, अमेठी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रांतीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा एवं संजय सिंह के आह्वान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद अमेठी की संयुक्त कार्य समिति में लिए गए निर्णय पर अशोक कुमार मिश्र, मंत्री अरुण कुमार सिंह एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शिव भूषण उपाध्याय एवं मंत्री जय प्रकाश द्विवेदी संयुक्त के नेतृत्व में जनपद से हजारों शिक्षक दोपहर समय 2.30 बजे रणंजय इंटरमीडिएट कॉलेज गौरीगंज के प्रांगण में एकत्र होकर विकास खण्ड वार जुलूस की शक्ल में जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ नारे,स्लोगन ₹काला कानून वापस लो₹ ₹टेट की अनिवार्यता खत्म करो ₹ आदि लगाते हुए प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया। बताते चलें वर्ष 2011 के पूर्व के नियुक्त शिक्षकों को भी सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा आए निर्णय टेट की अनिवार्यता से शिक्षक आहत हैं। सभी शिक्षक अपने भविष्य की सेवा को सुरक्षित रखने हेतु प्रधानमंत्री भारत सरकार को सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर सर्वोच्च न्यायालय में आए निर्णय में बदलाव या संशोधन करने की माँग कर रहे हैं। उक्त अवसर पर शशांक शुक्ल, राजेश कुमार गुप्ता,वीरेन्द्र कुमार यादव, राजेश कुमार तिवारी सहित हजारों शिक्षक मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत में हुए आधे अधूरे कार्यों की जांच की मांग ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से की

**गौरीगंज, अमेठी।** जनपद के विकासखंड शाहगढ़ अंतर्गत कोहार ग्राम पंचायत में विकास के नाम पर सरकार से भेजे गए बजट का इस कदर बंदर बांट हुआ है की ग्राम प्रधान और सचिव ने मिलकर धन का पूरा आहरण कर लिया है साथ ही काम अभी भी अधूरा पड़ा हुआ है ग्राम पंचायत में हुए कार्य में नाली में अनियमितत। के साथ ही इंटरलॉकिंग स्टेशनरी आदि में भारी धांधली की गई है जिसमें गांव के ही एक युवक ने उच्च अधिकारियों को शिकायत कर जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कौहार बड़ी आबादी वाली ग्राम पंचायत है जिसमें लगभग 12 पुरवे आते हैं जिसमें गंगाराम पांडे का पुरवा , सरैया ,इच्छाराम पांडे का पुरवा ,पाठक पुरवा ,रामगंज, बोझी , बलभद्रपुर ,कोहारमल बिरजा का पुरवा ,बाबू पुरवा , आह्लाद पांडे का पुरवा आदि शामिल है जिनमें 6हजार आबादी की ग्राम पंचायत तथा 3000 के लगभग मतदाता बताए जाते हैं ।ग्राम पंचायत में व्यक्तिगत लाभ के लिए इंटरलॉकिंग लगाई गई है जिसमें एक ही व्यक्ति का आना-जाना होता है। यही नहीं पूरे इच्छाराम पांडे में बनाई गई नाली आधी अधूरी पड़ी है जिसमें 88858 रुपए निकल जा चुकी है ।बिना मरम्मत कराए ही हैंडपंप का 19800 निकाल दिया गया है जिसमें जीएसटी बिल भी नहीं लगाया गया है ।आकाश इंटरप्राइजेज एवं राजपूत ट्रेडर्स विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत में बिल वाउचर लगाकर धन का बंदर बांट करने में मददगार साबित हो रहे हैं सचिव सुमन यादव व प्रधान रामेश्वर प्रसाद मौर्य की मिली भगत के चलते ग्राम पंचायत का विकास अधर में लटका हुआ है क्षेत्र की शिक्षित आबादी वाली ग्राम पंचायत के लोग जांच की मांग कर रहे हैं लेकिन अभी ग्राम पंचायत में हुए कार्यों में धांधली की शिकायत के बाद भी जांच नहीं हो सकी है। फिलहाल गांव के ही विकास तिवारी ने ग्राम पंचायत में हुए कार्यों की टीम गठित कर जांच की मांग शासन से एवं जिला प्रशासन से की है।

## बेकरी की दुकान में लूट की सूचना पायी गयी झूठी

**अमेठी ।** विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर थानाक्षेत्र अमेठी के कस्बे में स्थित फ्रेंड्स बेकरी की दुकान में दिन दहाड़े बड़ी लूट असलहाधारी बदमाश फ्रेंड्स बेकरी में घुसे, दुकानदार नासिर खान को पीटकर किया घायल, 2.51 लाख रुपये नकद लूटकर फरार जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थी ।खबर की जांच थाना अमेठी पुलिस द्वारा की गई तो पाया गया कि मंगलवार को थानाक्षेत्र अमेठी के कस्बा अमेठी में सगरा तिराहा पर स्थित फ्रेंड्स बेकरी के दुकानदार नासिर खान पुत्र मो0 इम्तियाज अहमद नि0 ग्राम वार्ड न0-7 रायपुर फुलवारी थाना व जनपद अमेठी व द्वितीय पक्ष के हिमांशू सिंह पुत्र हरिकेश बहादुर सिंह नि0 बन्नाटीकर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी के मध्य सुबह लगभग 7.30 बजे मोटरसाइकिल निकालने की बात को लेकर कहासुनी हुई थी, इसी बात से नाराज होकर हिमांशू सिंह उ ने अपने कुछ साथियों को बुलाकर मारपीट की थी । दुकानदार नासिर खान से मारपीट के संबंध में थाना अमेठी पर तहरीर प्राप्त है । आरोपी हिमांशू सिंह और उसके कुछ साथियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है । किसी प्रकार की लूटपाट की घटना नहीं हुई है । सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर चलाई जा रही लूट की खबर भ्रामक व असत्य है ।

## ड्रोन की दहशत से उड़ी नींद

**सलोन रायबरेली।** क्षेत्र में ड्रोन व चोर के शोर से लोगों में दहशत है। चोरी की वारदातों को रोकने के लिए लोग रतजगा करने को मजबूर हैं। पुलिस ने लोगों को अफवाहों से सतर्क रहते की सलाह दी है।सलोन कोतवाली रेवली, मटका, पारी, बगहा, सूची,हरपुर हल्ला, गोठिया तिवारीपुर, परहरी, पहाड़गढ़, विषैया आदि गांवों में ड्रोन व चोर की सूचना पुलिस को रात 10 बजे से मिलने लगी जो आधी रात तक चलती रही। पारी, पूरे पंडित, गोठिया तिवारी पुर, हरपुर हल्ला, परहरी समेत अन्य नितिन तिवारी, अतुल कुमार, लवकुश यादव रिंकू, शिवांश, अमन ,अभय ,राजू, संजय, महेश पटेल, रज्जन, उमेश, सुशील,अमित सिंह, बृजेश आदि गांवों के लोगो ने बताया में शाम सात बजे से ही आसमान में ड्रोन उड़ने लगे। सूचना पर पुलिस भी पहुँची।करीब लगभग तीन सौ फीट ऊंचाई पर उड़ रहे ड्रोन को देख लोग शोर मचाने लगे।

## जन-जन का स्नेह और विश्वास मेरे लिए अनमोल

- सदर विधायक ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा, जनता की समस्याओं का लिया जायजा



**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने अपने क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए विकास खंड राही के अंतर्गत पितम्बरपुर, सेमरा, पूरे जोधी परौरा, बड़ी जरियारी और छोटी जरियारी गावों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना।

सदर विधायक ने अपने दौरे के दौरान क्षेत्र के नागरिकों के साथ खुले मन से बातचीत की। ग्रामीणों ने बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा से संबंधित अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। विधायक ने सभी मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुना और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, ष्आप सभी का स्नेह और विश्वास मेरे लिए अनमोल है। जन-जन की समस्याओं का समाधान करना मेरा कर्तव्य और दायित्व है। अदिति सिंह ने गावों में चल रहे विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास परियोजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। ग्रामीणों ने सड़कों की मरम्मत, नालियों के निर्माण और पेयजल की बेहतर व्यवस्था जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान देने की मांग की, जिसके जवाब में विधायक ने संबंधित विभागों से तुरंत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। अदिति सिंह ने अपने संवाद में जोर दिया कि क्षेत्र के विकास और जनता की भलाई के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा, मेरा उद्देश्य रायबरेली सदर को विकास के पथ पर अग्रसर करना और हर नागरिक के जीवन को बेहतर बनाना है। इसके लिए मैं आप सभी के सुझावों और सहयोग की अपेक्षा करती हूँ।

## भारत के मन को समझना हो तो अपनानी होगी हिन्दी : प्रो. इन्द्रमणि कुमार

- राणा प्रताप पीजी कॉलेज में हिन्दी सप्ताह पर संगोष्ठी

**सुलतानपुर (वीओएल)।** भारत के मन को समझना हो तो हमें हिंदी भाषा को अपनाना पड़ेगा। जिस भाषा को बोलने और समझने वाले लोग गिनती के हों उस भाषा में राजकाज करना कहीं से भी न्यायोचित नहीं है। हिन्दी को पूरी तरह से राजकीय दर्जा मिलना चाहिए केवल कागजी तौर पर नहीं।

यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर इन्द्रमणि कुमार ने कहीं। वह महाविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी सप्ताह पर आयोजित संगोष्ठी व विविध कार्यक्रम को बतौर अध्यक्ष सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिंदी का प्रयोग अनुवाद और औपचारिकता निर्वाह की भाषा के रूप में नहीं सहज और स्वतंत्र भाषा के रूप में होना जरूरी है। मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि हिंदी अब विश्व भाषा के रूप में प्रतिष्ठित हो चुकी है। ज्ञान विज्ञान को अपने में समेट कर सोशल मीडिया में अग्रणी भूमिका निभाती हुई हिन्दी आज रोजगार की भाषा बन चुकी है।

यदि हिंदी कमजोर होगी तो उसमें रची बसी संस्कृति और संस्कार भी कमजोर होंगे। विशिष्ट वक्ता असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विभा सिंह ने कहा कि हिन्दी जीवन मूल्य सिखाने और दिलों को जोड़ने वाली भाषा है। हिन्दी में काम कर के हम अपनी वैश्विक पहचान बना सकते हैं। हिन्दी चेतना और विकास से जुड़ी हुई भाषा है। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बीए, एमए के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में प्राथमिक शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन




**सुलतानपुर (वीओएल)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर मंगलवार को जिले में हजारों शिक्षकों ने टीईटी अनिवार्यता के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। शिक्षक तिकोनिया पार्क से नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व अयोध्या मण्डल के मंत्री दिलीप कुमार पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक संघ का इतिहास संघर्षों से भरा है और इस बार भी न्याय की लड़ाई लड़ी जा रही है। शिक्षकों की मांग है कि 25 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता को खत्म किया जाए। संघ का कहना है कि केंद्र सरकार ने एनसीईटी कानून में संशोधन कर शिक्षकों के साथ अन्याय किया है, जिससे शिक्षक मानसिक तनाव और असमंजस की स्थिति में हैं। जिला मंत्री डॉ. हृषिकेश भानु सिंह ने मांग की कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध सरकार पुनर्विचार याचिका दाखिल करे, ताकि पूर्व नियुक्त शिक्षकों को राहत मिल सके। जिला संयुक्त मंत्री प्रशांत पाण्डेय ने चेतावनी दी कि यदि ज्ञापन के माध्यम से समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। प्रवक्ता निजाम खान ने स्पष्ट किया कि मीडिया में फैली भ्रांतियों के कारण शिक्षकों में भारी चिंता है और केंद्र व राज्य सरकार से अपील है कि वे संवेदनशीलता दिखाएं। इस मौके पर विभिन्न ब्लॉकों और संघ के पदाधिकारियों सहित हजारों की संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## एसजेएस पब्लिक स्कूल महराजगंज के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से किया विद्यालय का नाम रोशन

**महराजगंज, रायबरेली।** एसजेएस महराजगंज की कक्षा सात की छात्रा भावना( आरेखण प्रतियोगिता ) एवं कक्षा 10 की छात्रा कशिश सिंह ने जेसी सप्ताह के अंतर्गत 12 सितम्बर को जनपद मुख्यालय रायबरेली में आयोजित बात-विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्रा की उपलब्धि पर जे०सी०आई० रायबरेली ने प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर उत्साहित किया। छात्रा ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने विद्यालय की प्रधानाचार्य मृदुला श्रीवास्तव एवं समस्त अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं को दिया। विद्यालय प्रबंधक अग्रज सिंह व सह प्रबंधिका डॉक्टर अनुश्री सिंह ने छात्रा की हौसला-अफजाई करके उज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ नित नये आयामों को छूने का आशीर्वाद प्रदान किया एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ को अपनी शुभकामनाएं दी।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर कांग्रेस की हुई महत्वपूर्ण बैठक

**लालगंज, रायबरेली।** ब्लॉक सरेनी कांग्रेस न्याय पंचायत स्तरीय संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लॉक अध्यक्ष नीरज शुक्ला की अध्यक्षता में तीन न्याय पंचायतों भोजपुर, मुरारमऊ, चहोतर में बैठक आयोजित की गई। बैठक जिलासचिव एवं प्रभारी सरेनी कामता प्रसाद गौड़,गिरीश सिंह चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष नीरज शुक्ला ,मंडल अध्यक्ष बजरंग सिंह ,मयंक यादव ,राकेश पांडे, राकेश शुक्ला, पीर गुलाम, रामकुमार पासवान, राजनराय,महिला ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णा वर्मा सहित वरिष्ठ नेतागण समाजसेवी व क्षेत्र के सम्मानित जन मौजूद रहे।

# सड़कों पर उतरे हजारों शिक्षक, किया प्रदर्शन

जिला संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए भी टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) को अनिवार्य किए जाने के आदेश के खिलाफ मंगलवार को सिद्धार्थनगर में बड़ा विरोध प्रदर्शन हुआ।उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले हजारों शिक्षक बीएसए कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च करते हुए सड़कों पर उतरे। जोरदार नारेबाजी के बीच उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

25 अगस्त 2010 से पहले भारत सरकार और 29 जुलाई 2011 से पहले यूपी सरकार के अधीन नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दी जाए। वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों को सेवारत रहने व पदोन्नति के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य न किया जाए। केंद्र और राज्य सरकार इस संबंध में जल्द स्पष्ट निर्देश जारी करें, ताकि शिक्षकों के भविष्य पर संकट न खड़ा हो। मंगलवार दोपहर 3 बजे जिलेभर से आए शिक्षक बीएसए कार्यालय पर जुटे। देखते ही देखते हजारों की संख्या में शिक्षक इकट्ठा हो गए।भीड़ ह्लटीईटी का फैसला वापस लो, ह्लपुराने शिक्षकों का हक मत छीनो , शिक्षक सम्मान बचाओ जैसे नारों के साथ मेडिकल कॉलेज, पुलिस लाइन होते हुए कलेक्ट्रेट तक पहुंची। जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि 1 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आया है, वह शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 और एनसीटीई की 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना के खिलाफ है। अधिसूचना में साफ लिखा है कि अधिनियम लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी देने से छूट मिलेगी। अब पुरानी नियुक्तियों पर यह नियम लागू करना अनुचित है।ह्लउन्होंने कहा कि इस फैसले से हजारों शिक्षक चिंतित और आक्रोशित हैं। संघ के मंत्री योगेंद्र पांडेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय लाखों शिक्षकों के भविष्य पर गहरा असर डालेगा। शिक्षक वर्ग पहले ही कई समस्याओं से जूझ रहा है, अब यह आदेश निराशा और तनाव को और बढ़ाएगा। सरकार को तुरंत स्पष्ट निर्देश जारी करना चाहिए। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राम बेलास यादव और मंत्री हृदय नारायण मिश्रा ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों को अचानक नए मानकों में बांधना अनुचित है। यह आदेश शिक्षकों की मेहनत और समर्पण को नजरअंदाज करता है। सरकार को पुराने शिक्षकों को छूट देनी चाहिए। शिक्षकों ने कहा कि हमने दशकों से हजारों बच्चों को पढ़ाया। अब अचानक कहा जा रहा है कि दो साल में टीईटी पास करो वरना नौकरी जाएगी। यह अन्याय है। प्रदर्शन में जिला कार्यसमिति, सभी ब्लॉकों के पदाधिकारी और हजारों शिक्षक शामिल हुए। कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया।

## पशु तस्करी के 5 आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज पुलिस ने जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद पांच गौवंश तस्करों के ऊपर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। वर्तमान समय में पांचों आरोपित जेल में निरुद्ध है। 10 अगस्त की रात को उपनिरीक्षक गुलाबचंद्र पाल व उपनिरीक्षक सुरेशचंद्र की टीम ने वध के लिए गौवंश ले जाते समय एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि मौके से चार आरोपित फरार हो गए थे। पुलिस ने मौके से चार गौवंश और पिकअप को बरामद किया था। ग्यारह अगस्त को पुलिस ने सेबू को 12 अगस्त को शाहरुख खान, अल्ताफ को जेल भेज दिया था। 25 अगस्त को सद्दाम और सलमान ने कोर्ट के सामने आत्म समर्पण कर दिया था। इस समय पांचों आरोपित जेल में निरुद्ध है। जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन के बाद थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने आरोपितों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष ने बताया पांचों आरोपित वर्तमान समय मे जेल में निरुद्ध है। पांचों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है।

संक्षेप

## इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग, दंपति जिंदा जले

**आगरा।** जगदीशपुरा के मोहल्ला लक्ष्मी नगर में मंगलवार तड़के एक घर में इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। हादसे में बुजुर्ग दंपती की मृत्यु हो गई। पुलिस और दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। जगदीशपुरा के मोहल्ला लक्ष्मी नगर में प्रमोद अग्रवाल का दो मंजिला मकान है। प्रमोद अग्रवाल परिवार के साथ मकान की ऊपरी मंजिल पर रहते हैं। जबकि उनके माता-पिता नीचे की मंजिल पर रहते हैं। मंगलवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे घर में चार्ज हो रही इलेक्ट्रिक स्कूटी में शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आने से प्रमोद अग्रवाल के 95 वर्षीय पिता भगवती प्रसाद अग्रवाल व 85 वर्षीय मां उर्मिला देवी गंभीर रूप से झुलस गए। जानकारी होने पर पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया। बुजुर्ग दंपती को इलाज के लिए एसएन मेडिकल भिजवाया। वहीं घर की ऊपरी मंजिल पर फंसे स्वजन को सुरक्षित बाहर निकाला। एसएन मेडिकल कालेज में भगवती प्रसाद अग्रवाल को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कुछ देर बाद मां उर्मिला देवी की भी मृत्यु हो गई।

## कैंटर वाहन से टकराया ड्राइवर-क्लीनर गंभीर

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर सोमवार रात नोएडा से आगरा की ओर जा रहा कैंटर सुरीर के समीप झपकी में अनियंत्रित होने पर आगे चल रहे किसी वाहन में टकरा गया। जिससे कैंटर में सवार चालक और क्लीनर घायल हो गए। जिनमें क्लीनर की हालत गंभीर बताई गई है। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। बताया जाता है कि चालक अखिलेश निवासी कानपुर साथी क्लीनर बृजेश कुमार निवासी उन्नाव के साथ यमुना एक्सप्रेस वे पर नोएडा से कैंटर लेकर आगरा की ओर जा रहे थे। सुरीर क्षेत्र में माइल स्टोन 83 के समीप झपकी में अनियंत्रित होने पर कैंटर आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा गया। जिससे कैंटर में सवार चालक और क्लीनर घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर थाना पुलिस और एक्सप्रेस-वे कर्मी मौके पर पहुंच गए। कैंटर में फंसे चालक और क्लीनर को केबिन से बाहर निकालने के बाद एंबुलेंस की मदद से उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया। एसआई विनोद कुमार ने बताया कि झपकी में अनियंत्रित होने पर कैंटर आगे चल रहे किसी वाहन में टकरा गया था। जिसमें घायल क्लीनर बृजेश की हालत गंभीर बताई गई है।

## जिपं अध्यक्ष व डीएम ने सुनीं समस्याएं किया निस्तारण

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी और उनके प्रतिनिधि देवी सिंह (डीएम) ने आनंदधाम कॉलौनी स्थित अपने आवास पर जनता दर्शन के दौरान दर्जनों शिकायतों को सुना और तत्काल समस्या का निस्तारण किया। विदित रहे कि जिपंअ किशन चौधरी सुबह अपने आवास उसके उपरांत केएम रेसीडेंटस कार्यालय तथा केएम विश्वविद्यालय में लोगों की समस्याओं का समाधान प्रतिदिन करते है। आज ज्यादातर समस्याएं जलभराव और नाली खरंजा, बिजली की रही। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने बताया समाज सेवक होने के नाते अपने क्षेत्र की जो समस्या है। उसका निराकरण हो ऐसा हमारे मुख्यमंत्री जी का भी निर्देश है।

# प्रदेश सरकार हर पीड़ित के साथ किसी भी जाति धर्म का क्यों न हो



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** कोसीकलां नगर के निकासा क्षेत्र में मंगलवार की सांय पहुंचे केबिनेट मंत्री ने पीडित को सरकार द्वारा दी गयी लाखों रुपए की मुआवजा राशि के चैक दिए। इस दौरान दपंति की आखें नम हो गई। मंत्री ने कहा कि मुआवजा राशि से मासूमों की कमी पूरी नहीं हो सकती।

उल्लेखनीय हो कि गत दिनों क्षेत्र में अधिक बारिश के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पडा था। काफी स्थानों पर वाढ जैसी आपदाओं का सामना करना पडा। इसी के चलते गत माह 12 अगस्त को निकासा क्षेत्र में हाजी मंगा के मकान में एक कमरे की छत अचानक भरभराकर जमीदोंज हो गई थी, जिसमें सो रहे दो मासूमों की दबकर दर्दनाक मौत हो गई थी और चार लोग घायल हो गए थे। प्राकृतिक आपदा मानते हुए पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल ने केबिनेट मंत्री चै. लक्ष्मीनारायण से मुआवजा सहायता राशि दिलाने की मांग की थी। केबिनेट मंत्री की मांग पर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी घटना को प्राकृतिक आपदा माना और मुआवजा राशि के रूप में मृतक आश्रितों को चार-चार लाख के चैक दिए।

मंगलवार को केबिनेट मंत्री चै. लक्ष्मीनारायण, मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चैधरी, पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल के साथ निकासा स्थित पीडित के घर पहुंचे और आठ लाख रूपए के प्रतीकात्मक चैक पीडित दंपति को दिए। केबिनेट मंत्री ने कहा कि उक्त रूपयों से मासूमों की कमी तो पूरी नहीं होगी, लेकिन प्रदेश सरकार हर पीड़ित के साथ खड़ी है चाहे वह पीड़ित किसी भी जाति धर्म का क्यों ना हो सरकार अपना फर्ज निभा रही है। पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल ने कहा कि पीड़ित की सहायता करना और उसको न्याय दिलाना योगी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस मौके पर उनके साथ उपजिलाधिकारी वैभव गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी छाता भूषण वर्मा, प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल, कन्हैयालाल गोयल, होती चैधरी, सहित आस मोहम्मद अल्ताफ कुरेशी, जाहिद कुरैशी, सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गर्भवती बहनों को मारा-पीटा, घर से निकाला

● धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया

**मथुरा।** जनपद के थाना हाइवे नगर क्षेत्र के सरस्वती कुंड इलाके में रहने वाली राखी एवं छोटी बहन मोहिनी पुत्री पप्पू सिंह द्वारा दोनों बहनों की शादी 10 मई 2024 को सामाजिक रीति-रिवाज और विधिपूर्वक तय किये गए पंद्रह लाख रूपयों के साथ सुशील एवं अनिल, पुत्रगण पप्पू सिंह, निवासी जमुना कॉलोनी, सरस्वती कुंड, थाना हाइवे के साथ परिणय सूत्र में बंधी थीं।

विवाह के कुछ समय पश्चात मैने और मेरी बहन ने अपने ससुराल में देखा कि घर में भगवान की सभी तस्वीरें और धार्मिक सामग्री कबाड़ में फेंकी हुई थीं। दोनों लड़कियों ने अपने धार्मिक संस्कारों के अनुसार घर में मंदिर स्थापित कर पूजा-पाठ प्रारंभ किया। इस पर उनकी सास श्रीमती भगवती द्वारा आपत्ति जताई गई और कुछ समय पश्चात ज्ञात हुआ कि वे हर रविवार को ईसा मसीह का कीर्तन कराती हैं और लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं।

फिर दोनों लड़कियों पर लगातार ईसाई बनने का दबाव बनाया जाने लगा। जब यह मानने से इनकार कर दिया, तो लड़कियों के साथ मारपीट, गाली-गलौज, मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना की जाने लगी। ससुर पप्पू सिंह व देवर कान्हा द्वारा भी छेड़खानी, अभद्र व्यवहार और धमकी दी गई। कई बार पंचायत कराई गई, लेकिन प्रत्येक बार मामले को दबा दिया गया।

दिनांक 18 जुलाई 2025 को, उनके साथ फिर से मारपीट की गई और गर्भवती अवस्था में (दोनों लगभग आठ महीने की गर्भवती हैं) घर से निकाल दिया गया। यह सब उनके और दहेज न लाने के कारण भी हो रहा है, लगातार दहेज की मांग की जा रही है और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। दोनों लड़कियां और छोटी लड़की मोहिनी के पति अनिल ने कई बार अपने परिवार को समझाने की कोशिश की, लेकिन सास, ससुर, एवं बेटी रखी के पति सुशील ने उनकी बात नहीं मानी। लड़कियों और छोटे लड़के को जान को खतरा है और मानसिक एवं शारीरिक रूप से अत्यंत प्रताड़ित हो चुके है पीड़ित लोगों के साथ आज अखिल भारत हिंदू महासभा की जिलाध्यक्ष छाया गौतम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंची वहाँ से आश्वासन मिला है कि जाँच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ मुकदमा भी किया जाएगा। इस मौके पर पंकज ठाकुर, रजत शर्मा, बॉबी दीक्षित, पवन बाबा, एवं अनेकों संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# धड़ल्ले से हो रही मिट्टी की कालाबाजारी, प्रशासन मौन



**टूंडला।** क्षेत्र में दबंग मिट्टी माफिया जबरन धड़ल्ले से मिट्टी का खनन कर काला बाजारी कर रहे है। मिट्टी माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद है कि कहीं किसी किसान के खेत से जबरन बिना अनुमति के खनन कर रहे हैं, तो कहीं किसी एक किसान की परमिशन पर मिली भगत से अधिक खनन कर मिट्टी की कालाबाजारी कर आर्थिक लाभ अर्जित कर रहे हैं। वहीं टूंडला नगर के वीआईपी रोड पर ओवर लोड मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली तेज गति से दौड़ते हुए हादसो को न्योता दे रहे हैं। क्षेत्र में मिट्टी की कालाबाजारी करने वाले मिट्टी माफिया एक बार पुनः सक्रिय हो गए हैं, प्रशासन द्वारा पूर्व में की गई कार्यवाही से मिट्टी माफिया कुछ दिन शांत थे, मगर पिछले कुछ दिनों से एक बार पुनः सक्रिय हो गए हैं। जो पैसे की ताकत और अपनी राजनैतिक पहुंच के कारण अपने इस मिट्टी के कालाबाजारी के खेल को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं। टूंडला के लाइन पार क्षेत्र से खनन करके मिट्टी शहर में ऊंचे दामों पर बेची जा रही है, जिसमें लगे ट्रैक्टर ट्रॉली बेखौफ व्यस्ततम मैंन बाजार से होकर तेज रफ्तार में ओवर लोड मिट्टी भरकर दौड़ रहे हैं, तेज रफ्तार दौड़ते मिट्टी भरे ये ट्रैक्टर ट्रॉली खुले आम हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं वहीं दिन दहाड़े बीच बाजार से गुजरते इन ट्रैक्टर ट्रॉलियों से नगर वासी व राहगीर परेशान हैं। वहीं थाना नगला सिंघी क्षेत्र में मिट्टी माफिया गिरोह सक्रिय है, जहां एक किसान के खेत से माफियाओं ने जबरन मिट्टी का खनन कर लिया पीड़ित किसान को मालूम पड़ने पर उसने थाने में लिखित शिकायत दी है। थाना नगला सिंघी क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी पुरषोत्तम पुत्र गीतम सिंह ने थाने में दी तहरीर देकर बताया है कि विगत 14 सितम्बर को गांव धीरपुरा में एक दबंग द्वारा उसके खेत से मिटटी का खनन उसकी बिना अनुमति के कर लिया है। विरोध करने पर मिट्टी माफिया जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। क्षेत्र में मिट्टी माफियाओं के हौसले इस तरह बुलंद हैं कि वे अब जबरन किसान के खेत से मिट्टी का खनन करने लगे हैं।

# धनुष भंग से गूंजा मिथिला का आकाश

**आगरा।** उत्तर भारत की प्रमुख श्रीरामलीला में सोमवार की रात्रि धनुष भंग और सीता स्वयंवर का अद्भुत मंचन हुआ। इस अवसर पर मंचन में आधुनिक लाइट और साउंड इफैक्ट का ऐसा समावेश हुआ कि दर्शक जनकपुरी के वातावरण में खो गए। मंच पर रामचरित के अनुपम प्रसंगों का सजीव चित्रण हुआ, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला मैदान का मंच सोमवार को पूर्णतः मिथिलानगरी के रूप में सुसज्जित किया गया। यहां सीता स्वयंवर का दृश्य प्रस्तुत था, जहां विभिन्न राज्यों से आए राजाओं का आगमन दशार्या गया। मुनि विश्वामित्र जी, श्रीरामचंद्र जी और लक्ष्मण जी को साथ लेकर जनकपुरी में स्वयंवर में पहुंचे। मंचन में दिखाया गया कि श्रीराम ने गुरुवर को प्रणाम कर बड़ी सहजता और फुर्ती से शिवधनुष को उठा लिया। उसी क्षण धनुष बिजली की भांति चमकने लगा और इंद्रधनुष समान हो गया। इसके भंग होने का दृश्य जब एलईडी स्क्रीन, प्रकाश और ध्वनि प्रभाव के साथ मंचित हुआ, तो पूरा वातावरण गूंज उठा। दर्शकों को प्रतीत हुआ मानो वे स्वयं जनकपुरी में उपस्थित हों। धनुष भंग होने के बाद सीता स्वयंवर का मंचन हुआ। इस प्रसंग पर गीत गूंजा झ तोड़ा गया धनुष स्वयंवर में, सभी स्तुति करने लगे दशरथ कुमार की। इसके उपरांत जयमाला का दृश्य आया, जहां लोकप्रिय गीत-झुक जइयो तनिक रघुवीर, सिया मेरी छोटी है झ्ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। उपस्थित दर्शक श्रद्धा और भक्ति में डूब गए। इससे पूर्व लाला चन्नोमल की बारहदरी से मुनि विश्वामित्र जी के साथ श्रीराम और लक्ष्मण घोड़ों पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। जानकी जी अपनी चार सखियों संग रथ पर सवार थीं। यह भव्य शोभायात्रा रावतपाड़ा, जौहरी बाजार, बिजलीघर होते हुए रामलीला मैदान पहुंची, जो मिथिला नगरी का रूप धारण किए था। धनुष भंग और सीता स्वयंवर के मंचन के उपरांत मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की आरती की गई। आरती करने वालों में मनीष अग्रवाल, शेखर गोयल, अशोक गोयल, महावीर मंगल एवं आदर्श नंदन गुप्ता शामिल रहे। राजा दशरथ की भूमिका अजय अग्रवाल ने निभाई और वे भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

● प्राचीन राम लीला में सजीव इफेक्ट्स संग सीता स्वयंवर ने किया भक्तों को मंत्रमुग्ध

# मथुरा सहित आगरा मंडल की 32 स्कूली बसों के परमिट सस्पेंड



**मथुरा।** मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में 51 वीं संभागीय परिवहन प्राधिकरण आगरा की लघु सभागार में हुई बैठक में प्राधिकरण द्वारा विगत 3 माह में आगरा मंडल में जारी नए परमिट परमिट नवीनीकरण वाहन प्रतिस्थापन परमिट निरस्तीकरण आदि का विवरण प्रस्तुत किया गया जिसमें बताया गया कि जनपद आगरा में विभिन्न श्रेणी के वाहनों के नये जारी परमिटों की संख्या 554 परमिट नवीनीकरण 204 व विभिन्न कारणों से परमिट निरस्तीकरण 350 हैं। फिरोजाबाद में नए जारी परमिट 413 परमिट नवीनीकरण 19 व परमिट निरस्तीकरण 276 हैं, मथुरा में नए जारी परमिट 346 नवीनीकरण 56 तथा 224 परमिट निरस्तीकरण और मैनपुरी में नए परमिट 280 परमिट नवीनीकरण 14 एवं 139 परमिट निरस्तीकरण की कार्यवाही की गई है।

बैठक में आगरा संभाग में 32 स्कूली बसों व वाहनों ने नोटिस देने व अवगत कराने के बाद भी 06 माह से वैध फिटनेस प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। मंडलायुक्त ने आमजन व बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत ऐसे सभी स्कूली वाहनों जिनमें जनपद आगरा के 7 मथुरा के 14 फिरोजाबाद के 10 तथा जनपद मैनपुरी का 1 परमिट तत्काल प्रभाव से परमिट सस्पेंड करने के निर्देश गये। परमिट धारकों द्वारा स्कूली वाहनों का फिटनेस प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने परमिट बहाल करने तथा 90 दिन में फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर परमिट समाप्त करने की कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में अवगत कराया गया कि आगरा संभाग में 768 ऑटो रिक्शा 19 निजी सेवा यान 262 संपूर्ण उप्र माल यान तथा 515 राष्ट्रीय भार वाहन द्वारा तीन वर्ष या उससे अधिक अवधि से सार्वजनिक नोटिस देने पर भी परमिट धारकों द्वारा परमिट का नवीनीकरण नहीं कराया तथा न फिटनेस प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया गया है। बार बार अवगत कराए जाने के बाद भी परमिट नवीनीकरण तथा फ्टिनेस न कराने पर राजस्व की हानि परिलक्षित है। मंडलायुक्त ने विचारोपरांत 05 वर्ष से फिटनेस व परमिट नवीनीकरण न कराने पर परमिट निरस्त करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप परिवहन आयुक्त विदिशा सिंह संभागीय परिवहन अधिकारी आगरा अरुण कुमार एडीएम सिटी यमुनाधर चैहान एआरटीओ आगरा आलोक अग्रवाल एआरटीओ मैनपुरी शिवम यादव क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज बीपी अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रैवल एजेंसी संचालक के घर में हुए दो धमाके

**आगरा।** ट्रैवल एजेंसी संचालक के घर में दो धमाके हुए, जिससे दहशत फैल गई। उसकी मां और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शमसाबाद मार्ग पर ट्रैवल एजेंसी संचालक के घर के बेसमेंट में सोमवार शाम को दो धमाके हुए। इससे घर में आग भी लग गई। उनकी पत्नी और मां घायल हो गईं। दरवाजे उखड़ और खिड़कियों के शीशे टूट गए। आवाज सुनकर कॉलोनी के लोग दहशत में आ गए। बेसमेंट में लगी आग को किसी तरह लोगों ने काबू में किया। इसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। प्रेम नगर मोहल्ला, शमसाबाद मार्ग निवासी भानु प्रताप सिंह के बेटे राजेश तोमर की ट्रैवल एजेंसी है। सोमवार रात करीब 8 बजे घटना हुई। राजेश की मां जानकी देवी घर में 20 मीटर अंदर बने बेसमेंट के कमरे में सिलिंडर से गैस जलाने गई थीं। वहीं बहू साधना कमरे के ऊपर बने जाल पर बैठी थीं। बेटा मनोज और बेटी दीक्षा काम से बाहर गए थे। अचानक से राजेश के घर में दो धमाके हो गए। इससे आसपास के लोग डर गए। लोग घरों से बाहर निकल आए। उन्होंने देखा घर से धुआं निकल रहा था। वह अंदर पहुंचे तो जानकी दूर पड़ी थीं। साधना पड़ोसी के घर में घायल हालत में मिलीं। लोहे का गेट भी दूर पड़ा था। लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। पड़ोस के लोगों ने पुलिस को बताया कि राजेश का फ्रिज काम नहीं कर रहा था। शाम को कारीगर आया था। वह गैस डालकर गया था। पुलिस ने कंप्रेसर देखा मगर वो सुरक्षित मिला। वहीं गैस सिलिंडर भी सही था। मगर धमाका काफी जबर्दस्त था। राजेश के घर के दरवाजे उखड़ गए। खिड़कियों के शीशे टूट गए। दीवारों में दरार आ गईं। सीढ़ियों पर लगी स्टील की रेलिंग भी टूट गई। एसीपी सदर हेमंत कुमार ने बताया कि गैस सिलिंडर घर में धमाका होने की आशंका है। चूल्हे की नॉब खुली हुई थी। इससे गैस रिसाव हुआ होगा। बेसमेंट में खिड़की नहीं हैं। जानकी देवी के लाइटर जलाने से धमाका हो गया।

● उखड़ गये दरवाजे और टूट गयीं खिड़कियां, संचालक की पत्नी और मां घायल

# मांगों को लेकर ग्रापए ने सीएम के नाम दिया ज्ञापन

**फिरोजाबाद।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ पांडेय के निर्देशन पर संपूर्ण उप्र के प्रत्येक जिला से पत्रकारों के हित के लिए 7 सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन जिला अधिकारियों को सौंपा गया। इसी क्रम में जनपद फिरोजाबाद के जिलाध्यक्ष उद्देश्य तिवारी व मंडल अध्यक्ष अखिलेश सक्सेना के नेतृत्व में जिला इकाई के पदाधिकारियों ने ग्रामीण अंचल में कार्य कर रहे पत्रकारों के हितों की 7 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में पत्रकारों के हित में मांग की गई है कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के लिए राज्य मुख्यालय लखनऊ में शासन की ओर से, अन्य संगठनों की भांति कार्यालय हेतु भवन का आवंटन दारुलसफा या ओसीआर में किया जाए। जिससे सुदूर जनपदों से आने वाले पत्रकारों को रुकने तथा प्रदेश स्तरीय बैठके करने की समस्या का निदान हो सके। मान्यता-प्राप्त पत्रकारों की तरह ही ग्रामीण पत्रकारों को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जाए, ताकि वह और उनका परिवार मुफ्त कैशलेश इलाज करा सके। ग्रामीण पत्रकारों को शासन स्तर से बीमा योजना में शामिल किया जाए। साथ ही लंबे समय से आंचलिक पत्रकारिता कर रहे60 वर्षीय बुजुर्ग पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। पत्रकारों के विरुद्ध कोई भी प्राथमिकी दर्ज करने से पूर्व जिला पुलिस के किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से जांच की जाए, ताकि पत्रकारों का अनावश्यक उत्पीड़न रोका जा सके। राज्य एवं जिला स्तर पर स्थायी समिति की भांति तहसील स्तर पर भी प्रशासनिक अफसरों के साथ पत्रकारों की नियमित बैठकें कराई जाएं। प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना में मृत पत्रकार के परिजनों को किसान बीमा योजना की तरह तत्काल पाँच लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री राहत कोष से 20 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाए, ताकि शोकग्रस्त परिवार को संकट की घड़ी में सहारा मिल सके। ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध वसूली करने वाले फर्जी पत्रकारों की शिनाख्त कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। इसके लिए जिला स्तर पर स्थायी समिति की बैठक बुलाकर असली और फर्जी पत्रकारों की पहचान की जाए तथा चिन्हित व्यक्तियों को नोटिस देकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर आगरा मंडल उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह आगरा मंडल महासचिव क्षेत्रपाल सिंह, गंगा सिंह जिला उपाध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां तहसील अध्यक्ष फिरोजाबाद यस गुप्ता सज्जन सिंह विक्रम सागर अनिल झा संगठन मंत्री ससवीर सिंह तहसील अध्यक्ष जसराना ज्ञान सिंह जिला मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र गुप्ता महानगर अध्यक्ष जितेंद्र राजपूत आगरा मंडल संगठन मंत्री तहसील अध्यक्ष टूंडला विमल किशोर आदि मौजूद रहे।



## विदेशी महिला के फ्लैट से चोरी

**मथुरा।** वृंदावन कोतवाली की रमणरेती पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित रशियन बिल्डिंग में उस समय सनसनी फैल गई जब एक रशियन महिला के फ्लैट में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर ताले तोड़ दिए और कीमती सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही महिला ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। रूस निवासी शिको कोवा एलिना वृंदावन के रमणरेती इलाके में कृष्ण भक्ति के लिए रह रही हैं। गत 14 सितंबर की सुबह करीब छह बजे वह अपनी बिल्डिंग की छत पर टहलने गई थीं। लगभग दो घंटे बाद जब वह अपने फ्लैट पर लौटीं तो दरवाजा टूटा मिला। वह अंदर गयीं तो फ्लैट का सारा कीमती सामान गायब था। महिला के अनुसार फ्लैट से दो रशियन पासपोर्ट, मोबाइल फोन, भारतीय व रशियन बैंक के डेबिट कार्ड, सोने की घड़ी और ब्रेसलेट, नकली दांत, रशियन पेंशन दस्तावेज, 750 अमेरिकी डॉलर व करीब 5 हजार रु. चोरी हुये हैं।

## कृषक इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित




**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद के प्रांगण में कॉलेज स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय एवं नोडल अधिकारी गोकुल चन्द गौतम के निर्देशन में किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ संस्थाध्यक्ष संतोष उपाध्याय कालेज प्रबंधक बृजेश उपाध्याय एवं प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने फीता काटकर एवं मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। प्रदर्शनी में नए-नए नवाचारों के मॉडलों को देखकर प्रबंधक ने उत्साहित होकर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। सीनियर वर्ग में अंबिका वर्मा प्रथम अर्पित पाठक द्वितीय एवं राजीव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में सुमित कुमार एवं प्रशान्त प्रथम वसुंधरा द्वितीय एवं रचित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी ने विज्ञान प्रदर्शनी के मॉडलों की सराहना की एवं अधिक से अधिक नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। निर्णायक की भूमिका अमित उपाध्याय भूपेंद्र पाराशर हिमांशु भारद्वाज, मनेश बघेल कौशल शर्मा ने निभाई। इस अवसर पर सुरेश पचौरी सुनील जैन प्रदीप कौशिक शीरध्वज शर्मा अजय कुमार, दिनेश राय हेमलता पाल जितेंद्र शर्मा रिचा गुप्ता हरिओम शर्मा नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अपर नगर आयुक्त ने सुनीं जनशिकायतें 7 समस्याओं का मौके पर निस्तारण

**मथुरा।** जन शिकायतों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही किए जाने के लिए उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री की पहल पर प्रत्येक मंगलवार को शुरू किए गए संभव संतुष्टि एवं समृद्धि दिवस के अंतर्गत जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मंगलवार को भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में अपर आयुक्त सौरभ सिंह द्वारा जनसुनवाई की गई जबकि वृंदावन जोनल कार्यालय में अपर नगर आयुक्त सी पी पाठक जनरल गंज स्थित नगर निगम मथुरा-वृंदावन कार्यालय में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार द्वारा जन सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में सभी शिकायत कताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। भूतेश्वर जोन में कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 5 अतिक्रमण, 4 स्ट्रीट लाइट से संबंधित, 3 सफाई से संबंधित, 04 जलकल विभाग से संबंधित है। जिनमें से 2 शिकायत सफाई से संबंधित, 2 लाइट से संबंधित एवं 2 जलकल विभाग से संबंधित कुल 6 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। सिटी जोन में कुल 2 शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से 1 पेंशन से संबंधित एवं 1 जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित है जिनमें से 1 शिकायत जन्म प्रमाण पत्र संबंधित शिकायत का निस्तारण करा दिया गया है। वृंदावन जोन में कुल 5 शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से 02 निर्माण विभाग से संबंधित एवं 2 जलकल विभाग से संबंधित एवं 1 टैक्स विभाग से संबंधित है। कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई है जिनमें से 07 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि दर्ज शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत हो जाना चाहिए। जनसुनवाई में सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार कल्पना सिंह चैहान अनुज कौशिक के अलावा मुख्य अभियंता निर्माण संजय आदि उपस्थित रहे।

# लापरवाही करने वाले अफसरों पर होगी एफआइआर




**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जनसुनवाई आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई, बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में लम्बित शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित करना था, ताकि जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान हो सके, उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त शब्दों में निर्देशित करते हुए कहा कि किसी अधिकारी ने आईजीआरएस के निस्तारण में लापरवाही की तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाएगी, अगर किसी अधिकारी द्वारा बार-बार आईजीआरएस संदर्भों के निस्तारण में लापरवाही प्रदर्शित की गई तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी, डीएम ने इस दौरान आईजीआरएस संदर्भों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया वहीं जिला प्रोवेशन अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी को असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी एक्स0ई0एन विद्युत ग्रामीण को असंतुष्ट फीडबैक और शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किए जाने तथा शिकायतकर्ता से बात न करने तथा जांच अधिकारी द्वारा निस्तारण आख्या पर फोर करके हस्ताक्षर किए जाने पर चार्जशीट देने के निर्देश दिए, जबकि तहसीलदार जसराना व टूंडला और फिरोजाबाद को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने पर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए, अधिशासी अधिकारी टूंडला को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश डीएम ने दिए, जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सख्त शब्दों में निर्देशित किया कि सभी शिकायत निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित की जाए, आख्या पड़े बिना कोई अधिकारी हस्ताक्षर नहीं करेगा, उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मौके पर फील्ड विजिट कर संपूर्ण मामले से संज्ञानित होकर निस्तारण करें, जिससे शिकायतकर्ता को संतुष्टि हो सके, उन्होंने कहा कि निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक अनिवार्य रूप से लिया जाए, जिलाधिकारी ने कहा कि यह शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है इसलिए इसके संबंध में लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी, डीसी मनरेगा और खंड विकास अधिकारी टूंडला ने आईजीआरएस संदर्भ में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किए जाने पर कारण बताओं नोटिस जिन एडीओ पंचायतों ने आईजीआरएस संदर्भों के निस्तारण में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त किया है उन सभी को चार्जशीट देने के निर्देश दिए हैं, उन्होंने एडीओ पंचायत शिकोहाबाद के बैठक में अनुपस्थित रहने पर एक दिन का वेतन काटने के भी निर्देश दिए।

## लड़की पर अवैध संबंधों का दबाव बना रहा था दबंग, हिरासत में लेकर जांच शुरू

**आगरा।** थाना खंदौली क्षेत्र के एक गांव में युवक की दबंगई और उत्पीड़न के चलते एक युवती की पढ़ाई बीच में ही रुक गई है। पीड़िता का आरोप है कि गांव का दीपू नामक युवक पिछले आठ साल से लगातार उसे ब्लैकमेल कर अवैध संबंध बनाने के लिए न केवल दबाव डाल रहा था बल्कि धमकियां भी देता आ रहा है। परेशान होकर युवती ने पढ़ाई छोड़ दी और आखिरकार पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दीपू नामक युवक उसे लंबे समय से परेशान कर रहा है। जब भी वह घर से बाजार या बाहर जाती है, वह रास्ते में उसे बेइज्जत करता है और गंदी बातें करता है। युवती ने आरोप लगाया कि युवक ने उससे शारीरिक संबंध बनाने की भी कोशिश की और बार-बार दबाव डाला। पीड़िता ने बताया कि युवक ने धमकी दी कि यदि वह उसकी बात नहीं मानेगी तो उसे जान से मरवा देगा। इसके लिए वह गुंडे भेजकर डराने-धमकाने का काम भी करता रहा। इतना ही नहीं, वह बार-बार नये नंबरों से कॉल और मैसेज भेजकर उसे बदनाम करने की धमकी देता है। युवती की तहरीर पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

संक्षेप

## निसान मैग्नाइट के ई20-कम्पैटिबल होने की पुष्टि

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया ने वैकल्पिक ईंधन और पर्यावरण के अनुकूल भविष्य के लिए इनोवेटिव समाधान पर केंद्रित सरकार की पहल को पूरा समर्थन देने की बात कही है। कंपनी ने कहा कि वह लगातार प्रोडक्ट इनोवेशन एवं सस्टेनेबल मोबिलिटी सॉल्यूशंस के माध्यम से इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध है। नई निसान मैग्नाइट ने प्रतिष्ठित 5-स्टार जीएनसीएपी सेफ्टी रेटिंग प्राप्त करते हुए गुणवत्ता एवं सुरक्षा के प्रतीक तौर पर अपनी पहचान को मजबूती दी है। निसान मोटर इंडिया ने हाल ही में नई निसान मैग्नाइट के लिए 10 साल की वारंटी भी शुरू की है, जो सेगमेंट में अपनी तरह का पहला वारंटी प्रोग्राम है। यह लंबी अवधि में ग्राहकों के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। निसान की मजबूत इंजीनियरिंग एवं हाई बिल्ड क्वालिटी के साथ सभी नए एवं मौजूदा मैग्नाइट व्हीकल्स ई20 ईंधन से चलने में सक्षम हैं और इनमें किसी तरह की उल्लेखनीय परेशानी नहीं देखने को मिली है।

## फोनपे के इंडस ऐपस्टोर ने बनायी 10 करोड़ डिवाइस में अपनी जगह

नई दिल्ली। इंडस ऐपस्टोर ने आज एक शानदार उपलब्धि की घोषणा की है इसने 10 करोड़ से अधिक डिवाइस पर अपनी जगह बना ली है।इसकी सफलता का एक बड़ा कारण इसकी स्थानीय भाषा में होना है, जो यूजर्स को अंग्रेजी के साथ-साथ 12 भारतीय भाषाओं में भी ऐप्स खोजने की सुविधा देती है।इसकी सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसके 40% यूजर्स, ऐपस्टोर को किसी ना किसी क्षेत्रीय भाषा में उपयोग करते हैं, जिनमें हिंदी, मराठी, तमिल और गुजराती सबसे पॉपुलर हैं। यह आँकड़ा दशार्ता है कि भारत में भाषाओं का कितना महत्व है और लोग अपनी भाषा में ऐप्स को एक्सप्लोर करना पसंद करते हैं।

## मलाबार ग्रुप ने शुरू किया नर्चरिंग बीगिनिंग्स प्रोजेक्ट

मुंबई। मलाबार ग्रुप ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को आगे बढ़ाते हुए डब्ल्यूएचओ इंडिया के साथ मिलकर एक नया सीएसआर प्रोजेक्ट नर्चरिंग बीगिनिंग्स शुरू किया है। इस प्रोजेक्ट का मकसद शहरों की गरीब बस्तियों में रहने वाली मांओं और बच्चों को बेहतर पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं देना है. साथ ही इसका उद्देश्य बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना भी है।इसके लिए मलाबार ग्रुप के कोझिकोड, कुट्टिकट्टूर स्थित मुख्यालय में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह प्रोजेक्ट मलाबार चैरिटेबल ट्रस्ट के जरिए लागू होगा।

## एडीएएस के साथ नेक्सॉन ईवी लॉन्च

मुंबई।टाटा ईवी ने आज घोषणा की है कि नेक्सॉन ईवी 45 में अब एडवांस एडीएएस सुरक्षा तकनीक जोड़ी गई है। प्रीमियम आकर्षण को और बढ़ाते हुए कंपनी ने इसमें रियर विंडो सनशेड और एम्बिएंट लाइटिंग जैसे फीचर्स भी शामिल किए हैं, जिससे ग्राहकों को बेहतर वैल्यू मिलेगी। इसके साथ ही, एडीएएस ने नेक्सॉन ईवी #डार्क एडिशन भी लॉन्च किया है, जो पोर्टफोलियो में स्टाइल और एक्सक्लूसिविटी को और ऊंचाई पर ले जाता है।टाटा ईवी में हम लगातार अपने प्रोडक्ट्स को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं ताकि ग्राहकों के लिए उनका अनुभव और भी सार्थक हो। नेक्सॉन ईवी इस बात का सटीक उदाहरण है कि हम कैसे इसके आकर्षण और वैल्यू को लगातार बढ़ाते रहे हैं।

## बिग बिलियन डेज में मोटोरोला के उपलब्ध होंगे स्मार्टफोन

बंगलुरु। मोटोरोला ने आज फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज सेल 2025 के लिए प्रीमियम और मिड-रेंज स्मार्टफोन्स के अपने सबसे बड़े फेस्टिव लाइन-अप की घोषणा की। ये सभी स्मार्टफोन अविश्वसनीय दामों पर उपलब्ध होंगे। मोटोरोला एज 60 प्रो और मोटोरोला एज 60 फ्यूजन से लेकर बेस्टसेलिंग मोटो जी सीरीज स्मार्टफोन्स तक, और आइकॉनिक मोटोरोला रेजर 60 सीरीज तक, मोटोरोला इस सीजन में त्योहारी शॉपिंग को आनंददायक बनाएगा। फ्लिपकार्ट पर 23 सितंबर से रात 12 बजे से अर्ली एक्सेस कस्टमर्स के लिए और 22 सितंबर से सभी उपभोक्ताओं के लिए लाइव होगी।

## कृभको के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की घोषणा

नई दिल्ली। कृभको ने आज अपने नए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुने जाने की घोषणा की। जिसमें वी. सुधाकर चौधरी अध्यक्ष और डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन 15 को एनसीयूआई नई दिल्ली में संपन्न हुए।

# सेंसेक्स में 595 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स करीब 595 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 170 अंक की बढ़त दर्ज की गई। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत का सिलसिला फिर से शुरू होने से बाजार ने तेजी दिखाई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 594.95 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,380.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 657.74 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 169.90 अंक यानी 0.68 प्रतिशत चढ़कर 25,239.10 अंक पर बंद हुआ। बाजार में रौनक लौटने के पीछे का कारण भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर फिर से बातचीत का सिलसिला शुरू होना रहा। भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों ने प्रस्तावित व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के लिए मंगलवार को बातचीत शुरू कर दी। इस सप्ताह होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक से पहले एशियाई और अमेरिकी बाजारों में तेजी रही जिसका सकारात्मक असर घरेलू बाजार पर पड़ा। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, भारती एयरटेल और टाटा स्टील प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। आगामी अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत निर्णय में प्रमुख ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत कटौती की उम्मीद और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता फिर से शुरू होने को लेकर नई उम्मीद बंधने और अनुकूल वैश्विक संकेतों से घरेलू बाजार में सुधार का रुख रहा। नई जीएसटी दरों के लागू होने और त्योहारों के दौरान मांग की उम्मीद से वाहन और टिकाऊउपभोक्ता सामान क्षेत्र के शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.66 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मिडकैप में 0.62 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में सेवा खंड 1.67 प्रतिशत की बढ़त लेने में सफल रहा जबकि दूरसंचार खंड में 1.50 प्रतिशत, वाहन खंड में 1.43 प्रतिशत और प्रौद्योगिकी खंड में 1.05 प्रतिशत की तेजी रही। अकेले एफएमसीजी खंड में गिरावट दर्ज की गई। वाहन, रियल्टी, वित्तीय शेयरों में तेजी के दम पर बाजार में बढ़त रही। व्यापार वार्ता से जुड़े आशावाद और अमेरिका में ब्याज दर कटौती की संभावना की इसमें भूमिका रही।

# रुपया आठ पैसे चढ़कर 88.08 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के पटरी पर लौटने की उम्मीदें बढ़ने से मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे मजबूत होकर 88.08 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि सकारात्मक घरेलू बाजारों और कमजोर डॉलर के कारण रुपये में मजबूती आई। अमेरिकी डॉलर फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक और निराशाजनक आर्थिक आंकड़ों से पहले दो महीने के निचले स्तर पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.05 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 88.16 के निचले और 88.01 के उच्च स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में यह 88.08 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे अधिक है। सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसे बढ़कर 88.16 पर बंद हुआ था। अमेरिका से आए निराशाजनक आर्थिक आंकड़ों और कमजोर श्रम बाजार के बीच अमेरिकी डॉलर में व्यापक कमजोरी के कारण हमारा मानना है कि रुपया मजबूत बना रहेगा। मौजूदा हालात में फेडरल रिजर्व की तरफ से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ गई हैं। चौधरी ने कहा कि बाजार ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत कटौती की उम्मीद कर रहा है और निवेशक आगे के दिशानिर्देशों के लिए फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल के भाषण पर नजर रखेंगे। फेडरल रिजर्व की नरम रुख वाली टिप्पणी डॉलर को और भी नीचे ला सकती है, जबकि एक आक्रामक रुख डॉलर को मजबूती दे सकता है। इस सप्ताह एफओएमसी बैठक के फैसले से पहले निवेशक सतर्क रह सकते हैं। डॉलर/रुपये की हाजिर कीमत 87.75 से 88.30 के बीच रहने की उम्मीद है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.26 प्रतिशत टूटकर 97.04 पर आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 67.25 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

## भारत ने पांच माह में 23 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि भारत ने चालू वित्त वर्ष के पहले पांच माह (अप्रैल-अगस्त) के दौरान 23 गीगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी है। उन्होंने कहा कि देश अब 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय क्षमता हासिल करने के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में एफटी लाइव एनर्जी ट्रांजिशन समिट इंडिया को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। जोशी ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों सहित उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वित्त वर्ष में अबतक भारत ने केवल पांच महीनों में 23 गीगावाट नवीकरणीय क्षमता जोड़ी है। यह एक ऐसी उपलब्धि है जिसे अधिकांश देश कई वर्षों में हासिल नहीं कर सकते। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में देश की प्रगति का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने आज अपनी स्थापित गैर-जीवाश्म क्षमता को लगभग 252 गीगावाट तक बढ़ा दिया है। हम 500 गीगावाट के अपने लक्ष्य का आधा पड़ाव पार कर चुके हैं। इसके अलावा, भारत ने गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से अपनी स्थापित बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत भी हासिल कर लिया है, जो पेरिस समझौते में राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान के तहत निर्धारित लक्ष्य से पांच साल पहले है।

# सोना रिकॉर्ड 1.15 लाख के पार

नयी दिल्ली। कमजोर अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,800 रुपये उछलकर 1,15,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत ।,800 रुपये बढ़कर ।,14,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गयी। स्थानीय सर्राफा बाजार में, पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500-500 रुपये गिरकर क्रमशः ।,13,300 रुपये



और ।,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कमजोरर डॉलर और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर कटौती की बढ़ती उम्मीदों के चलते मंगलवार को सोना एक और रिकॉर्ड उंचाई पर पहुंच गया। डॉलर सूचकांक दस हफ्तों के निचले स्तर पर आ गया है, जिससे कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी को बल मिल रहा है। इसके अलावा, मंगलवार को चांदी 570 रुपये चढ़कर ।,32,870 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। सोमवार को चांदी ।,32,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फेडरल रिजर्व पर एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) बैठक में ब्याज दरों में बड़ी कटौती लागू करने के बढ़ते दबाव से इस तेजी को और बढ़ावा मिला है। हाल में रोजगार के कमजोर आंकड़ों और राष्ट्रपति ट्रंप के प्रभाव को देखते हुए, कारोबारियों ने फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में और अधिक आक्रामक कटौती की उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

## डिजिटल संचार आयोग सैटकॉम स्पेक्ट्रम सिफारिशों पर ट्राई से मांगेगा स्पष्टीकरण

नयी दिल्ली। दूरसंचार विभाग की शीर्ष नीति-निर्धारक इकाई डिजिटल संचार आयोग (डीसीसी) ने मंगलवार को सैटकॉम स्पेक्ट्रम से संबंधित सिफारिशों पर नियामक ट्राई से कुछ स्पष्टीकरण मांगने का फैसला किया।

सूत्रों ने यह जानकारी दी। डीसीसी ने ट्राई की सिफारिशों पर विचार करने के लिए मंगलवार को एक बैठक की। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि डीसीसी, ट्राई की सिफारिशों से संबंधित कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण मांगेगा। ट्राई ने मई में सिफारिश की थी कि स्टारलिंक जैसी उपग्रह संचार कंपनियों को अपने समायोजित सकल राजस्व का चार प्रतिशत स्पेक्ट्रम शुल्क के रूप में सरकार को देना चाहिए। यह दर इन कंपनियों की मांग से कहीं अधिक है।

## मोबाइल सेवा ऑपरेटरों की नेटवर्क गुणवत्ता का हुआ आकलन

नयीदिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट को विभिन्न उपयोग क्षेत्रों जैसे शहरी ,हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्र, आदि में वास्तविक दुनिया के मोबाइल प्रदर्शन को आंकने के लिए डिजाइन किया गया है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने अगस्त 2025 के महीने के दौरान अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से, कानपुर और उन्नाव शहर में 356.1 किलोमीटर सिटी टेस्ट और 4.8 किलोमीटर वॉक टेस्ट और प्रयागराज से लखनऊ के मध्यवर्ती राजमार्ग में 196.8 किलोमीटर हाईवे ड्राइव टेस्ट 4 अगस्त से 8 अगस्त 2025 के बीच विस्तृत संपन्न किये थे।

# खनिज संपत्ति अधिग्रहण के लिए कई देशों से वार्ता जारी

हैदराबाद। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि खान मंत्रालय के तहत संयुक्त उद्यम खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (काबिल) विदेशों में खनिज संपत्तियों का अधिग्रहण कर चुकी है और वह जाम्बिया तथा चिली सहित कई अन्य देशों के साथ संपत्ति अधिग्रहण के लिए सक्रिय रूप से बातचीत कर रही है। महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी के छठे चरण की शुरूआत और उत्कृष्टता केंद्रों पर एक सेमिनार को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा कि 2030 तक पूरी दुनिया में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बैटरी और नवीकरणीय ऊर्जा की मांग लगभग तीन गुना बढ़ जाएगी।

इसे देखते हुए, भारत को एक मजबूत शोध और विकास प्रणाली की जरूरत है, जो देश की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में मदद करे। उन्होंने आगे कहा कि देश ने राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन के सात मुख्य लक्ष्यों को हासिल करने के लिए लगभग चार अरब अमेरिकी डॉलर आवंटित किए हैं, जबकि अमेरिका ने अपने देश में इसी क्षेत्र के विकास के लिए केवल एक अरब अमेरिकी डॉलर आवंटित किए हैं। हम दुनिया भर में महत्वपूर्ण खनिज संपत्तियों का अधिग्रहण कर रहे हैं। खान मंत्रालय के तहत काम करने वाली हमारी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी काबिल ने अर्जेंटीना में लिथियम ब्लॉक का अधिग्रहण कर लिया है और जाम्बिया, चिली जैसे कई अन्य देशों के साथ सक्रिय रूप बातचीत कर रही है।

## सैमसंग ने की सिंगल डोर रेफ्रिजरेटर्स की नयी रेंज पेश

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज 183 लीटर की नई सिंगल डोर रेफ्रिजरेटर रेंज लॉन्च की। यह रेंज उन भारतीय परिवारों के लिए बनाई गई है, जो किफायती और स्टाइलिश फ्रिज चाहते हैं। इसमें आठ नए मॉडल हैं, जो बेगोनिया और वाइल्ड लिली नाम के दो फूलों वाले डिजाइन में उपलब्ध हैं। ये फ्रिज लाल और नीले रंगों में 3 स्टार व 5 स्टार एनर्जी रेटिंग्स के साथ मिलेंगे। यह रेंज आकर्षक डिजाइन, आधुनिक फीचर्स और शानदार ड्यूरैबिलिटी के साथ आती है, जो इसे रोजमर्रा के लिए स्टाइलिश और भरोसेमंद बनाती है। खूबसूरती को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई, नई सिंगल डोर रेंज आधुनिक भारतीय घरों के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। बेगोनिया और वाइल्ड लिली फ्लोरल पैटर्न रसोई के लुक को बेहतर बनाने के लिए बनाए गए हैं।

# वितरण इकाइयों के लिए नयी ऋण पुनर्गठन योजना पर विचार-विमर्श

नयी दिल्ली। केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई मंत्रिसमूह की पांचवीं बैठक में बिजली वितरण इकाइयों के ऋण पुनर्गठन की एक नई योजना पर चर्चा की गई।

विद्युत मंत्रालय ने बयान में कहा कि मंत्रिसमूह (जीओएम) ने वितरण इकाइयों की वित्तीय व्यवहार्यता में सुधार के लिए आवश्यक उपाय करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। चर्चा के मुख्य बिंदुओं में लागत को प्रतिबिंबित करने वाले शुल्क सुनिश्चित करने और सब्सिडी तथा सरकारी विभागों के बकाया का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने में राज्य सरकारों और नियामकों की भूमिका शामिल थी। वितरण इकाइयों के ऋण पुनर्गठन के लिए जीओएम द्वारा प्रस्तावित नई योजना की व्यापक रूपरेखा तैयार करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा, बैठक में स्मार्ट मीटरिंग कार्यों में तेजी लाने, बिजली खरीद अनुकूलन और मांग पूर्वानुमान में सुधार के लिए डेटा एनालिटिक्स के उपयोग को बढ़ाने आदि पर भी चर्चा की गई। लाल ने कहा कि बिजली क्षेत्र की व्यवहार्यता सुनिश्चित करने वाले आवश्यक सुधारों को लागू करने के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और नियामक आयोगों के सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता है।

## व्हाट्सऐप ने भारत में दूसरे बिजनेस समिट का आयोजन किया

मुंबई। व्हाट्सएप ने अपने वादे को मजबूत करते हुए, मुंबई में आयोजित अपनी दूसरी वार्षिक बिजनेस समिट में नए टूल्स और फीचर्स की एक सीरीज का अनावरण किया। ये टूल्स सभी आकार के व्यवसायों के लिए हैं, जो अपनी ऑनलाइन उपस्थिति बनाना, ग्राहकों के लिए बेहतर और सुविधाजनक अनुभव प्रदान करना और अपना व्यापार बढ़ाना चाहते हैं। ये नए फीचर्स विशेष रूप से व्हाट्सएप बिजनेस का उपयोग करने वाले सभी व्यवसायों को अपने ग्राहकों के साथ गहरे संबंध बनाने, अपने कामकाज को आसान बनाने और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। अपनी मौजूदा क्षमताओं के सपोर्ट से, अब व्हाट्सएप ने छोटे व्यापारों के लिए व्हाट्सएप बिजनेस ऐप में ही सुरक्षित और आसान पेमेंट का विकल्प देना शुरू कर दिया है। इस नए फीचर से छोटे व्यापारी ग्राहक को सीधे व्हाट्सएप पर ही एक क्लिक में क्यूआर कोड भेजकर पेमेंट ले सकते हैं। इससे ग्राहक अपनी पसंद की पेमेंट विधि से सीधे ऐप में ही पेमेंट कर पाएगा।

## सैमसंग गैलेक्सी ए06 5जी मिलेगा 9899 रुपये में

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज त्योहारी सीजन से पहले गैलेक्सी ए06 5जी स्मार्टफोन पर आकर्षक लिमिटेड-पीरियड डील की घोषणा की। आज से शुरू हो रहे इस ऑफर के तहत, गैलेक्सी ए06 5जी केवल 9,899 रुपये की कीमत में उपलब्ध होगा। यह डील उन उपभोक्ताओं के लिए बिल्कुल परफेक्ट है जो फीचर फोन या 4जी स्मार्टफोन से अपग्रेड करना चाहते हैं। गैलेक्सी ए06 5जी किफायती कीमत पर संपूर्ण 5जी अनुभव प्रदान करता है। इसके अलावा, गैलेक्सी ए06 5जी खरीदने वाले उपभोक्ताओं को फेस्टिव डील के तहत 1,399 रुपये कीमत का सैमसंग 25डब्ल्यू ट्रैवल एडॉप्टर केवल 299 रुपये में मिलेगा। अधिक किफायती विकल्प चाहने वाले उपभोक्ता इस स्मार्टफोन को मात्र 909 रुपये प्रति माह की ईएमआई पर खरीद सकते हैं।

## पेज एक का शेष

### गोरखपुर में

राज करन नैयर ने कहा कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि तस्करों द्वारा ट्रक से दीपक को धक्का दिए जाने और उसके सिर में गंभीर चोट लगने के बाद उसकी मौत हुई होगी।

उन्होंने कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारण की पुष्टि होगी। मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस की पांच टीम आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। पुलिस के अनुसार इस विवाद में ग्रामीणों की पिटाई से एक तस्कर गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों के पथराव में पुलिस का एक अधिकारी भी घायल हो गया। मंगलवार तड़के युवक की मौत की खबर फैलते ही तनाव फैल गया। गुस्साये ग्रामीणों ने गोरखपुर-पिपराइच मार्ग जाम कर दिया, पुलिस पर पथराव किया और यातायात ठप कर दिया। वरिष्ठ अधिकारियों के आश्वासन के बाद पांच घंटे बाद जाम हटाया जा सका। मौके पर पुलिस बल और पीएसी तैनात कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, घटनाओं का सिलसिला सोमवार देर रात शुरू हुआ जब दो वाहनों से 10-12 तस्कर आए और कथित तौर पर दुर्गेश गुप्ता की फर्नीचर की दुकान तोड़ने की कोशिश की। इस दुकान की ऊपरी मंजिल पर एक ट्रैवल एजेंसी थी जहां उनका एक रिश्तेदार सो रहा था।

शटर तोड़ने की आवाज़ सुनकर, उसने दुर्गेश के बेटे दीपक को सूचित किया। पुलिस के मुताबिक, दीपक शोर मचाते हुए स्कूटर से मौके पर पहुंचा और लगभग 10-15 गांव वाले उसके पीछे दौड़े, जिससे घबराकर तस्करों ने गोलियां चला दीं और भागने की कोशिश की। पुलिस ने बताया, अफरा-तफरी में, उन्होंने दीपक को अपनी एक गाड़ी में घसीट लिया और भाग निकले। पुलिस के अनुसार, इस बीच, गांव वालें ने एक तस्कर को पकड़ लिया, उसकी गाड़ी में आग लगा दी और उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी।

### त्यौहारों से

पंचायती राज, नगर विकास, सिंचाई, गन्ना एवं चीनी विकास सहित विभिन्न विभागों से अब तक की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि सभी विभाग लक्ष्य की प्राप्ति में समान गति बनाएं और कमजोर प्रगति वाले विभाग और बेहतर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़कों की मरम्मत में तेजी की अपेक्षा जताई। नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगमों में अवस्थापना संबंधी कार्यों की धनराशि का समय से और सही उपयोग सुनिश्चित किया जाए। कार्य का आवंटन पारदर्शिता के साथ हो और कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो। अन्यथा की स्थिति में महापौरों के अधिकारों पर पुनर्विचार किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिस भी नगर निगम में ईईएसएल का बकाया है, उसका तत्काल भुगतान करा दिया जाए। सड़क नवीनीकरण कार्यों की समीक्षा में बताया गया कि 31,514 किमी लंबाई की सड़कों को इसमें शामिल किया गया है। लोक निर्माण विभाग ने इसमें 84.82 प्रतिशत प्रगति दर्ज की है। मुख्यमंत्री ने कहा किया कि नवीनीकरण कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है, इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में अवगत कराया गया कि रेस्टोरेशन एवं विशेष मरम्मत के अंतर्गत 2,750 किमी सड़कें चिन्हित की गई हैं। अधिकारियों ने जानकारी दी कि ग्रामीण विकास विभाग ने इसमें 62.99 प्रतिशत प्रगति दर्ज की है, नगर विकास विभाग ने 35.50 प्रतिशत और अवसंरचना एवं औद्योगिक विकास विभाग ने 48.77 प्रतिशत प्रगति दर्ज की है।

### टीईटी पर सुप्रीम

द्वारा उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता रहा है। ऐसे में उनकी योग्यता और सेवा के वर्षों को नजरअंदाज करना उचित नहीं है। भारत में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) एक अनिवार्य योग्यता परीक्षा है। हाल ही में, उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि जिन सेवारत शिक्षकों के पास टीईटी योग्यता नहीं है, उन्हें भी सेवा में बने रहने के लिए यह परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

### देहरादून में

स्थित है, खतरे के निशान के बहुत करीब बह रही है। गंगा और यमुना भी चेतावनी स्तर के करीब बह रही हैं। सुबह तमसा नदी तेज़ी से उफान पर आ गई, जिससे टपकेश्वर मंदिर पूरी तरह डूब गया और प्रवेश द्वार के पास स्थित विशाल हनुमान प्रतिमा कंधों तक डूब गई। मंदिर के पुजारी बिपिन जोशी ने बताया कि उन्होंने पिछले 25-30 सालों में नदी का पानी इतना ऊपर बहते नहीं देखा। उन्होंने कहा कि सौभाग्य से सुबह के समय जब बाढ़ आई, उस समय मंदिर परिसर में बहुत कम श्रद्धालु थे। उन्होंने कहा कि मंदिर में रहने वाले पुजारी सुरक्षित हैं। आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि प्रभावित इलाकों में टीम राहत और बचाव कार्यों में लगी हुई हैं, वहीं 300 से 400 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने बताया कि देहरादून के पौंधा क्षेत्र में देवभूमि संस्थान परिसर में जलभराव में फंसे लगभग 200 बच्चों को राज्य आपदा राहत बल (एसडीआरएफ) की टीम ने बचाया। उन्होंने कहा कि टिहरी में जलभराव के कारण गीता भवन में लोग फंस गए थे जिन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है।

### ऑपरेशन सिंदूर

गए थे। इसके अलावा 4 सहयोगियों की भी मौत हुई थी। मरने वालों में मसूद की बड़ी बहन और उसका पति, मसूद का भतीजा और उसकी पत्नी, मसूद की एक भतीजी और उसके पांच बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा मसूद के 4 सहयोगी भी मारे गए थे। हमले के वक्त मसूद मौके पर नहीं था, इस वजह से उसकी जान बच गई थी। बीबीसी उर्दू की रिपोर्ट के मुताबिक आतंकी मसूद ने परिवार के लोगों के मरने के बाद एक बयान भी जारी किया था। इसमें उसने कहा था कि मैं भी मर जाता तो खुशनसीब होता। मसूद अजहर सालों से बहावलपुर के चौक आजम इलाके के मरकज सुभानल्लाह नाम के कैंपस में ही रह रहा था।

### विजय विश्वास

मंडलायुक्त डॉक्टर रोशन जैकब को यहां से हटाकर सचिव, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन बनाया गया है। सौम्या अग्रवाल को मंडलायुक्त बरेली के पद से हटाकर मंडलायुक्त, प्रयागराज बनाया गया है। अनामिका सिंह को सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पद से हटाकर मंडलायुक्त, बरेली बनाया गया है। आईएएस सुहास एलवाई को सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के साथ महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। चैत्रा वी. को महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के पद से हटाकर महानिदेशक, आयुष, उत्तर प्रदेश बनाया गया है। नोएडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय कुमार खत्री को प्रभारी मुख्य कार्यपालक अधिकारी बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण बनाया गया है। इसी तरह कंचन वर्मा को महानिदेशक स्कूल शिक्षा के पद से हटाकर राजस्व परिषद का आयुक्त एवं सचिव बनाया गया है।

### कैसरबाग मछली

रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक घायलों में मोहम्मद रिजवान (25), मोहम्मद शोएब (27), मोहम्मद अरमान रसूल (34) और अभिषेक यादव (25) शामिल हैं। यहां जारी एक बयान के अनुसार लखनऊ की मंडलायुक्त रोशन जैकब अस्पताल पहुंचीं और घायल व्यक्तियों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। कैसरबाग के सब्ज़ी विक्रेता रामजी ने बताया कि मछली बाज़ार में पीपल का पेड़ दोपहर करीब एक बजे अचानक गिर गया।

### सतीश महाना

आयोजनकर्ता और खेल प्रेमी आपकी सराहना करते हैं। वहीं हार का सामना भी धैर्य और आत्मबल से करना होता है। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट देशभर से आए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को भी महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रहा है।

उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने अतिथिगण को स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि टूर्नामेंट में 27 राज्यों के 1396 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। यह टूर्नामेंट मेरे पूज्य पिता डॉ.अखिलेश दास गुप्ता की स्मृति में वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष आयोजित हो रहा है। हमारा प्रयास है कि आने वाले वर्षों में इस टूर्नामेंट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के रूप में स्थापित किया जाये। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आभार जताया, जिन्होंने बैडमिंटन को प्रदेश का खेल घोषित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का आशीर्वाद हमें प्रदेश में बैडमिंटन के विकास के लिए निरंतर मार्गदर्शन देता है।

उत्तर प्रदेश की स्टार शटलर मानसी सिंह ने योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल में क्वालीफायर महाराष्ट्र की मधुमिता नारायण को आसानी से 21-21-14 से हराकर अपने अभियान की बेहतरीन शुरुआत की। इसी के साथ मंगलवार से टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ के मुकाबलों की शुरुआत हो गयी।

भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन (बीएआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी में आयोजित टूर्नामेंट में दस लाख रुपये की प्राइजमनी रखी गयी है। शीर्ष वरीय मानसी सिंह अब अगले दौर में केरल की पवित्रा नवीन से भिड़ेंगी, जिन्होंने राजस्थान की तनीशा सिंह को 21-10, 21-13 से पराजित किया। महिला एकल में 13वीं वरीय यूपी की अमोलिका सिंह को क्वालीफायर के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। यूपी की तनीशा सिंह व तरनजीत कौर ने भी अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष एकल में यूपी के राजन यादव व क्वालीफायर अंश विशाल गुप्ता भी अगले दौर में पहुंच गये। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव डॉ. सुधर्मा सिंह, उपाध्यक्ष अरुण कक्कड़, कोषाध्यक्ष आनंद खरे, संयुक्त सचिव राजेश सक्सेना, लखनऊ बैडमिंटन संघ के सचिव अनिल ध्यानी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

जारी परिणाम के अनुसार पुरुष एकल में शीर्ष वरीय दिल्ली के जिनपॉल एस ने कर्नाटक के ध्यान संतोष को 21-12, 21-14 से हराया। यूपी के राजन यादव ने दिल्ली के अद्वित भार्गव को 21-19, 21-19 से और क्वालीफायर यूपी के अंश विशाल गुप्ता ने महाराष्ट्र के अथर्व जोशी को 21-19, 12-21, 21-11 से हराया। महिला एकल में 13वीं वरीय यूपी की अमोलिका सिंह ने क्वालीफायर से मुख्य ड्रॉ में पहुंची यूपी की ही सिमरन चौधरी को रोमांचक मुकाबले में 21-13, 19-21, 21-14 से शिकस्त दी। यूपी की तरनजीत कौर ने कर्नाटक की दिशा संतोष को 21-18, 21-7 से व तनीषा सिंह ने उत्तराखंड की लावण्या कार्की को 21-15, 21-18 से हराया। चौथी वरीय राजस्थान की साक्षी फोगाट ने अपने ही राज्य की सुहासी वर्मा को 25-23, 21-16 से शिकस्त दी। वहीं, मिश्रित युगल में कर्नाटक की शीर्ष वरीय असिथ सूर्या व अमृता पी. ने क्वालीफायर यूपी के दिव्यम अरोड़ा व दिल्ली की लिखिता श्रीवास्तव को 21-16, 22-20 से हराया। महाराष्ट्र के तीसरी वरीय फरोग संजय व अनघा ने यूपी के प्रदीप चौधरी व जम्मू-कश्मीर की उन्नति की क्वालीफायर जोड़ी को 21-14, 17-21, 21-17 से हराया। कर्नाटक के सुहास व दिल्ली की गार्गी सिंह ने यूपी के बालकेसरी यादव, आदित्या यादव को 21-19, 21-16 से हराया।




# बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को दिया 155 रनों का लक्ष्य

## तंजीद हसन की फिफ्टी, राशिद खान और नूर अहमद को 2-2 विकेट





अबुधाबी। बांग्लादेश ने एशिया कप 2025 के 9वें मैच में अफगानिस्तान के सामने जीत के लिए 155 रन की चुनौती पेश की है। अबू धाबी के शेख जयाद क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेशी टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 154 रन बनाए। ओपनर तंजीद हसन तमीम ने 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने इस एशिया कप में पहला अर्धशतक बनाया।

तमीम ने मोहम्मद सैफ हसन (30 रन) के साथ 63 रन की ओपनिंग साझेदारी करके टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई, लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद मिडिल ओवर में टीम ने धीमी गति से रन बनाए। तौहीद हदॉय ने 26 रन बनाए। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान और नूर अहमद को 2-2 विकेट मिले। एक विकेट अजमतुल्लाह उमरजई को मिला। बांग्लादेशी पारी के आखिरी ओवर से 9 रन आए। इस तरह अफगानिस्तान को 155 रन का टारगेट मिला। इसी ओवर में बल्लेबाज नुरुल हसन के पैर में चोट आई। 19वें ओवर की पहली बॉल पर बांग्लादेश ने 5वां विकेट गंवाया। यहां तौहीद हदॉय (26 रन) को अजमतुल्लाह उमरजई ने 19वें ओवर की पहली बॉल पर आउट किया। 16वें ओवर में बांग्लादेश ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर राशिद खान ने शमीम हुसैन को किया। उन्होंने अपने पहले ओवर में मोहम्मद सैफ हसन (30 रन) को बोल्ड किया। 13वें ओवर में बांग्लादेश ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर तंजीद हसन तमीम 52 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नूर अहमद ने इब्राहिम जादरान के हाथों कैच कराया। उन्होंने कप्तान लिटन दास (9 रन) को भी आउट किया। 12वें ओवर में तंजीद हसन तमीम ने फिफ्टी पूरी कर ली है। अल्लाह गजनफर के ओवर की 5वीं बॉल पर एक रन लेकर तंजीद ने फिफ्टी पूरी की। 11वें ओवर की पहली बॉल पर बांग्लादेश का दूसरा विकेट गिरा। यहां कप्तान लिटन दास 9 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें फील्ड अंपायर ने नॉटआउट दिया। ऐसे में राशिद खान ने रिव्यू मांगा और विकेट भी हासिल किया।

अफगानिस्तान : राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, इब्राहिम जादरान, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नईब, करीम जनत, अजमतुल्लाह उमरजई, नूर अहमद, अल्लाह गजनफर और फजलहक फारूकी।

बांग्लादेश : लिटन दास (कप्तान), तंजीद हसन तमीम, मोहम्मद सैफ हसन, तौहीद हदॉय, शमीम हुसैन, जाकिर अली, नुरुल हसन सोहन, नसुम अहमद, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान और तस्कीन अहमद।

# मंधाना फिर बनी दुनिया की नंबर एक वनडे बल्लेबाज



दुबई। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एक दिवसीय मैच में अर्धशतक जड़ने के दम पर मंगलवार को जारी आईसीसी की महिला बल्लेबाजों की नवीनतम वनडे रैंकिंग में नंबर एक स्थान फिर से हासिल कर लिया।

मंधाना ने मुल्लांपुर में तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में 63 गेंदों पर 58 रन बनाए, लेकिन उनका यह प्रयास टीम को जीत नहीं दिला पाया और ऑस्ट्रेलिया ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर 1-0 की बढ़त बना ली। वनडे में फिर से दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बनने से मंधाना का 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप से पहले आत्मविश्वास बढ़ेगा। मंधाना के लिए यह अर्धशतक काफी था जिससे उन्हें सात रेटिंग अंक मिले और वह इंग्लैंड की दिग्गज खिलाड़ी नैट साइवर-ब्रंट से चार अंक आगे हो गईं, जो दूसरे स्थान पर खिसक गईं। मंधाना के 735 जबकि साइवर-ब्रंट के 731 रेटिंग अंक हैं। मंधाना पहली बार 2019 में दुनिया के नंबर एक वनडे बल्लेबाज बनी थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 64 रन बनाने वाली सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल चार स्थान की छलांग लगाकर 42वें स्थान पर पहुंच गईं, जबकि शीर्ष क्रम की बल्लेबाज हरलीन देओल 54 रन की पारी की बदौलत 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए बाएं हाथ की बल्लेबाज बेथ मूनी नाबाद 77 रन की पारी की बदौलत तीन स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गईं, जबकि एनाबेल सदरलैंड (चार स्थान ऊपर) और फोबे लिचफील्ड (13 स्थान ऊपर) ने अर्धशतक जड़कर संयुक्त रूप से 25वां स्थान हासिल कर लिया है। इस मैच को उनकी टीम ने आठ विकेट से जीता था। ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज किम गार्थ और स्पिनर अलाना किंग एक-एक स्थान के सुधार के साथ एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर पहुंच गयी हैं, जो उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। पहले वनडे में एक विकेट लेने वाली भारतीय स्पिनर स्नेह राणा पांच पायदान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गईं हैं। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन नंबर एक गेंदबाज़ बनी हुई हैं।

### संक्षेप

## इस वर्ष मैं बेहतर खिलाड़ी बन गयी हूं: वैशाली

समरकंद (उज्बेकिस्तान)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने कहा कि यहां फिडे ग्रैंड स्विस खिताब उनके लिए महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है क्योंकि लगातार सुधार के प्रयासों के बावजूद पिछले साल उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। वैशाली लगातार दूसरी बार यह प्रतियोगिता जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई है। उन्होंने इस जीत से 40,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के अलावा अगले वर्ष के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी स्थान हासिल किया। वैशाली से जब 2023 में मिली जीत और हाल की जीत के बीच में तुलना करने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा कि यह कहना मुश्किल है कि कौन सी जीत बेहतर थी। 2023 में जब मैं संघर्ष कर रही थी तब मुझे जीत हासिल हुई थी और उसके बाद काफी चीज पटरी पर आ गई थी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी मैं बहुत मेहनत कर रही थी लेकिन परिणाम मेरे अनुकूल नहीं आ रहे थे, यह जीत बहुत महत्वपूर्ण है। दिव्या देशमुख और कोनेरू हम्पी के बाद वैशाली कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने वाली तीसरी भारतीय बनीं। वैशाली ने कहा कि पिछले दो वर्षों में मुझे काफी अनुभव हासिल हुआ। इस बीच कई ऐसे मुश्किल क्षण आए जिन्होंने मुझे एक खिलाड़ी और एक इंसान के रूप में मजबूत बनाया। अब मैं पहले से बेहतर खिलाड़ी बन गई हूं।

## विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के चौथे दिन भारत ने एक मुकाबला जीता, चार बाहर

जगरेब (क्रोएशिया)। भारत की युवा महिला पहलवान विश्व चैम्पियनशिप में संघर्ष करती नजर आईं और दो हारकर बाहर हो गई जबकि वैष्णवी पाटिल और प्रिया मलिक की उम्मीदें अभी दूसरे मुकाबले पर टिकी हैं। अंकुश को क्वालीफिकेशन दौर में नतालिया वराकिना ने 6 . 5 से हराया जबकि तपस्या को मैक्सिको की बर्था रोजास चावेज ने 4 . 2 से शिकस्त दी। वराकिना और चावेज अपने अगले मुकाबले हार गईं जिससे भारतीय पहलवानों के लिये भी दरवाजे बंद हो गए। वैष्णवी ने लाटविया की एल्मा जेडलेरे को 3 .। से हराया लेकिन मंगोलिया की दुनिया की पांचवें नंबर की पहलवान एंखजिन टी से क्वार्टरफाइनल में हार गई। वहीं 76 किलोवर्ग में प्रिया को इक्वाडोर की पांचवीं रैंकिंग वाली जेनेसिस रीसको वालदेज ने 4 . 2 से हराया। वालदेज अगर क्यूबा की मिल्याइमी डेला कोरिडाड मारिन पोट्राइल से अपना सेमीफाइनल मुकाबला जीत लेती है तो प्रिया को रेपेशॉज में जगह मिलेगी। पुरूषों के फ्रीस्टाइल वर्ग में सुजीत कलकल और विकी रेपेशॉज का फायदा नहीं उठा सके। सुजीत को अमेरिका के रीयल मार्शल रे वुड्स ने 7 . 5 से हराया जबकि विकी बुल्गारिया के अखमद मागामाएव के खिलाफ चित होकर हार गए।

# यूएई के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी पाक को



दुबई। अपनी कमजोरियों और बाहरी विवादों से जूझ रही पाकिस्तान की टीम को बुधवार को यहां एशिया कप में अपने अभियान को पटरी पर बनाए रखने के लिए ग्रुप ए के मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ करो या मरो मैच में खेल के हर विभाग में सुधार करना होगा।

भारतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तान के खिलाड़ियों के साथ हाथ नहीं मिलाने से पैदा हुए विवाद के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की है और पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार उसने धमकी दी है कि यदि जिम्बाब्वे के इस रेफरी को नहीं हटाया गया तो वह टूर्नामेंट से हट जाएगा। पाइक्रॉफ्ट को टूर्नामेंट के पाकिस्तान के अंतिम लीग मैच के दौरान मैच रेफरी की भूमिका निभानी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उसकी इस मांग को नामंजूर कर दिया है। भले ही यह फैसला प्रशासनिक स्तर का है लेकिन पाकिस्तान के खिलाड़ी इससे अपना ध्यान हटा पाएंगे ऐसा मुश्किल लगता है। लेकिन यह कहानी का केवल एक पहलू है, क्योंकि पाकिस्तान को मैदान पर इससे भी अधिक गंभीर समस्याओं का समाधान करना है। पाकिस्तान ने दो मैचों में एक जीत और एक हार दर्ज की है और फिलहाल वह दो अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। नेट रन रेट के आधार पर वह यूएई (दो अंक) से आगे है, लेकिन यहां एक भी चूक उसे बाहर का रास्ता दिखा देगी। भारत के खिलाफ सात विकेट की करारी हार ने इस पाकिस्तानी टीम की कमजोरी उजागर कर दी है। ओमान जैसी कमजोर टीम को बड़े अंतर से हराने के बाद पाकिस्तान को अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण टी-20 में विश्व चैंपियन भारत के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान के बल्लेबाजों के पास भारत के स्पिनरों कुलदीप यादव और अक्षर पटेल का कोई जवाब नहीं था। पाकिस्तानी बल्लेबाज स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के सामने भी मुश्किल में दिखे। पाकिस्तान के उभरते हुए खिलाड़ियों जैसे सैम अयूब, साहिबजादा फरहान और हसन नवाज ने ही कुछ प्रभाव छोड़ा था। यूएई के खिलाफ जीत हासिल करने पर पाकिस्तान सुपर 4 में जगह बना लेगा। भारत पहले ही इस ग्रुप से अगले चरण के लिए क्वालीफाई कर चुका है। पाकिस्तानी गेंदबाजों को भारतीय बल्लेबाजों की आक्रामकता और कौशल के सामने संघर्ष करना पड़ा। लेग स्पिनर अबरार अहमद ने ठीक-ठाक प्रदर्शन किया, लेकिन मोहम्मद नवाज जैसे गेंदबाजों को सफलता नहीं मिली।

# सिंधू चीन मास्टर्स के पहले दौर में जीती, शेट्टी हारे



शेनझेन (चीन)। स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां पहले दौर में डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसन को सीधे गेम में हराकर चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

युवा आयुष शेट्टी को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद पुरुष एकल के पहले दौर में छठे वरीय और दुनिया के पांचवें नंबर के चीनी ताइपे के खिलाड़ी चाउ टिएन चेन के खिलाफ 68 मिनट में 19-21 21-12 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। रुतविका गाडे और रोहन कपूर की मिश्रित युगल जोड़ी भी युइची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी के खिलाफ 17-21 11-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने जैकबसन को सिर्फ 27 मिनट में 21-4, 21-10 से हराया। भारतीय खिलाड़ी को यह जीत हांगकांग ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ हार के 10 दिन से भी कम समय बाद मिली है। इस साल हांगकांग ओपन सहित छह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं के पहले दौर में हार का सामना करने वाली सिंधू अच्छी लय में नजर आईं और इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने कुछ ही समय में अच्छी बढ़त बना ली और पहला गेम 10 मिनट से थोड़े अधिक समय में जीत लिया। दूसरे गेम में भी यही सिलसिला जारी रहा। पिछले दो मुकाबलों में डेनमार्क की खिलाड़ी को हराने वाली सिंधू ने 4-। की बढ़त बनाई लेकिन जैकबसन ने स्कोर 4-4 कर दिया। इसके बाद सिंधू ने अपने अनुभव और बेहतरीन तकनीक का नजारा पेश करते हुए प्रतिद्वंद्वी की चुनौती को ध्वस्त कर दिया। सिंधू ने लगातार छह अंक के साथ स्कोर 11-8 से 17-8 पर किया और फिर आसानी से कैच जीत लिया। पिछली बार जब दोनों खिलाड़ी मार्च में योनेक्स स्विस ओपन के शुरुआती दौर में भिड़ीं थी तो जैकबसन ने हार के बावजूद सिंधू को कड़ी टक्कर दी थी। युवा शेट्टी ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन चेन ने निर्णायक गेम आसानी से जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। शेट्टी की चेन के खिलाफ यह लगातार तीसरी हार है। इस साल ताइपे और अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में शेट्टी को हराने वाले चेन ने दबदबा बनाए रखा जबकि भारतीय खिलाड़ी ने भी दूसरा गेम जीतकर कड़ी चुनौती पेश की। निर्णायक गेम में एक समय दोनों खिलाड़ी 13-13 से बराबर थे जिसके बाद चेन ने लगातार चार अंक के साथ 17-13 की बढ़त बनाई और फिर आसानी से गेम और मैच जीत लिया। बीस साल के शेट्टी को हालांकि उस समय सांत्वना मिली जब वह बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 27वें स्थान पर पहुंच गए। वह हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे और इस दौरान दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी जापान के कोडाई नेराओका को भी हराया था।

# सर्वेश कुशारे विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में छठे स्थान पर रहे



तोक्यो। भारत के सर्वेश कुशारे मंगलवार को यहां विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ऊंची कूद स्पर्धा के फाइनल में अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए छठे स्थान पर रहे।

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ऊंची कूद स्पर्धा के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय 30 वर्षीय सर्वेश ने फाइनल में 2.28 मीटर का अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड के हामिश केर ने 2.36 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। उनका यह प्रयास मौजूदा सत्र में किसी भी खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कोरिया के सेंगह्योक वू 2.34 मीटर के सत्र में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि चेक गणराज्य के यान स्टेफेला ने 2.31 मीटर के प्रयास तीसरा स्थान हासिल किया। नाशिक के रहने वाले सेना के नायब सूबेदार कुशारे ने 2 . 28 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बाद दर्शकों की ओर देखकर कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की जय। पेरिस ओलंपिक खेल चुके कुशारे विश्व चैम्पियनशिप के लिये क्वालीफाई करने वाले भारत के पहले ऊंची कूद के खिलाड़ी हैं। वह 2022 एशियाई खेलों में पदक से मामूली अंतर से चूककर चौथे स्थान पर रहे थे। बुडापेस्ट में 2023 विश्व चैम्पियनशिप में वह क्वालीफिकेशन ग्रुप बी में 11वें और 33 प्रतियोगियों में कुल 20वें स्थान पर रहे थे।

# कोंस्टास की शतकीय पारी से ऑस्ट्रेलिया ए के पांच विकेट पर 337 रन, हर्ष दुबे को तीन विकेट



लखनऊ । सैम कोंस्टास की शतकीय पारी और पहले विकेट के लिए कैंपबेल केलावे के साथ 198 रन की साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ए ने पहले अनौपचारिक टेस्ट के शुरूआती दिन भारत ए के खिलाफ मंगलवार को यहां पांच विकेट पर 337 रन बना लिये।

हर्ष दुबे ने तीन विकेट लेकर मैच में भारत ए की कुछ हद तक वापसी कराई। दुबे ने 21 ओवर में 88 रन देकर तीन विकेट झटके। कोंस्टास ने भारतीय टीम के पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पदार्पण मैच में आक्रामक पारी से प्रभावित किया था। उन्होंने रणजी ट्रॉफी के रिकार्डधारी दुबे की गेंद पर आउट होने से पहले परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए 144 गेंद की पारी में 10 चौके और तीन छक्कों की मदद से 109 रन बनाये। इस 19 साल के खिलाड़ी को केलावे का शानदार साथ मिला जिन्होंने 97 गेंद में 10 चौके और दो छक्कों की मदद से 88 रन बनाये। कोंस्टास और केलावे की जोड़ी ने भारतीय टेस्ट गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा सहित अन्य गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक तेवर दिखा कर टीम को 38वें ओवर में 200 रन के करीब पहुंचा दिया। इस साझेदारी को गुरनूर बरार (47 रन पर एक विकेट) ने केलावे तनुष कोटियान के हाथों कैच कराकर तोड़ा। इस साझेदारी के टूटने के बाद क्रीज पर आये कप्तान नाथन मैकस्वीनी (एक) कुछ खास नहीं कर सके और दुबे का पहला शिकार बने। दुबे ने दायें हाथ के इस बल्लेबाज को पगबाधा करने के बाद कोंस्टास को भी बोल्ड कर पवेलियन की राह दिखाई। बायें हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद (46 रन पर एक विकेट) ने ज्यादा समय गंवाये बिना ऑलिवर पिक (दो) को पगबाधा किया तब लगा कि श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली भारत ए की टीम अब मैच पर पकड़ बना लेगी। कूपर कॉनली (70) और लियन स्कॉट (नाबाद 47) ने पांचवें विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी कर एक बार फिर से मैच पर ऑस्ट्रेलिया ए का दबदबा कायम कर दिया।

# विश्व चैंपियनशिप में अब चोपड़ा पर निगाह, खिताब का बचाव करने के लिए उतरेंगे

तोक्यो। भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा बुधवार को यहां क्वालीफिकेशन राउंड के साथ विश्व चैम्पियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान शुरू करेंगे जिसमें उन्हें पाकिस्तान के ओलंपिक स्वर्ण विजेता अरशद नदीम और जर्मनी के डायमंड लीग चैंपियन जूलियन वेबर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। चोपड़ा का लक्ष्य पुरुष भाला फेंक में विश्व चैंपियनशिप में अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने वाला तीसरा खिलाड़ी बनना होगा। उन्होंने 2023 में बुडापेस्ट में आयोजित की गई पिछली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्तमान में चोपड़ा के कोच जान जेलेंजी (1993, 1995) और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (2019, 2022) ने ही अब तक लगातार दो मौकों पर विश्व चैंपियनशिप का ताज जीता है। चोपड़ा 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार नदीम का सामना करेंगे जिससे उन्हें फ्रांस की राजधानी में दूसरे स्थान पर रहने का बदला लेने का मौका मिलेगा। नदीम ने पेरिस में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था, जबकि चोपड़ा का उस दिन सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.45 मीटर था और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। चोपड़ा और नदीम का मुकाबला बुधवार को नहीं होगा क्योंकि दोनों प्रतिद्वंद्वियों को क्वालीफाइंग दौर में दो अलग-अलग ग्रुप में रखा गया है। गुरुवार को फाइनल में उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है। वेबर, पीटर्स, कीनिया के 2015 के विश्व चैंपियन जूलियस येगो, त्रिनिदाद और टोबैगो के 2012 के ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वाल्कोट, चेक गणराज्य के अनुभवी जैकब वाडलेज और ब्राजील के लुईज़ दा सिल्वा बाकी स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं। यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक प्रतियोगिता होगी क्योंकि सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव मैदान पर नीरज के साथ शामिल होंगे, जो इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले देशों में सबसे बड़ी संख्या है। चोपड़ा को गत विजेता के रूप में वाइल्ड कार्ड दिया गया है, जबकि अन्य तीन ने विश्व रैंकिंग के जरिए क्वालीफाई किया। चोपड़ा को बुधवार को 19 सदस्यीय ग्रुप ए क्वालीफिकेशन राउंड में वेबर, वाल्कोट, वाडलेज और सचिन के साथ रखा गया है, जबकि 18 सदस्यीय ग्रुप बी में नदीम, पीटर्स, येगो, डा सिल्वा, रोहित, यशवीर और उभरते हुए श्रीलंकाई खिलाड़ी रमेश थरंगा पथिरगे शामिल हैं। जो खिलाड़ी 84.50 मीटर की दूरी तक पहुंचेंगे या सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ी गुरुवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे। बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में चोपड़ा ने 88.17 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था, जबकि नदीम (87.82 मीटर) और वाडलेज (86.67 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया था। भारत के 27 वर्षीय खिलाड़ी के लिए स्वर्ण पदक जीतना आसान नहीं होगा लेकिन यह वही स्टेडियम है जहां उन्होंने 2021 में ओलंपिक स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था।

# भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य

## मोदी सरकार भारत से मादक पदार्थों की समस्या के सफाये के लिए प्रतिबद्ध : अमित शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश से सभी प्रकार के नशीले पदार्थों का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मादक पदार्थ रोधी कार्य बल (एएनटीएफ) प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए, उन्होंने यह भी कहा कि मादक द्रव्यों के खतरे के खिलाफ कार्रवाई के पैमाने को बदलने का समय आ गया है ताकि आने वाले दिनों में और अधिक सफलताएं मिलें। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा आयोजित यह सम्मेलन मंगलवार को यहां शुरू हुआ। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित और महान राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इस सपने को साकार करने के लिए देश को पूरी तरह सुरक्षित होना होगा। शाह ने कहा कि मोदी सरकार देश से मादक पदार्थों के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक एक ऐसे भारत के निर्माण का दृष्टिकोण रखा है जो हर पहलू में दुनिया का नंबर एक और पूर्ण विकसित देश होगा - एक ऐसा सुरक्षित राष्ट्र जिसे कोई भी भेद न सके। इसके लिए, हमारे युवा सबसे बड़ी उम्मीद हैं, और अगर वे दृढ़ निश्चयी हों, तो कुछ भी असंभव नहीं है, क्योंकि वे किसी भी राष्ट्र की नींव होते हैं। शाह ने कहा कि दुनिया के कुछ हिस्सों में, लोगों ने राष्ट्र के विकास और नशीले पदार्थों के दुरुपयोग की चुनौती के बीच संबंध देखा है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, जिन दो क्षेत्रों से दुनिया भर में मादक पदार्थों की आपूर्ति होती है, वे हमारे बहुत करीब हैं। इसलिए, यही समय है कि हम इसके खिलाफ मजबूती से लड़ें। गृह मंत्री ने कहा कि पूर्ण विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवा पीढ़ी को नशे से बचाना बहुत जरूरी है। शाह ने कहा कि किसी भी महान राज्य की नींव उसकी युवा पीढ़ी होती है। शाह ने कहा कि तीन प्रकार के मादक पदार्थ गिरोह हैं - एक, जो देश के सभी प्रवेश बिंदुओं पर काम करते हैं, दूसरे वे हैं जो प्रवेश बिंदु से राज्य तक वितरण करते हैं, और तीसरे वे हैं जो छोटी दुकानों में नशीले द्रव्य बेचते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि इन तीन प्रकार के गिरोहों को करारा झटका देने का समय आ गया है। मेरा मानना है कि यह तभी संभव है जब मादक पदार्थों के खिलाफ काम करने वाले अधिकारी इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का फैसला करें। शाह ने देश के विभिन्न हिस्सों में जब्त 4,794 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थों को नष्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू की।

# भारत की पड़ोसी पहले नीति में मॉरीशस का विशेष स्थान : मुर्मू



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की और कहा कि अब अंतरिक्ष क्षेत्र और डिजिटल प्रौद्योगिकियों समेत नए क्षेत्रों में दोनों देशों का द्विपक्षीय सहयोग बढ़ रहा है। राष्ट्रपति भवन में रामगुलाम का स्वागत करते हुए मुर्मू ने कहा कि भारत की पड़ोसी पहले नीति, महासागर दृष्टिकोण और ग्लोबल साउथ के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में मॉरीशस का विशेष स्थान है।

राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि भारत और मॉरीशस के बीच साझेदारी व सहयोग हर क्षेत्र में निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि हाल ही में संबंधों को संवर्धित रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने में परिलक्षित होती है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत मॉरीशस सरकार की विकास से संबंधित प्राथमिकताओं का समर्थन कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नया विशेष आर्थिक पैकेज मॉरीशस की सरकार और लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होगा। मुर्मू ने कहा कि अस्पताल, सड़क, बंदरगाह विकास, रक्षा खरीद और संयुक्त निगरानी जैसी परियोजनाओं से बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी और आने वाले वर्षों में लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अब डिजिटल प्रौद्योगिकियों और अंतरिक्ष क्षेत्र समेत नए क्षेत्रों में भी द्विपक्षीय सहयोग बढ़ रहा है। बयान में कहा गया है कि बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि दोनों देशों के बीच संबंध अद्वितीय हैं, जो हमारे साझा इतिहास, भाषा, संस्कृति और मूल्यों में निहित हैं।

## संक्षेप

### ज़ेलेंस्की ने यूरोपीय वायु रक्षा प्रणाली की मांग की

कीव। रूसी सेना ने दक्षिणी यूक्रेनी शहर ज़ापोरिज्जिया पर रात भर रॉकेट से बमबारी की, जिसमें दो बच्चों सहित 13 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार यह जानकारी। वहीं, राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने यूरोपीय नेताओं से महाद्वीप को सुरक्षित बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी वायु रक्षा प्रणाली तैयार करने की गुजारिश की। ज़ेलेंस्की ने टेलीग्राम पर कहा कि पिछले दो सप्ताह में रूस ने यूक्रेन के भीतर लक्ष्यों पर 3,500 से अधिक ड्रोन, 2,500 से अधिक शक्तिशाली ग्लाइड बम और लगभग 200 मिसाइलें दागी हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपने यूरोपीय आकाश की संयुक्त सुरक्षा एक बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली से करें। इसके लिए सभी तकनीकें उपलब्ध हैं। राष्ट्रपति ने कहा, हमें निवेश और इच्छाशक्ति की ज़रूरत है, हमें अपने सभी साझेदारों से मज़बूत कार्वाई और फैसले चाहिए। क्षेत्रीय प्रमुख इवान फेदोरोव ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर बताया कि ज़ापोरिज्जिया में रूसी बमबारी से 20 से अधिक अपार्टमेंट इमारतें प्रभावित हुईं, जिससे आग लग गई। फेदोरोव ने कहा, हम 30 अगस्त को दुश्मन के हमलों से अब तक उबर नहीं पाए थे। हम अभी उन इमारतों और खिड़कियों की मरम्मत कर रहे हैं।

# आठ विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

शिलांग। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने अपनी गठबंधन सरकार के मंत्रिमंडल में मंगलवार को बड़ा फेरबदल किया जिसके तहत आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

नेशनल पीपुल्स पार्टी के टिमोथी डी शिरा, भाजपा के सनबोर शुल्लई, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी के मेतबाह लिंगदोह ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में शपथ ली। एनपीपी के वेलादमिकी शायला, सोस्थनीज सोहटुन और ब्रेनिंग ए संगमा तथा हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के मेथोडियस दखार और यूडीपी के लाहकमेन रिम्बुई को भी मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया। अधिकारियों ने बताया कि मेघालय मंत्रिमंडल में फेरबदल से पहले कुल 12 मंत्रियों में से आठ ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। एनपीपी नीत मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस सरकार के प्रमुख मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने यहां राजभवन में राज्यपाल सी एच विजयशंकर से मुलाकात की और मंत्रियों के इस्तीफे सौंपे। अपने पदों से इस्तीफा देने वाले आठ मंत्रियों में एनपीपी के अम्पारीन लिंगदोह, कॉमिंगोन यम्बोन, रक्कम ए. संगमा और अबू ताहिर मंडल, यूडीपी के पॉल लिंगदोह और किरमेन शायला, एचएसपीडीपी के शकलियार वारजरी और भारतीय जनता पार्टी के ए एल हेक शामिल हैं।

# हैदराबाद मुक्ति दिवस समारोह में शामिल होंगे राजनाथ सिंह



हैदराबाद। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को यहां परेड मैदान में केंद्र सरकार द्वारा आयोजित हैदराबाद मुक्ति दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

यह आयोजन 1948 में निजाम शासन के तहत पूर्ववर्ती हैदराबाद रियासत के भारतीय संघ में (17 सितंबर को) विलय की सालगिरह मनाने के लिए आयोजित किया जाता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सूत्रों ने मंगलवार को यहां कहा कि केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार भी समारोह में भाग लेंगे। भारतीय संघ के साथ हैदराबाद की पूर्ववर्ती रियासत के एकीकरण में पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमिका को याद करते हुए तेलंगाना भाजपा के अध्यक्ष एन रामचंद्र राव ने मंगलवार को लोगों से बड़ी संख्या में परेड मैदान में आयोजित समारोह में भाग लेने का आग्रह किया। केंद्र सरकार पिछले कई वर्षों से मुक्ति दिवस का आयोजन कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2023 में समारोह में भाग लिया था। इस बीच, तेलंगाना सरकार इस दिन को प्रजा पालना दिनोत्सवम के रूप में मनाएगी। 17 सितंबर, 1948 की तेलंगाना में अलग-अलग दलों द्वारा अलग-अलग व्याख्या की गई है।

# रूस ने किया बेलारूस के साथ सैन्य अभ्यास में परमाणु शक्ति का प्रदर्शन



मास्को। रूस ने बेलारूस के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान अपनी पारंपरिक और परमाणु सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया, जिससे पूर्वी यूरोप में नाटो के साथ तनाव और गहरा हो गया।

हाल के सप्ताहों में कई घटनाओं ने क्षेत्रीय अस्थिरता को और बढ़ा दिया है। इनमें पोलैंड में रूसी ड्रोन के प्रवेश को वहां के अधिकारियों ने जानबूझकर किया गया उकसावा करार दिया है। इसके जवाब में नाटो ने अपने पूर्वी हिस्से में वायु रक्षा तंत्र को मजबूत किया है। रूस और बेलारूस के बीच लंबे समय से नियोजित इस संयुक्त सैन्य अभ्यास जापाद 2025 में परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बमवर्षकों, युद्धपोतों, हजारों सैनिकों और सैकड़ों युद्ध वाहनों ने भाग लिया। इस अभ्यास में दुश्मन के हमले की स्थिति में संयुक्त जवाबी कार्वाई की तैयारी की गई, जिसमें परमाणु हथियारों के उपयोग की योजना और रूस की नई ओरेशनिक इंटरमीडिएट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल भी शामिल है। नाटो महासचिव मार्क रुटे ने मास्को की हाइपरसोनिक मिसाइल क्षमताओं का उल्लेख करते हुए कहा अब यह मान लेना सही नहीं होगा कि स्पेन या ब्रिटेन, एस्तोनिया या लिथुआनिया की तुलना में अधिक सुरक्षित हैं। उन्होंने ब्रसेल्स में कहा, आइए, यह स्वीकार करें कि 32 देशों वाले इस गठबंधन में हम सभी पूर्वी सीमा पर ही रहें। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस का हमला बेलारूस के साथ सैन्य अभ्यास के कुछ ही दिन बाद हुआ था। इस बार भी अभ्यास की प्रकृति और समय ने पोलैंड, लातविया और लिथुआनिया जैसे नाटो सदस्यों की चिंताएं बढ़ा दी हैं, जो बेलारूस की पश्चिमी सीमा से लगे हैं।

# गाजा शहर में इजराइल सेना का विस्तारित अभियान शुरू



यरुशलम। गाजा में रात भर हुए हवाई हमलों के बीच इजराइल की सेना ने मंगलवार को घोषणा की कि गाजा शहर में हमास के सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए उसका विस्तारित अभियान शुरू हो चुका है और निवासियों को दक्षिण की ओर जाने की चेतावनी दी।

इजराइल की सेना के प्रवक्ता अविचे एड्री की यह घोषणा रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि गाजा जल रहा है और इससे इजराइल-हमास युद्ध और तेज हो गया है, क्योंकि हफ्तों की कूटनीति के बावजूद कोई भी संभावित युद्धविराम और भी दूर की कौड़ी बना हुआ है। इसके अलावा, मंगलवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो इज़राइल से ऊर्जा संपन्न देश कतर पहुंचे, जहां उनके कतर के शासक अमीर से मिलने की योजना है, क्योंकि देश पिछले हफ्ते इजराइल के हमले से अब भी नाराज़ है, जिसमें पांच हमास सदस्य और एक स्थानीय सुरक्षा अधिकारी मारे गए थे। अरब और मुस्लिम देशों ने सोमवार को एक शिखर सम्मेलन में इस हमले की निंदा की, लेकिन उन्होंने इज़राइल को निशाना बनाकर कोई बड़ी कार्वाई करने से परहेज किया। इस तरह, इजराइल-हमास युद्ध में इजराइल के आचरण में किसी भी बदलाव के लिए कूटनीतिक दबाव बनाने की चुनौती पर ज़ोर दिया गया। हालांकि, मिस्र ने इज़राइल के खिलाफ अपनी भाषा को कठोर करते हुये मंगलवार को वर्षों में पहली बार उसे व्यापक रूप से दुश्मन कहा। रुबियो ने अपनी रवानगी से पहले इजराइल में पत्रकारों से बात करते हुए संकेत दिया कि गाजा शहर पर आक्रमण शुरू हो गया है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, हमें लगता है कि हमारे पास समझौते के लिए बहुत कम समय बचा है। हमारे पास अब महीने नहीं हैं, और शायद हमारे पास कुछ दिन और शायद कुछ हफ्ते ही बचे हैं, इसलिए यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने गाजा के लिए एक तीव्र सैन्य अभियान से उत्पन्न खतरों को स्वीकार करते हुए कहा, हमारी प्राथमिकता, हमारी पहली पसंद, यह है कि यह बातचीत के ज़रिए और समाधान के ज़रिए समाप्त हो।

## इंटरटेनमेंट...

# अभिनेता आलोकनाथ को सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तार से दिया संरक्षण




नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को हरियाणा में एक कथित संदिग्ध मार्केटिंग योजना से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में अभिनेता आलोक नाथ को गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने अभिनेता की याचिका पर हरियाणा पुलिस और अन्य को नोटिस जारी किया। नोटिस जारी करते हुए पीठ ने कहा, इस बीच, अगली सुनवाई तक प्रतिवादियों द्वारा याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं की जाएगी। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने इस मामले में अभिनेता श्रेयस तलपड़े को गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की थी। सोनीपत निवासी विपुल अंतिल (37) की शिकायत पर अभिनेता और ब्रांड एंबेसडर श्रेयस तलपड़े और आलोक नाथ सहित तेरह लोगों पर मामला दर्ज किया गया था। अंतिल ने आरोप लगाया कि दोनों अभिनेताओं ने ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड को ब्रांड एंबेसडर बन कर प्रचारित किया। मुरथल के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अजीत सिंह ने कहा था कि शिकायत एक मल्टी-मार्केटिंग कंपनी के खिलाफ थी, जिसकी जांच चल रही है। दोनों अभिनेताओं के बारे में, एसीपी ने कहा कि वे कथित तौर पर इसके ब्रांड एंबेसडर थे और पीड़ितों को ऐसी हस्तियों के नाम से निवेश करने के लिए लुभाया गया था। उन्होंने कहा शिकायत में उनका नाम था। एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। अब, उनकी भूमिका की जांच की जाएगी। अंतिल की शिकायत पर, भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 316 (2), 318 (2) और 318 (4) के तहत, आपराधिक विश्वासघात और धोखाधड़ी सहित विभिन्न अपराधों के लिए 22 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सोसाइटी ने वित्तीय योजनाओं के माध्यम से जनता को धोखा देने का गंभीर अपराध किया है। शिकायत के अनुसार, सोसाइटी का गठन बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम के तहत किया गया था और इसने 16 सितंबर, 2016 से हरियाणा सहित कई राज्यों में काम करना शुरू कर दिया था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि बेहतर रिटर्न का वादा करते हुए, सोसाइटी ने निवेशकों को आश्वासन दिया कि उनका पैसा सुरक्षित रहेगा और परिपक्वता राशि का भुगतान समय पर किया जाएगा। शिकायत में दावा किया गया कि उन्होंने शुरुआत में कुछ वर्षों तक ऐसा किया। इसमें आरोप लगाया गया है कि 2023 में, निवेशकों को परिपक्वता राशि का भुगतान मिलने में रुकावट आने लगी और सोसाइटी के अधिकारी सिस्टम अपग्रेडेशन का बहाना बनाकर देरी को सही ठहराने की कोशिश करते रहे।

# जनरल ने जूनियर एनटीआर से मिला यूएस कौंसल

मुम्बई। साउथ एक्टर जूनियर एनटीआर ने हैदराबाद में लॉरा विलियम्स से मुलाकात की। लॉरा विलियम्स ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस मुलाकात की जिक्र किया। लॉरा विलियम्स की पोस्ट पर जूनियर एनटीआर ने भी रिएक्शन दिया है। यूएस कौंसल जनरल लॉरा विलियम्स ने एक ट्वीट में लिखा, ह्य जूनियर एनटीआर का स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है। अमेरिका में शूट की गई उनकी हालिया फिल्म और अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की पार्टनशिप, भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों की मजबूती को दिखाते हैं। जूनियर एनटीआर ने भी लॉरा विलियम्स की पोस्ट पर रिएक्शन देते हुए ट्वीट किया, आपसे मिलकर और बातचीत करके अच्छा लगा।

# ऑस्कर विजेता निर्देशक रॉबर्ट रेडफोर्ड का निधन



प्रोवो (अमेरिका)। ऑस्कर विजेता अभिनेता, निर्देशक और सनडांस के संस्थापक तथा स्वतंत्र सिनेमा के जनक रॉबर्ट रेडफोर्ड का मंगलवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। प्रचारक सिंडी बर्गर ने एक बयान में कहा, रेडफोर्ड का निधन उताह के पहाड़ों में स्थित उनके आवास पर हुआ। वह स्थान जिसे वह प्यार करते थे और जहां वह अपने प्रियजनों के बीच थे। बयान में रेडफोर्ड के निधन के कारण का उल्लेख नहीं किया गया। वर्ष 1960 के दशक में सिनेमा जगत में अपनी पहचान बनाने वाले रेडफोर्ड 70 के दशक के सबसे बड़े सितारों में से एक थे, जिन्होंने द कैंडिडेट, ऑल द प्रेसिडेंट्स मैन और द वे वी वर जैसी फिल्मों में काम किया। रेडफोर्ड ने 1980 में आई उनकी फिल्म ऑर्डिनरी पीपल के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का ऑस्कर पुरस्कार जीता था।

# गिर रहा है पुरस्कार समारोहों का स्तर



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता मनोज वाजपेयी इस बात से निराश नहीं हैं कि फिल्म जोरम और सिर्फ एक बंदा काफी है में उनके दो सबसे प्रशंसित प्रदर्शनों को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में खासी सराहना नहीं मिली। अभिनेता का कहना है कि वह जो काम करते हैं, उसके लिए कोई उम्मीद नही रखते हैं। चार बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता वाजपेयी ने जोरम में फरार आदिवासी व्यक्ति दसरू की आकर्षक भूमिका के लिए फिल्म समीक्षकों के साथ ही प्रशंसकों से सराहना मिली। उन्होंने फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है, में एक शक्तिशाली धर्मगुरु को चुनौती देने वाले वकील का किरदार निभाया था। इस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ संवाद के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। यह पूछे जाने पर कि क्या अपने अभिनय के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार न जीत पाने से वह दुखी हैं, अभिनेता ने कहा कि उनके लिए इस सवाल का जवाब देना मुश्किल है।

वाजपेयी ने कहा, मैं अपने काम से, खासकर पुरस्कार समारोहों से, कुछ भी उम्मीद नहीं करता। सभी पुरस्कारों का स्तर गिर रहा रहे है, ये विश्वसनीयता खो रहे हैं। इसी वजह से, मैं कभी भी उम्मीद नहीं करता। उन्होंने कहा एक बात जो कभी नहीं भूली जाएगी, वह यह है कि जोरम एक बेहतरीन फिल्म है, जिसे सभी स्वीकार करेंगे, यह एक ऐसा अभिनय है जिसे मैं देखना पसंद करूंगा। जब मैं इसे देखता हूं, तो मुझे लगता है कि यह मैं नहीं हूं। यही वह एहसास है जिसके लिए कोई जीता है, और ऐसा करने के लिए किसी ने बहुत खून-पसीना बहाया है। अभिनेता ने कहा कि कई पुरस्कार समारोहों ने अपना नजरिया बदल दिया है। उन्होंने कहा, लेकिन वे ऐसा ही चाहते हैं, मुझे कोई शिकायत नहीं है। मैं कौन होता हूं इसकी शिकायत करने वाला?




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com